ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

25 अप्रैल, 2023
वैशाख, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 185

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


सूडान में फंसे भारतीयों को निकालने के लिए ऑपरेशन कावेरी शुरू, 500 लोग सूडान पोर्ट पहुंचे








## लैंड स्कैम: सीएम के प्रेस सलाहकार के पीएस के घर छापा और सात में से छह आरोपी फिर रिमांड पर

# पूर्व डीसी छवि रंजन से इडी ने 10 घंटे तक की पूछताछ

- कई सवालों में उलझे छवि रंजन, जवाब से संतुष्ट नहीं हुए अधिकारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची में सेना की जमीन के फर्जीवाड़ा में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने जांच तेज कर दी है। सोमवार को रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन (वर्तमान में समाज कल्याण विभाग के निदेशक) से इडी ने कार्यालय बुला कर पूछताछ की। इधर मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू के पर्सनल सेक्रेटरी (पीएस) उदय शंकर के ठिकाने पर छापेमारी की। वहीं, इस मामले में पूर्व में गिरफ्तार सात आरोपियों को इडी की विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से उनमें से छह को एक बार फिर रिमांड पर लिया गया, जबकि एक आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इडी सूत्रों की मानें तो गिरफ्तार आरोपियों से जमीन घोटाले से संबंधित कई महत्वपूर्ण तथ्य मिले हैं, जिस वजह से इडी ने एक बार फिर सात में छह आरोपियों को रिमांड पर लिया है। ताकि उनसे और पूछताछ की जा सके। उधर, पूछताछ में आइएएस छवि रंजन ने कुछ सवालों का जवाब दिया, जबकि कुछ सवालों में उलझे। उनके कई जवाब से अधिकारी संतुष्ट नहीं हुए। उन्हें फिर पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है।



**पूछताछ के बाद रात नौ बजे निकले छवि रंजन :** रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन सोमवार सुबह करीब 10:30 बजे ही इडी ऑफिस पहुंचे। उनसे 10 घंटे पूछताछ हुई। इस दौरान उनकी मेडिकल जांच भी करायी गयी। सूत्रों के मुताबिक इडी ने छवि रंजन से सेना की जमीन में फर्जीवाड़ा समेत अन्य जमीनों के बारे में पूछा। इसके अलावा इडी ने इसके जरिए काली कमाई, सेना जमीन रजिस्ट्री को लेकर रजिस्ट्रार की लिखित टिप्पणी पर भी अधिकारियों ने उनसे सवाल पूछे। छवि रंजन को पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों को आमने-सामने करके भी पूछताछ हुई। वह कई सवालों में उलझे और साफ जवाब नहीं दे पाये। गौरतलब है कि इडी ने दस्तावेज में जालसाजी कर जमीन की खरीद-बिक्री मामले में बीते 13 अप्रैल, 2023 को झारखंड, बिहार और बंगाल के करीब 22 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इसमें छवि रंजन के अलावा जमीन कारोबारी, बड़गाई अंचल के अंचल अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे। इडी ने सात लोगों को गिरफ्तार किया और छवि रंजन को पूछताछ के लिए बुलाया। छवि रंजन तीसरी बार समन के बाद सोमवार को इडी कार्यालय पहुंचे थे। इससे पहले इडी ने उन्हें 21 अप्रैल को बुलाया था, लेकिन छवि रंजन नहीं आये थे।

## उदय शंकर के ठिकाने से मिले जमीन संबंधित दस्तावेज

रांची (आजाद सिपाही)। सीएम के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू के खास सहयोगी (निजी सचिव) उदय शंकर के ठिकाने पर इडी के अधिकारी सुबह-सुबह पहुंचे। उदय शंकर का घर रांची में डोरंडा बाजार के पीछे बांग्ला स्कूल के समीप है। सूत्रों के मुताबिक छापेमारी में इडी को जमीन संबंधी कई कागजात मिले हैं। उदय शंकर के यहां से मिले दस्तावेज, मोबाइल डाटा आदि जमीन फर्जीवाड़ा जांच में अहम कड़ी साबित हो सकती है। गौरतलब है कि इडी साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में मनी लांड्रिंग की भी जाच कर रही है। इडी ने कुछ महीने पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी पूछताछ की थी। साथ ही उनके प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू को भी पूछताछ के लिए बुलाया था। बताया जा रहा है कि उदय की सीएमओ में अच्छी पहुंच है। उसका लगातार आना-जाना है। चर्चा है कि अवैध खनन और जमीन के मामले में कई अहम जानकारियों की पुष्टि के लिए छापामारी की गयी है। साथ ही चर्चा में यह भी है कि दो दिन पहले इडी ने रांची स्थित रजिस्ट्री कार्यालय से अनगड़ा प्रखंड के 0.88 एकड़ क्षेत्रफल के पत्थर खनन लीज से संबंधित दस्तावेज अपने साथ ले गयी थी। यह लीज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से संबंधित है। इससे संबंधित मामले में भी उदय शंकर के यहां से दस्तावेज और जानकारी मिलने की उम्मीद जतायी जा रही है। हालांकि इडी की तरफ से इसके बारे में आधिकारिक रूप से फिलहाल कुछ भी नहीं बताया गया है।

## छह आरोपियों से तीन दिनों तक पूछताछ करेगी इडी

रांची (आजाद सिपाही)। रांची के बरियातू स्थित सेना की जमीन और चेशायर होम रोड की भूमि की खरीद बिक्री के आरोपियों की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद उन्हें सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया। इडी ने छह आरोपियों से चार दिनों तक पूछताछ की इजाजत मांगी, लेकिन कोर्ट ने तीन दिनों की अनुमति दी। वहीं सातवें आरोपी फैयाज खान को कोर्ट ने जेल भेज दिया है। गौरतलब है कि इडी ने इस मामले में 13 अप्रैल को जमीने फर्जीवाड़ा मामले में 22 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस छापेमारी में इडी के हाथ कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी लगे थे। इसके बाद इडी ने सात लोगों को गिरफ्तार किया था। इनमें कारोबारी प्रदीप बागची, सीआइ भानु प्रताप, अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम शामिल हैं। इन लोगों से इडी ने नौ दिनों तक पूछताछ की। इनसे नौ दिनों की पूछताछ में एजेंसी को कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली, जिससे इस पूरे खेल के किंगपिन तक पहुंचने में आसानी होगी। इडी इस मामले में और पूछताछ करने के लिए छह लोगों की रिमांड अवधि को बढ़वाया है।







आजाद सिपाही
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,100 रु./10 ग्राम
चांदी 78,000 रु./प्रति किलो



# जमीन लूट की कहानियों से शर्मसार हो गया है झारखंड

## ▪ झारखंड में ऊंचे और प्रभावशाली लोगों के सामने हार गया है सिस्टम

## ▪ इडी की कार्रवाई से साफ हो गया है, इस प्रदेश की दुर्दशा का असली कारण

आजाद सिपाही विशेष

झारखंड में पिछले एक साल से प्रवर्तन निदेशालय की चल रही कार्रवाई ने खनिज संपदा से भरपूर इस खूबसूरत प्रदेश की दुर्दशा का कारण सामने ला दिया है। यह कारण है, झारखंड में जमीन की लूट-खसोट और इसमें शामिल ऊंचे और रसूखदार लोग। फर्जी दस्तावेज तैयार करा कर जमीन खरीदना-बेचना या अपनी कुर्सी का बेजा इस्तेमाल कर जमीन पर बलपूर्वक कब्जा करने की कहानियां जैसे-जैसे सामने आ रही हैं, झारखंड का सीना छलनी होता जा रहा है। यह सच है कि अलग राज्य बनने के बाद से ही इस प्रदेश में जो धंधा सबसे अधिक फला-फूला, वह है जमीन का कारोबार। राज्य का कोई कोना ऐसा नहीं बचा, जहां जमीन कारोबारी नहीं फैले और कोई ऐसा शहर-कस्बा नहीं बचा, जहां जमीन कारोबार के विवाद में हत्याएं नहीं हुईं। अरबों रुपये का यह कारोबार निजी जमीन से आगे बढ़ते हुए सरकारी जमीन तक पहुंच गया और गैर-मजरुआ के साथ-साथ जंगल, नदी और पहाड़ों पर कब्जा कर उसकी खरीद-बिक्री होने लगी। इतने फायदे का कारोबार देख कर स्वाभाविक रूप से इसमें बड़े लोगों की दिलचस्पी भी बढ़ी और उनकी खुली मदद से सरकारी और निजी जमीन की लूट का धंधा परवान चढ़ने लगा। पिछले दो-ढाई दशक से चल रहे इस बेलगाम खेल ने जहां झारखंड जैसे हरे-भरे प्रदेश को कंक्रीट के जंगल में बदल दिया, वहीं सरकार के खजाने को भी नुकसान पहुंचाया। इस खेल में रसूखदार लोग शामिल हुए, तो जमीन कारोबारियों का बचा-खुचा डर भी जाता रहा और अब स्थिति यहां तक पहुंच गयी है कि जमीन कारोबारी पुलिस बल को साथ लेकर बाकायदा जमीन पर कब्जा करने लगे हैं। इस पूरी कहानी का सबसे दुखद पहलू यह है कि ऐसे तमाम सौदों की जानकारी सार्वजनिक होने पर भी कोई कार्रवाई नहीं होती। चूंकि इन कहानियों के केंद्र में वही अधिकारी होते हैं, जिन पर जमीन की देखभाल की जिम्मेदारी होती है, तो कहीं कोई सुनवाई भी नहीं होती। झारखंड में जारी सरकारी-निजी जमीन की लूट और इसके सामने सिस्टम के सरेंडर होने की कहानी बयां कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह



झारखंड सचमुच संभावनाओं से भरा प्रदेश है। संभावनाएं सकारात्मक होती हैं, तो राज्य और समाज विकास के रास्ते पर आगे बढ़ता है, लेकिन यदि यही संभावनाएं नकारात्मक हो जायें, तो फिर राज्य के विकास को ब्रेक लग जाता है, जिससे सिस्टम भी पंगु बन जाता है। झारखंड की संभावनाएं मिली-जुली हैं, इसलिए यहां के विकास की गाड़ी रुक-रुक कर चलती है। 23 साल का युवा झारखंड अपने जिस्म पर कई घाव सह चुका है, लेकिन एक घाव, जो आज भी इस प्रदेश को असहनीय पीड़ा दे रहा है, वह है यहां की सरकारी जमीन की लूट-खसोट और फर्जी दस्तावेज के सहारे जमीन का अवैध कारोबार।

झारखंड बनने के बाद यहां जमीन का कारोबार सबसे अधिक फला-फूला। मुहल्ले के बेरोजगार युवा से लेकर प्रशासन और सरकार के ऊंचे स्तर तक के लोग और बड़े व्यवसायी तक इस कारोबार में शामिल हो गये। पहले यह कारोबार लुके-छिपे तरीके से चलता था, लेकिन जब प्रभावशाली लोग इसमें शरीक होने लगे, तो फिर यह पूरा खेल बेपर्दा हो गया। हालत यह हो गयी कि पुलिस-प्रशासन के अधिकारी और जवान भी इस कारोबार से जुड़ कर अंधाधुंध कमाई करने लगे। अब तो इस तरह की कहानियां भी सामने आयी हैं, जिनमें बाकायदा पुलिस बल की मदद से जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। प्रभावशाली और पैसेवाले लोग फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन खरीदने-बेचने लगे और झारखंड में ऐसे जमीन मालिकों की संख्या तेजी से बढ़ती गयी। निजी या रैयती जमीन के कारोबार को वैसे भ्रष्ट अधिकारियों की मदद से आगे बढ़ाया गया, जिन पर दस्तावेज तैयार करने का जिम्मा था। ये अधिकारी फर्जी दस्तावेज तैयार करने-कराने लगे और बदले में बेहिसाब संपत्ति इकट्ठा करने लगे। कारोबारियों-दलालों की नजर सरकारी जमीन पर पड़ी और देखते ही देखते सरकारी जमीन का भी सौदा बेरोक-टोक चलने लगा। राज्य सरकार के आंकड़े बताते हैं कि झारखंड में अब तक करीब 20 हजार एकड़ सरकारी जमीन बेची जा चुकी है और इन पर कंक्रीट की इमारतें खड़ी हो गयी हैं। इस 20 हजार एकड़ में जंगल भी थे, नदियां और तालाब भी थे और पहाड़ भी थे। इन प्राकृतिक संपदाओं का अस्तित्व ही खत्म हो गया। रांची, देवघर, हजारीबाग, गिरिडीह, कोडरमा, लोहरदगा, गुमला और बोकारो जैसे जिलों में तो इस कारोबार में रसूखदार लोगों ने खूब सक्रिय भूमिका निभायी।

झारखंड में कई जमीन सौदे तो इतने चर्चित हैं कि कई अधिकारी जांच के लपेटे में आ चुके हैं, हालांकि सब कुछ अभी जांच के दायरे में है। पिछले साल राज्य की एक आइएएस अधिकारी के कारोबारी पति द्वारा रांची में भुईंहरी जमीन पर बनाये गये आलीशान अस्पताल का मामला लोग अब तक भूले नहीं हैं। 2020 में यह मामला खूब उछला था। बुंडू इलाके में झामुमो ने आरोप लगाया था कि यहां एक पूरा मौजा ही नक्शे से गायब हो गया। लोगों के जेहन में चामा का मामला जीवित है, जिसमें जांच के आदेश तो हुए, लेकिन आज तक कोई परिणाम नहीं निकला है। लोग यह नहीं भूले हैं कि कांके के चामा में राज्य के तत्कालीन बड़े पुलिस अधिकारी और कई अन्य पुलिस अधिकारियों तथा अन्य प्रभावशाली लोगों ने गैर-मजरुआ जमीन को गलत तरीके से खरीदा और फिर अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर सरकारी दस्तावेज में हेराफेरी करा कर अपने नाम करा लिया। इतना ही नहीं, वहां आलीशान मकान भी खड़े हो गये। अभी इडी ने रांची में सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार कराने के मामले में कई लोगों को गिरफ्तार किया है और रांची के एक पूर्व डीसी छवि रंजन से पूछताछ कर रही है। चेशायर होम की एक जमीन का मामला भी खूब सुर्खियों में आया था।

ऐसा नहीं है कि यह सारा धंधा चोरी-छिपे हुआ। चूंकि इस कारोबार में पहुंच वाले लोग शामिल थे, इसलिए गड़बड़ियों की जांच के आदेश दिये गये, लेकिन वास्तविक जांच नहीं हुई। यदि हुई भी, तो फिर रिपोर्ट को ही कहीं दबा दिया गया। इसका एक ही उदाहरण काफी है।

रांची के बाहरी इलाके में नामकुम के पास राज्य के सबसे बड़े मॉल के मालिक ने खासमहाल की करीब साढ़े नौ एकड़ जमीन खरीद ली। यह जमीन उन्होंने कैसे खरीदी और उसकी अनुमति कहां से मिली, इसकी जांच हुई, लेकिन उस जांच का कोई परिणाम नहीं निकला। यह अलग बात है कि उक्त व्यवसायी के दूसरे जमीन सौदों की जांच भी अब हो रही है। झारखंड में जमीन घोटालों की जो भी जांच हुई है, उसमें एकाध अपवादों को छोड़ कर कभी कार्रवाई नहीं हुई। चाहे हजारीबाग का जमीन घोटाला हो या देवघर का, डालटनगंज में खासमहाल जमीन की बंदोबस्ती का मामला हो या लोहरदगा में वन भूमि बेचने का मामला, जांच के नाम पर केवल लीपा-पोती ही हुई।

ऐसे में सवाल यह है कि सरकारी जमीन की इतनी लूट आखिर क्यों और कैसे हुई। दरअसल, झारखंड में आदिवासी जमीन की खरीद-बिक्री पर लगी कानूनी रोक को इसका पहला कारण माना जाता है। सीएनटी-एसपीटी एक्ट के प्रावधानों के कारण यहां आदिवासियों की जमीन का हस्तांतरण एक पेंचीदी प्रक्रिया है। इसलिए कारोबारियों की निगाह सरकारी जमीन पर गड़ गयी। चूंकि इसमें उन्हें रसूखदारों का सक्रिय सहयोग मिला, तो रास्ता आसान हो गया।

यह सभी जानते हैं कि द्वापर से कलयुग तक भारतीय जन मानस में जमीन का बहुत महत्व रहा है। महाभारत का युद्ध जमीन को लेकर हुआ और आधुनिक युग में भारत का अपने पड़ोसियों से सीमा विवाद भी जमीन को लेकर ही है। जमीन को भारत के लोग मान-मर्यादा और प्रतिष्ठा से जुड़ा मानते हैं। इसलिए स्वाभाविक तौर पर भारत की राजनीति में भी जमीन का खासा महत्व है। यह महत्व झारखंड जैसे राज्य में और बढ़ जाता है, जहां आदिवासी-गैर-आदिवासी का कानूनी पेंच सामने रहता है।

अब, जबकि तमान जमीन सौदों की नये सिरे से जांच शुरू हो गयी है और इसके कारण इन सौदों में शामिल लोगों में खलबली मच गयी है, उम्मीद यही की जानी चाहिए कि इस बार दूध का दूध और पानी का पानी होकर रहेगा। लेकिन झारखंड के साथ यह विडंबना रही है कि यहां के हुक्मरान, कार्यपालिका और विधायिका से जुड़े लोग और आम जनता को पता है कि गड़बड़ी हुई है या हो रही है, लेकिन कहीं कोई सुगबुगाहट नहीं दिखती। राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप खूब होते हैं, लेकिन जांच की जहमत कोई नहीं उठाता।

---

### ममता से मिले नीतीश-तेजस्वी, 2024 की रणनीति पर हुई चर्चा

# साथ आने में कोई इगो नहीं, चाहती हूं भाजपा हीरो से जीरो हो जाये : ममता

**सभी को सतर्क होना है इसलिए हम सभी के साथ बातचीत कर रहे हैं: नीतीश**



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों को एकजुट करने के अपने प्रयास को आगे बढ़ाते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव सोमवार को कोलकाता पहुंचे। उन्होंने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात की। दोनों नेता एयरपोर्ट से सीधा राज्य सचिवालय नवान्न पहुंचे। यहां ममता, नीतीश और तेजस्वी के बीच बंद कमरे में बैठक हुई। बैठक में 2024 चुनाव की रणनीति और विपक्षी एकता को लेकर लंबी चर्चा हुई। इस दौरान क्षेत्रीय नेताओं ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए मिलकर तैयारी करने की जरूरत पर जोर दिया। नीतीश ने ममता से मुलाकात के दौरान विपक्षी दलों का गठबंधन बनाने की वकालत की। बैठक के बाद तीनों नेता मीडिया से भी रूबरू हुए।

#### नेताओं ने विपक्षी एकता की बात कही

संयुक्त संवददाता सम्मेलन में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि अब पता नहीं, ये इतिहास बदल देंगे या क्या कर देंगे? सभी को सतर्क होना है इसलिए हम सभी के साथ बातचीत कर रहे हैं। हमारे बीच बहुत अच्छी बात हुई है। आवश्यकता अनुसार हम भविष्य में अन्य पार्टियों को साथ में लाकर बातचीत करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं अपने लिए कुछ नहीं चाहता हूं। हमारी कोई निजी इच्छा नहीं है। हम पूरे देश के हित के बारे में सोच रहे हैं। अभी जो कुछ भी हो रहा है, लोग पूरे देश के इतिहास को बदलने के चक्कर में हैं। हम बस इतना चाहते हैं कि देश सुरक्षित रहे। अगर सब लोग एक साथ हो जायेंगे तो देश सुरक्षित हो जायेगा। हम इसके लिए ही काम कर रहे हैं। वहीं, बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि मैंने नीतीश जी से यही अनुरोध किया है कि जयप्रकाश नारायण का आंदोलन बिहार से हुआ था, तो हम भी बिहार में आल पार्टी मीटिंग करें। हमें एक संदेश देना है कि हम सभी एक साथ हैं। मैंने तो पहले ही कह दिया है कि मुझे इससे कोई एतराज नहीं है, मैं चाहती हूं कि भाजपा जीरो बन जाये।

#### ममता ने पहले भी किया था प्रयास

गौरतलब है कि पिछले कुछ महीनों में तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता भी 2024 के चुनाव में भाजपा के खिलाफ विपक्षी एकता के मुद्दे पर कई गैर-भाजपा और गैर-कांग्रेसी नेताओं के साथ बैठकें की हैं। इससे पहले पिछले महीने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कोलकाता के कालीघाट में ममता से मुलाकात की थी। बैठक में, दोनों नेताओं ने कांग्रेस से दूरी बनाये रखने और 2024 के चुनावों में भाजपा के खिलाफ क्षेत्रीय ताकतों की एकता पर फोकस करने पर सहमति व्यक्त की थी। अखिलेश से मिलने के ठीक बाद, ममता ओड़िशा दौरे पर गयीं। वहां मुख्यमंत्री व बीजू जनता दल के प्रमुख नवीन पटनायक के साथ बैठक की। इसके बाद कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री व जनता दल (सेक्युलर) के नेता एचडी कुमारस्वामी ने कोलकाता आकर ममता से मुलाकात की थी। इसके बाद पिछले हफ्ते ममता ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से फोन पर देश में विपक्ष शासित राज्य में राज्यपालों की भूमिका के खिलाफ विपक्षी ताकतों की एकता पर चर्चा की। हाल के दिनों में, ममता ने अपनी सभी जनसभाओं में इस बात पर जोर दिया है कि अगर विपक्ष एकजुट हो जाता है, तो भाजपा को हराना संभव है।

---

# जमीन विवाद को लेकर चली पांच राउंड गोली

**साहिबगंज (आजाद सिपाही)।** साहिबगंज में जमीन विवाद को लेकर गोली चली है। घटना जिरवाबाड़ी ओपी क्षेत्र अंतर्गत आजाद नगर स्थित की है। स्थानीय लोगों की मानें तो अपराधियों ने 5 से 6 राउंड गोलियां चलायी हैं। इस घटना में एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना है। मौके पर मौजूद लोगों ने आनन-फानन में घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सदर अस्पताल मे मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को बेहतर इलाज के लिए पश्चिम बंगाल के मालदा रेफर कर दिया है। इस मामले को लेकर ओपी प्रभारी चिरंजीत प्रसाद ने बताया कि जमीन विवाद मामले में गोली चली है। जिसमें आजाद नगर निवासी रंजीत कुमार मंडल पिता स्वर्गीय विश्वनाथ मंडल को गोली लगी है। पुलिस छापामारी कर रही है।

# गिरिडीह : दो युवकों के शव मिलने से फैली सनसनी

**दोनों मिल कर अवैध शराब की तस्करी किया करते थे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह और जमुई के सीमावर्ती गांव सिमराढाब में सोमवार की सुबह दो युवकों का शव गांव के मैदान में मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी है। ग्रामीण सुबह जब अपने कामकाज के लिए निकले, तो इस दौरान ग्रामीणों ने गांव के मैदान में दोनों शवों को देखा। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर बिहार के जमुई जिले के चकाई थाना और गिरिडीह के भेलवाघाटी थाना की पुलिस सिमराढाब गांव पहुंची। मामले की छानबीन के दौरान मामला फिलहाल बिहार के जमुई जिला का निकला, जिसके बाद चकाई थाना पुलिस ने अनुसंधान तेज किया। बताया जा रहा है कि मैदान में शव होने की सूचना पहले ग्रामीणों को मिली, जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। शुरूआती जांच में दोनों मृतक युवकों की पहचान जमुई के चरकापत्थर थाना क्षेत्र के मरकेंद गांव निवासी राम किशोर यादव और नवाभूला यादव के रूप में हुई है। पुलिस की छानबीन के दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने आशंका जतायी है कि दोनों युवकों की हत्या शराब के अवैध कारोबार के चलते हो सकती है, क्योंकि नवाभूला यादव और राम कुमार यादव दोनों लंबे समय से शराब के अवैध कारोबार में लिप्त थे।

---

### भाई के सामने से किशोरी का अगवा कर युवक ने किया था दुष्कर्म

# अब कोर्ट ने सुनायी 20 साल कैद की सजा

**पांच हजार का जुर्माना भी लगाया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय राजीव रंजन की अदालत ने किशोरी का अगवा कर दुष्कर्म करनेवाले आकाश राय उर्फ आकाश खोपड़ी को बीस वर्ष के कारावास की सजा सुनायी है। अदालत ने रेलवे कालोनी के पास हनुमान मंदिर गोल मार्केट निवासी आकाश को अपहरण की दो अलग-अलग धाराओं में दोषी पाते हुए सात-सात वर्ष की सजा के साथ पांच-पांच हजार रुपये जुर्माना भरने का आदेश दिया है। जुर्माना न देने पर इसे एक वर्ष अतिरिक्त कारावास की सजा काटनी होगी।

#### बीस साल कैद के साथ पंद्रह हजार का जुर्माना भी

अदालत ने इसे पोक्सो एक्ट की एक धारा में दोषी पाते हुए बीस वर्ष के कारावास की सजा के साथ पंद्रह हजार रुपये का जुर्माना किया है। जुर्माना न देने पर इसे एक वर्ष के कारावास की सजा काटनी होगी। अदालत ने सभी सजाएं साथ-साथ चलाने का आदेश भी दिया है। इस मामले में अभियोजन पक्ष से लोक अभियोजक वीरेंद्र कुमार ने बहस की। किशोरी की दादी की शिकायत पर बालीडीह थाना पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी की थी।

#### कोरोना वैक्सीन लगवाने गयी किशोरी के साथ हुई घटना

दादी ने बताया था कि उनकी पोती अपने भाई के साथ 10 जनवरी 2022 को कोरोना वैक्सीन लगवाने होली क्रास स्कूल गयी थी। यहीं पर स्कूल के गेट के पास से शादी की नियत से पोती का आकाश ने अगवा कर लिया। काफी प्रयास के बाद भी उसके बारे में जानकारी नहीं मिल सकी। इधर किशोरी को पुलिस ने खोजा। आकाश को पुलिस ने 2 मार्च 2022 को गिरफ्तार किया और अदालत में पेश किया।

#### सुनवाई के बाद अदालत ने सुनायी सजा

अदालत के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में मंडल कारा चास पुलिस ने भेजा। पुलिस ने उसके खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दायर किया। आरोप पत्र के बाद विचारण शुरू हुआ। विचारण के बाद अदालत ने उसे यह सजा सुनायी।

# पत्नी के बात न करने पर युवक ने वीडियो कॉलिंग के दौरान की खुदकुशी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के गावां थाना क्षेत्र के रहने वाले मो. शमशाद उर्फ सेमी (24) ने बेंगलुरु में वीडियो कॉलिंग के दौरान फांसी का फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। युवक के आत्महत्या करने के पीछे पत्नी से विवाद बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक गावां के मो. कमरुद्दीन का बेटा मो शमशाद बेंगलुरु के एक होटल में काम करता था। बताया गया कि सोमवार की सुबह वह अपनी पत्नी से मोबाइल फोन पर बातचीत कर रहा था। इसी बीच पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। गुस्से में पत्नी ने मोबाइल फोन का स्विच ऑफ कर दिया। युवक ने अपनी भाभी के मोबाइल फोन पर कॉल कर पत्नी से बातचीत कराने को कहा लेकिन पत्नी बातचीत करने के लिए राजी नहीं हुई। गुस्से में आकर युवक ने वीडियो कॉलिंग के दौरान ही फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली। वीडियो कॉलिंग के दौरान उसे फंदे से लटकता देखकर पत्नी, भाभी, मां समेत पूरा परिवार बेवश होकर देखते रह गये। घर में परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.6 °c | 19.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.13 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.22 बजे |



## सियासी बवाल: अश्लील वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा राज्य सरकार पर हमलावर

# बहुत हुई शेरो-शायरी, तत्काल इस्तीफा दें बन्ना गुप्ता: भाजपा

*रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के मंत्री बन्ना गुप्ता का कथित अश्लील वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा बन्ना गुप्ता और हेमंत सरकार पर हमलावर है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश समेत भाजपा के नेताओं ने इस मामले पर बन्ना गुप्ता से इस्तीफा देने की मांग की है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी बन्ना गुप्ता पर कार्रवाई करने और मामले की जांच कराने की मांग की है। उधर बन्ना गुप्ता की दलील है कि विपक्षियों ने उनका वीडियो एडिट करके उन्हें बदनाम करने की साजिश की है।*

## बन्ना का चाल-चरित्र सामने आ गया : दीपक प्रकाश



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि हेमंत सरकार के मंत्रिमंडल के सहयोगी और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बन्ना गुप्ता का चाल-चरित्र जनता के सामने आ गया है। युवराज राहुल गांधी और मुख्यमंत्री हेमंत क्या इस पर भी चुप्पी साधे रहेंगे या अपने साथी पर कोई ठोस कार्रवाई करेंगे? झारखंड की जनता को मंत्री पर कार्रवाई का इंतजार रहेगा।

## यह वीडियो सही है तो शर्म से डूब मरना चाहिए : निशिकांत



भाजपा विधायक निशिकांत दुबे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और जेएमएम बन्ना गुप्ता के इस कुकृत्य को छिपाने और बात को घुमाने का काम करती है तो शर्म से इनको डूब मरना चाहिए। महिला की बेइज्जती, अभद्र टिप्पणी और विवादित बयान कांग्रेस की संस्कृति है। अगर यह वीडियो सही है तो कांग्रेस के लिए डूब मरने वाली बात है।

## नैतिकता बची है तो तत्काल इस्तीफा दें : संजय सेठ



रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि झारखंड सरकार के कांग्रेसी मंत्री बन्ना गुप्ता ने लोकतंत्र, लोकतंत्र की मर्यादाओं और लोकलाज को शर्मसार करने का काम किया है। उनकी इस हरकत से राज्य की छवि और भी खराब हुई है। अब यदि थोड़ी भी नैतिकता बची है, तो जनता से माफी मांगते हुए, बन्ना गुप्ता तत्काल अपने पद से इस्तीफा दें।

## बहुत हो गयी भाषणबाजी, अब दिखायें नैतिकता : योगेंद्र प्रताप सिंह

**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा के सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि वीडियो वायरल होने के बाद भाषणबाजी करने के बजाये बन्ना गुप्ता नैतिकता दिखायें। शेरो-शायरी और दोहा-चौपाई का खेल बहुत हो गया।

बन्ना गुप्ता कभी अपने दायित्वों पर खरे उतरते नहीं दिखे। कभी लगा ही नहीं कि राज्य में कोई स्वास्थ्य मंत्री भी है। ऊपर से ऐसा शर्मनाक कृत्य। कांग्रेस और झामुमो इस मामले में संज्ञान ले।

## यह तो झांकी, पूरी पिक्चर अभी बाकी, बन्ना गुप्ता का मोबाइल जब्त करे पुलिस : सरयू राय



विधायक सरयू राय ने कहा कि कांग्रेस के झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय कह रहे हैं कि हेमंत सरकार में शामिल कांग्रेस के सभी मंत्री अच्छा काम कर रहे हैं। अच्छा काम की अभी यह तो एक झांकी है। हो सकता है कि पूरी पिक्चर अभी बाकी हो। इस एक एपिसोड के बाद कतार में कई खंड एपिसोड संभावित हो सकते हैं। जमशेदपुर पुलिस से सरयू राय ने आग्रह करते हुए कहा है कि लड़की को सुरक्षा दे, लड़की जमशेदपुर के एक फर्निचर हाउस में काम करती है। इसके मालिक पूर्व में बन्ना गुप्ता के साथ समाजवादी पार्टी में थे। पुलिस मंत्री बन्ना गुप्ता के मोबाइल को जब्त करे। बन्ना गुप्ता पर भी एफआइआर की जाये, क्योंकि वह वीडियो में साफ दिख रहे हैं। जमशेदपुर पुलिस यदि किसी दबाव में है, तो राज्य में कई बड़े सक्षम पुलिस पदाधिकारी हैं। सरकार इस मामले की जांच अनिल पाल्टा या मुरारी लाल मीणा जैसे वरिष्ठ पदाधिकारियों से कराये, ताकि सच्चाई सामने आ सके।

## 24 घंटे में जांच करवा कर दूध का दूध पानी का पानी करें सीएम : प्रतुल शाहदेव



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को संज्ञान लेकर इसपर कार्रवाई करनी चाहिए। मुख्यमंत्री की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि अपने कैबिनेट के मंत्री के वायरल वीडियो की जांच करवायें। जांच की रिपोर्ट 24 घंटे के अंदर आनी चाहिए। अगर वीडियो सही है तो मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए और अगर गलत है तो खंडन होना चाहिए।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा, सुख-सुविधा के साधन बनेंगे।

**वृष** लोकप्रियता का विस्तार,अधूरा कार्य पूरा होगामान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति।

**मिथुन** गुप्त विरोधियों का षड्यंत्र विफल होगा, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा।

**कर्क** गृहपयोगी वस्तुओं का संचय करेंगे, भौतिक सुख-सुविधा की प्राप्ति, पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा।

**सिंह** परिस्थितियों में सुधार, विगड़ा काम बनेगा, व्यवसाय में आशातीत लाभ, भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।

**कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**तुला** परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे, आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे।

**वृश्चिक** चिंतित मनोरथ की सिद्धि होगी, बिजनेस में शुभ परिवर्तन, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी।

**धनु** सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

**मकर** पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि, सामाजिक-राजनीतिक सम्पर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा।

**कुंभ** स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा, आमदनी में वृद्धि होगी,नया परिचय का क्षेत्र बढ़ेगा

**मीन** कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर, परिवार में महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा।

# पहले वीडियो की प्रमाणिकता की जांच होनी चाहिए: कांग्रेस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बन्ना गुप्ता प्रकरण पर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव और प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि पहले वीडियो की प्रमाणिकता की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस तरह से कोरोना काल में स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य की जनता के लिए काम किया है इससे स्वास्थ्य मंत्री की लोकप्रियता बढ़ी है। बन्ना गुप्ता की बढ़ती लोकप्रियता से हतोत्साहित भाजपा और विपक्ष की भी साजिश से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस मामले में मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। जल्द दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा। उन्होंने कहा कि इन सभी घटनाक्रम की जानकारी उचित फोरम के माध्यम से हाईकमान के संज्ञान में दी गयी है।

# सीएम के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू की माता का निधन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू की माता विमला देवी का सोमवार को निधन हो गया। वह काफी समय से बीमार चल रही थीं। दोपहर बाद उनकी अंतिम यात्रा पैतृक निवास शिवपुरी से निकाली गयी। शाम 4 बजे के बाद हरमू मुक्ति धाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अंतिम यात्रा में शामिल हुए। मुक्तिधाम पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की। हरमू मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार के समय सीएम हेमंत सोरेन समेत कई नेता और अधिकारी मौजूद रहे।

### बंधु तिर्की ने दी श्रद्धांजलि

रांची। झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू की माता विमला देवी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने परिवार के सदस्यों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। तिर्की ने मुक्तिधाम पहुंचकर पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सीएम ने दुख जताया:

अभिषेक प्रसाद पिंटू की माता विमला देवी के निधन सीएम हेमंत सोरेन ने ट्वीट किया, झामुमो नेता अभिषेक प्रसाद की माताजी आदरणीय विमला देवी जी का निधन अत्यंत पीड़ादायक है। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

## राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस

# झारखंड के गांवों के लिए सतत विकास लक्ष्य और स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक व्यवस्था को सशक्त बनाने पर जोर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के मौके पर सोमवार को पंचायती राज विभाग की ओर से आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा एवं सुशासन ग्राम पंचायत-सब जुड़ते जायें, पंचायत को आगे बढ़ाते जायें संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत पंचायत स्तर के कर्मियों के साथ बैठक की गयी। सामूहिक रूप से पंचायत को आगे बढ़ाने को कार्ययोजना का निर्माण किया गया। पंचायत एवं कर्मियों के बीच मासिक बैठक का निर्णय लिया गया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के जरिये बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं, बच्चों और अन्य को सम्मानित किया गया। पंचायतों में यह कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों, कर्मियों एवं समाज की भागीदारी के माध्यम से आयोजित किया गया। वैसे विभाग की ओर से 21 अप्रैल से ही लगातार अलग-अलग तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे थे। सतत विकास का लक्ष्य हासिल करने के उद्देश्य के साथ 21 अप्रैल को स्वच्छ पंचायत पर, 22 अप्रैल को सुशासन ग्राम पंचायत, 23 अप्रैल को हरा, स्वच्छ, जल प्रचुर एवं जल संपन्न पंचायत जैसे कार्यक्रम आयोजित हुए।

पंचायती राज दिवस पर पंचायती राज निदेशक निशा उरांव ने अपने संदेश में कहा कि पंचायत दिवस के दिन पंचायती राज व्यवस्था के 30 वर्ष पूर्ण हो गये हैं। स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक व्यवस्था को सशक्त बनाने से सरकारी योजनाएं सुदूर क्षेत्रों तक पहुंचेंगी। ग्रामीण क्षेत्रों का पूर्ण विकास होगा। राज्य और देश को विकसित बनाने के लिए गांव के स्वशासन व्यवस्था को भी मजबूत बनाना जरूरी है।

### केरल के अनुभवों का उपयोग

पंचायती राज विभाग के मुताबिक झारखंड में पंचायती राज व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लक्ष्य के साथ झारखंड विधान सभा के सदस्यगण, पंचायती राज, सीएसओ फोरम के प्रतिनिधि 19-23 अप्रैल तक केरल में पंचायती राज व्यवस्था के अध्ययन के लिए यात्रा पर रहे। इस दौरान सदस्यों ने केरल में पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत बनाने के संबंध में स्थानीय स्वशासन विभाग एवं किला (केरला इंस्टिट्यूट ऑफ लोकल एडमिनिस्ट्रेशन) के पदाधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। शैक्षणिक भ्रमण दल द्वारा प्रत्यक्ष जानकारी के लिए केरल के विभिन्न ग्राम पंचायतों का भ्रमण किया गया। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य केरल के अनुभव को झारखंड की पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए किया जायेगा। भ्रमण दल में विधायक सरयू राय, विनोद सिंह, समीर मोहंति, अमित मंडल, शिल्पी नेहा तिर्की, मथुरा महतो एवं लंबोदर महतो और अन्य भी शामिल थे।

## वायरल वीडियो पर कांग्रेस और सीएम अपनी स्थिति करें स्पष्ट : सरोज

**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह ने राज्य सरकार के स्वास्थ्य मंत्री और कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता बन्ना गुप्ता से संबंधित एक वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने और प्रकाशित खबरों को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया जतायी है। सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री और कांग्रेस पार्टी को इस संबंध में अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। आरोपित मंत्री उनके मंत्रिमंडल के वरिष्ठ सहयोगी हैं। सिंह ने कांग्रेस पार्टी की चुप्पी पर भी सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के युवराज राहुल गांधी का इस संबंध में कोई ट्वीट भी नहीं आना, कांग्रेस के चाल चरित्र को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस की ओर भी जनता देख रही कि ऐसे जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति के खिलाफ कांग्रेस पार्टी क्या कार्रवाई करती है।

# जय भारत सत्याग्रह के तहत प्रदेश कांग्रेस का उपवास 26 को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि 26 अप्रैल को रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समीप प्रदेश स्तरीय जय भारत सत्याग्रह के तहत उपवास कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने सोमवार को बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने इस संबंध में सभी जिला प्रभारी, प्रदेश महासचिवों को अपने अपने प्रभार जिला के जिला अध्यक्षों से समन्वय बनाकर अधिक से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करें। बता दें कि देश में बढ़ रही बेतहाशा महंगाई, बेरोजगारी, अडाणी मामलों को लेकर कांग्रेस पूरे देशभर में चरणबद्ध आंदोलन चला रही है। इसके तहत पूर्व में सभी जिला मुख्यालय में जय भारत सत्याग्रह, प्रखंड एवं पंचायतों में नुक्कड़ सभा आयोजित कर केंद्र सरकार के अलोकतांत्रिक चरित्र का विरोध किया जा रहा है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

## रियल लाइफ बेस्ड फिल्म 'अब दिल्ली दूर नहीं' 12 मई को देशभर के सिनेमाघरों में होगी रिलीज

# एक मेहनतकश परिवार के विद्यार्थी की कहानी महसूस होगी : एके मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** युवाओं के संघर्ष पर आधारित रियल लाइफ बेस्ड फिल्म अब दिल्ली दूर नहीं आगामी 12 मई को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कमल चंद्रा की इस फिल्म का नॉलेज पार्टनर है देश का प्रसिद्ध संस्थान चाणक्य आइएएस एकेडमी। इसमें इमरान जाहिद व श्रुति सोढ़ी जैसे सितारों से सजी इस फिल्म को लेकर सोमवार को रांची के लालपुर स्थित चाणक्य आइएएस एकेडमी सभागार में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

इसमें फिल्म के मुख्य किरदार निभाने वाले झारखंड के लाल इमरान जाहिद, चाणक्य आइएएस एकेडमी के चेयरमैन व सक्सेस गुरु एके मिश्रा व संस्थान के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा मौजूद रहे।

### आइएएस गोविंद जायसवाल से प्रेरित है फिल्म

चाणक्य आइएएस एकेडमी के चेयरमैन व सक्सेस गुरु एके मिश्रा की प्रस्तुतिकरण फिल्म अब दिल्ली दूर नहीं एक इमोशनल-ड्रामा फिल्म है, जो एक मोटिवेशनल कहानी पर आधारित है। इस फिल्म की ज्यादातर शूटिंग दिल्ली के मुखर्जी नगर, दिल्ली विश्वविद्यालय, चाणक्य आइएएस एकेडमी के दिल्ली की सभी शाखाओं में, कमलानगर, राजेंद्रनगर, कनॉट प्लेस, तिहाड़ जेल और गोविंदपुरी पुलिस स्टेशन जैसी जगहों पर की गयी है। फिल्म के कुछ हिस्सों को नोएडा में भी फिल्माया गया है। इस फिल्म का निर्माण शाइनिंग सन स्टूडियो के विनय भारद्वाज और संजय मवार ने किया है। फिल्म की कहानी दिनेश गौतम ने लिखी है और निर्देशन कमल चंद्रा ने किया है। दरअसल फिल्म अब दिल्ली दूर नहीं एक रिक्शा चालक के बेटे की कहानी से प्रेरित है, जिसका नाम गोविंद जायसवाल है। इनका चयन सिविल सेवा परीक्षा 2007 में बतौर आइएएस के रूप में हो चुका है। उस वक्त देश भर में इसकी काफी चर्चा हुई थी। प्रेस वार्ता के दौरान फिल्म के अभिनेता इमरान जाहिद ने उन्होंने बताया कि दरअसल यह फिल्म चाणक्य आइएएस एकेडमी के चेयरमैन व सक्सेस गुरु एके मिश्रा की अपने 30 वर्षों के संघर्षों की अवधारणा पर आधारित है, जो युवाओं को प्रेरित करने के साथ-साथ काफी प्रभावित करेगी।




जाहिद ने बताया कि इस फिल्म के जरिए सक्सेस गुरु के लंबे अनुभव को भी साझा किया गया है, जो फिल्म को और भी खास बना देता है। वहीं चाणक्य आइएएस एकेडमी के चेयरमैन व सक्सेस गुरु एके मिश्रा ने बताया कि 30 वर्षों के संघर्षों के उतार-चढ़ाव के बाद सफलता की लंबी लकीर वाकई युवाओं के लिए प्रेरणादायी हो सकती है, लेकिन यह भी सच है कि जब फिल्म रिलीज होगी और इसे आप देखेंगे तो अब दिल्ली दूर नहीं हर एक मेहनतकश परिवार के विद्यार्थी की कहानी महसूस होगी। दरअसल यह फिल्म ऐसे तमाम युवाओं की कहानी को जोड़ पायेगा, जो एक छोटे से इलाके से जाकर दिल्ली जैसे महानगर में संघर्ष करता है और अपनी मंजिल हासिल करता है। सक्सेस गुरु ने बताया कि यह फिल्म साबित करता है कि हमारी नियति तय करने की क्षमता सितारों में नहीं, बल्कि खुद में होती है। इसलिए इस फिल्म को लेकर यह कहा जा सकता है कि यह फिल्म मेहनतकश युवाओं के संघर्ष से लेकर सफलता हासिल करने तक की कहानी है।

**AFFIDAVIT**

As per affidavit Ref. No. 80 dated 21.04.2023 I, PARSHURAM CHOUDHARY, aged about 50 years, Resident of Q.No. D-72, P.o. - Dhurwa, P.s. - Dhurwa, District - Ranchi, Jharkhand - 834004, do hereby solemnly affirm and declare that the statements given below are all true and correct to the best of my knowledge and belief.

1. That PIYUSH KUMAR is my son. His date of birth is 16 February 2008.
2. That my above named son PIYUSH KUMAR has appeared for Matriculation Examination in the year 2023.
3. That due to some mistake my son's name was wrongly entered as PIUSH KUMAR in school records.
4. That my son's actual and real name is PIYUSH KUMAR with birth date as 16 February, 2008 bearing Aadhar no. 599976249645.
5. That it is well within my knowledge that my son's actual and real name is PIYUSH KUMAR.
6. That I am executing this affidavit for the purpose of enter my son's actual name PIYUSH KUMAR.

**AFFIDAVIT**

As per affidavit Ref. No. 79, dated 21.04.2023 I, VIJAY KUMAR SINGH, aged about 50 years, Resident of Q. No. B /48, P.O. - Dhurwa, P.S. Dhurwa, District - Ranchi, Jharkhand 834004, do hereby solemnly affirm and declare that the statements given below are all true and correct to the best of my knowledge and belief.

1. That AMAN RAJ is my son. His date of birth is 06 February 2007.
2. That my above named son AMAN RAJ has appeared for Matriculation Examination in the year 2023.
3. That due to some mistake my son's date of birth was wrongly entered as 06 JUNE 2007 in school records.
4. That my son's AMAN RAJ actual birth date is 06 February, 2007 bearing Aadhar no. 478559700149.
5. That it is well within my knowledge that my son's actual and real date of birth is 06 February 2007.
6. That I am executing this affidavit for the purpose of enter my son's actual date of birth 06 February, 2007.

**AFFIDAVIT**

As per affidavit Ref. No. 78, dated 21.04.2023 I, MD. TAUFIQUE ALAM, S/O NEZAMUDDIN ANSARI, aged about 50 years, Resident of vill Sithiyo, p.o. Sithiyo, P.S. - Dhurwa, District- Ranchi, Jharkhand 834004, do hereby solemnly affirm and declare that the statements given below are all true and correct to the best of my knowledge and belief.

1. That TAMANNA PARWEEN is my daughter. Her date of birth is 14 MAY 2005.
2. That my above named daughter TAMANNA PARWEEN passed Matriculation Examination in the year 2021.
3. That due to some mistake my name was wrongly entered as TAUFIQUE ALAM in my daughter's certificates.
4. That my actual and real name is MD. TAUFIQUE ALAM as entered in my Aadhar no. 557897317907.
5. That it is well within my knowledge that my actual and real name is MD. TAUFIQUE ALAM
6. That I am executing this affidavit for the purpose of entering my actual name MD. TAUFIQUE ALAM in my daughter's CERTIFICATES.

आजाद सिपाही
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel



# राज्यपाल से मिले मुख्य न्यायाधीश



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्रा ने राजभवन में मुलाकात की। राजभवन के अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यह शिष्टाचार भेंट थी।

# रांची में निकाला गया आक्रोश मार्च



आजाद सिपाही संवाददाता

### भगत सिंह की प्रतिमा को स्थापित करने की मांग

**रांची।** रांची में मोराबादी स्थित भगत सिंह की प्रतिमा को जिला प्रशासन द्वारा हटाये जाने के विरोध में पिस्का मोड़ और ओटीसी मैदान में आक्रोश मार्च निकाला गया। आक्रोश मार्च निकाल कर भगत सिंह की प्रतिमा को सम्मानपूर्वक स्थापित करने के लिए युवाओं ने जम कर प्रदर्शन किया। युवाओं का कहना है कि जब तक भगत सिंह की प्रतिमा को स्थापित नहीं कर दिया जाता, तब तक वह आक्रोश मार्च निकाल कर प्रदर्शन करते रहेंगे। आक्रोश मार्च का नेतृत्व भवानी सेना अध्यक्ष रवि राजपूत, भवानी सेना पिस्का मोड़ मंडल प्रमुख उद्देश्य चौधरी, मोहित सिंह और सेजल तिवारी कर रहे थे। इस आक्रोश मार्च में सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने भाग लिया। आपको बता दें कि रांची में पिछले कुछ दिनों से भगत सिंह की प्रतिमा को जिला प्रशासन द्वारा हटाये जाने के विरोध में लोगों में लगातार आक्रोश दिख रहा है।

# प्रतिनियुक्ति पर भेजने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार को लिखा पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) में एसपी रैंक के अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर भेजने के लिए गृह मंत्रालय ने झारखंड सरकार को पत्र लिखा है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के अवर सचिव संजीव कुमार की ओर से लिखे पत्र में एनसीएसटी में एसपी के पद के लिए इच्छुक और योग्य आइपीएस अधिकारियों के नामांकन मांगे गये हैं। राज्य सरकार से अनुरोध किया गया है कि उपरोक्त पद और विषय के लिए उनकी उपयुक्तता का आकलन करने के लिए इच्छुक और पात्र आइपीएस अधिकारियों के नाम जल्द से जल्द मंत्रालय को भेजें।

## 'आविर्भाव' का उद्घाटन समारोह

# प्रतिभा का निवेश राष्ट्र के लिए समर्पित हो : सुदेश



आजाद सिपाही संवाददाता

### नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के वार्षिक खेल और सांस्कृतिक महोत्सव में शामिल हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री

**रांची।** पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा है कि प्रतिभा का निवेश राष्ट्र के लिए समर्पित हो। कानून की पढ़ाई बड़ी है और इसमें अहम जिम्मेदारी भी है। अगर इन दोनों को गांव के साथ थोड़ा कनेक्ट करें, तो लोगों को कानून का दायरा पता चलेगा।

उनके लिए न्याय हासिल करना भी आसान होगा। तब एक बदलाव का वातावरण बनेगा और कानून पढ़ने-पढ़ाने वाले इसके वाहक साबित होंगे। महतो सोमवार को रांची स्थित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के वार्षिक खेल और सांस्कृतिक महोत्सव 'आविर्भाव' के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि बेहतर कल को आकार देने में लॉ ग्रेजुएट्स की भूमिका अहम है। वे विषयों को तार्किक, बौद्धिक और वैचारिक रूप से रखने में सक्षम हैं। इस यूनिवर्सिटी से वे आग्रह करना चाहेंगे कि अपने ज्ञान और तजुर्बा के साथ कुछ वक्त गांवों को दें तो एक बदलाव देखने को मिलेगा।

उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स और कल्चर लोगों को जोड़ने के बेहतरीन माध्यम हैं। ये आपसी समन्वय और लगाव बढ़ाते हैं। कई क्षेत्रों की पहचान इन्हीं विषयों और चीजों से होती हैं। उन्होंने कहा मैं खुद भी एक खिलाड़ी रहा हूं और इस परिसर-समारोह में खेलने की इच्छा भी है पर वक्त की पाबंदी है। उन्होंने कहा कि यह जानकर खुशी हुई कि कई कमियों के बीच नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी रांची ने देश में 22 वां रैंक स्थापित किया है।

समारोह में कांके के विधायक समरी लाल, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो केशवारांव वराकुल्ला, आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, रांची जिलाध्यक्ष संजय महतो, मुजिबुल रहमान इत्यादि मुख्य रूप से मौजूद थे।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची ने अपने परिसर में एथिक्स एंड इंटिग्रीटी विषय पर दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम की मेजबानी की। इस कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में सूरज शर्मा, चिन्मय विद्यालय, बोकारो के प्रधानाचार्य और अक्षय अग्रवाल, चीफ फैसिलिटेटर, रिसर्च एंड एनालिस्ट, माउंट लिटेरा जी स्कूल, जमशेदपुर उपस्थित हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाध्यापिका परमजीत कौर और दोनों रिसोर्स पर्सन ने सम्मिलित रूप से किया। सत्र में रांची और उसके आस-पास के विभिन्न विद्यालयों से 58 शिक्षकों ने बड़े जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। उन्हें विभिन्न नवीन शिक्षण पद्धतियों के बारे में बताया गया, जिन्हें वे क्षमता-आधारित शिक्षा की सुविधा के लिए अपनी कक्षाओं में ले जा सकते हैं। इस सत्र में शिक्षक और शिक्षार्थियों को नयी शिक्षण नीति और अन्य शैक्षिक गुणों के संबंध में बताया गया, जो नैतिकता और सत्यनिष्ठा के अनुप्रयोग की आवश्यकता पर बल देती है। विद्यालय के कार्मिक और प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने में स्कूल के समर्पित प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या परमजीत कौर ने शिक्षार्थियों को बच्चों को ध्यान में रखते हुए स्कूलों में पाठ्यचर्या संचालन करने और स्वयं को सभी शैक्षणिक कौशलों से अवगत रखने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने छात्रों को नैतिकता सिखाने के महत्व पर भी जोर दिया।

# पार्टी से निकाल सकते हो, झारखंड की माटी से नहीं : लोबिन हेंब्रम

### झारखंडी समाज के हक और अधिकार के लिए संघर्ष करता रहूंगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड बचाओ मोर्चा के तत्वावधान में पुराना विधानसभा मैदान एचइसी-2 में जमीन खतियान बचाओ महाअभियान में झारखंड बचाओ मोर्चा के प्रधान मुख्य संयोजक विधायक लोबिन हेंब्रम ने कहा कि पार्टी से निकाल सकते हो, झारखंड की माटी से नहीं। जब तक सांस चलती रहेगी अंतिम सांस तक झारखंडी समाज के हक और अधिकार के लिए संघर्ष करता रहूंगा, चाहे इसके लिए मुझे कोई भी कीमत चुकानी क्यों न पड़े। उन्होंने आगे कहा कि राज्य निर्माण के बाद झारखंड के आदिवासियों की जल, जंगल और जमीन बड़े स्तर पर लूटी जा रही है। सरकार चाहे किसी की भी हो लूटने वाले लोगों को संरक्षण देकर लूट को बढ़ावा देने का काम कर रही है। चाहे भाजपा की सरकार हो, चाहे हेमंत सोरेन की सरकार हो सभी सरकारों ने झारखंड के आदिवासी और मूलवासी समाज को लूटने का काम किया। इस दौरान लोबिन हेंब्रम के तेवर काफी तल्ख नजर आये। लोबिन ने एक बार फिर अपने ही सरकार के खिलाफ बयानबाजी की। रांची स्थित पुराना विधानसभा में जमीन खतियान बचाओ महाजुटान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जहां पीड़ितों ने भी अपनी बातों को रखा। विधायक ने कहा कि हर हाल में जमीन बचाना है। झारखंडियों, आदिवासियों, मूलवासियों के लिए और कोई उपाय नहीं है। यहां के लोगों को जगाने का काम करेंगे और सरकार को आईना दिखाने का काम करेंगे। चाहे कोई भी कानूनी पेंच आये झारखंडियों को हर हाल में अपनी पहचान चाहिए। जो बिना खतियान के नहीं मिल सकती, 1932 ही हमारी पहचान है।

### बीजेपी में जाने से लोबिन का इनकार

पिछले कई महीनों से अपने ही सरकार के खिलाफ इस तरह के तेवर और बीजेपी में जाने को लेकर उठ रहे सवाल पर लोबिन हेंब्रम ने कहा कि वह जेएमएम छोड़कर कहीं नहीं जा रहे, लेकिन अगर सरकार झारखंडी जन भावनाओं का ख्याल नहीं रखेगी तो बगावत तो करनी पड़ेगी। वहीं इस अवसर पर झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक विजय शंकर नायक ने कहा कि अब झारखंड को बचाने का समय आ गया है। झारखंड के आदिवासी, मूलवासी समाज को संगठित होकर विधायक लोबिन हेंब्रम के नेतृत्व में गोल बंद होना होगा और आने वाले समय में झारखंड के हितों की रक्षा करने के लिए हमें जल, जंगल और जमीन की लड़ाई तेज करनी होगी।

# कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में भाषण प्रतियोगिता




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल कांके रोड में बच्चों में साइबर जागरूकता लाने के उद्देश्य से सोमवार को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के साइबर क्लब द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने 'साइबर सिक्योरिटी- नीड ऑफ द टाइम' तथा बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने 'रोल ऑफ डेटा इन कंप्यूटर' विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये। मौके पर प्राचार्या डॉ नीता पांडेय ने कहा कि वर्तमान युग तकनीकियों का युग है और इस समय साइबर से जुड़ी जानकारियों के बगैर सुगमतापूर्वक जीवन यापन करना संभव नहीं है। विद्यालय द्वारा आयोजित ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में साइबर सिक्योरिटी से जुड़ी जानकारियां और जागरूकता बढ़ेंगी। कार्यक्रमों का संयोजन एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर आशा राज औरमनोज कुमार मिश्रा ने किया।

## सामाजिक कार्य : देने के सुख से बड़ा कोई सुख नहीं : अनंत सिन्हा

# हर चेहरे पे मुस्कान लाना रोटरी का उद्देश्य : संजीव ठाकुर

### उत्कृष्ट कार्यों से है रोटरी रांची की पहचान : हितेश भगत




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रोटरी क्लब डिस्ट्रिक्ट 3250 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन संजीव ठाकुर ने फर्स्ट लेडी पूनम ठाकुर के साथ रोटरी रांची क्लब का अधिकारिक दौरा किया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने क्लब द्वारा संचालित परियोजनाओं को देखा और उनकी प्रशंसा की जिसमें प्रमुख रूप से गुरुनानक होम फॉर हेंडिकेप में जनसेवा के प्रति डाक्टर अनिल पांडेय के जूनून की प्रशंसा की। गवर्नर श्री ठाकुर ने कहा कि भारत में पिछले सौ वर्षों से सामाजिक कार्यों में लगे रोटरी क्लब ने पोलियो उन्मूलन के बाद अब देश से अशिक्षा को दूर करने का बीड़ा उठाया है। इसके लिए रोटरी इंडिया लिटरेसी मिशन पूरे झारखंड बिहार में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। इसके लिए 'टीच' नामक मैनेजमेंट सिस्टम बनाया गया है। इसका हर अक्षर एक विशेष प्रोजेक्ट है। टी अक्षर का अर्थ है टीचर्स सपोर्ट, इ का अर्थ है ई-लर्निंग, ए का अर्थ है एडल्ट लिटरेसी, सी का अर्थ है चाइल्ड डेवलपमेंट और एच का मतलब है हैपी स्कूल। इसी के आधार पर रोटरी क्लब अपने मिशन को पूरा करने में जुटा हुआ है। श्री ठाकुर ने रोटरी क्लब रांची द्वारा पर्यावरण सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, शुद्ध पेयजल आदि के लिए किये जा रहे कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने यह भी कहा कि रोटरी इंटरनेशनल की वर्तमान अध्यक्ष एक महिला जेनिफर ई. जांस हैं। यह बात महिला सशक्तिकरण का बड़ा उदाहरण है। रोटरी रांची के अध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव ने कहा कि रोटरी क्लब ने पोलियो को खत्म करने के लिए जो अभियान चलाया था, वह शत प्रतिशत सफल रहा। क्लब ने कई मरीजों का निःशुल्क उपचार कराया है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। क्लब सचिव हितेश भगत ने कहा कि मानवता की सेवा के लिए रोटरी क्लब रांची पूरी तरह समर्पित है। सबको साथ लेकर चलना ही रोटरी क्लब का उद्देश्य है। असिस्टेंट गवर्नर अनंत सिन्हा ने कहा कि देने के सुख से बड़ा कोई सुख नहीं है, इससे हम दूसरों के चेहरे पर मुस्कान ला सकते हैं। हम तब खुश होंगे, जब हमारे पड़ोसी खुश हों। इस अवसर पर अजॉय छाबड़ा, जोगेश गंभीर, राजीव मोदी, सुमित अग्रवाल, विनय ढनढनियां, डाक्टर मंगत, चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, डॉ अनिल कुमार पांडेय, हेमंत गुप्ता, सुजाता गुप्ता, मुकेश तनेजा, एसके मल्होत्रा, मनोज तिवारी, हरमिंदर सिंह, मंजू गंभीर, रेखा सिंह, शाहिद पॉल, सुरेश साबू, भंडारी लाल, अजय दीप वाधवा, अमित अग्रवाल, अजय साबू, अजय जैन, पवन जायसवाल, ललित त्रिपाठी, राजीव चड्ढा, आदित्य मल्होत्रा, कांटा मोदी, सरिता सिन्हा, विनय महाराज, सुषमा साबू, स्वेता अग्रवाल,शालिनी सिंघानिया, आकांक्षा भगत, प्रदीप चड्ढा, अंकुर अनिल, रश्मि अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल, जशदीप सिंह, भावना तनेजा, सुनीता वाधवा, चरणजीत सिंह वाशु, लोकेश साहू, अर्श जमील अशफाक आदि उपस्थित थे।

### सहेली सेंटर से महिलाएं बन रहीं स्वावलंबी : पूनम ठाकुर

रोटरी क्लब रांची कैंपस में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पिछले चार महीने से सहेली सेंटर का संचालन हो रहा है। महिलाएं सिलाई-कढ़ाई की ट्रेनिंग ले रही हैं। सेंटर के प्रोजेक्ट चेयरमैन रश्मि अग्रवाल के प्रयासों की तारीफ करते हुए डिस्ट्रिकट की फर्स्ट लेडी पूनम ठाकुर ने कहा कि ये महिलाएं रोजगार से जुड़कर परिवार की आर्थिक मदद कर सकेंगी।

# शारदा ग्लोबल स्कूल में समारोह का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शारदा ग्लोबल स्कूल के प्रांगण में 24 अप्रैल दिन सोमवार को येलो डे, रेड डे साथ ही ऑरेंज डे समारोह का आयोजन किया गया। जैसा कि हम जानते हैं कि रंग का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। रंगों से हमें विभिन्न स्थितियों का पता चलता है। इस कार्यक्रम के लिए बच्चों को तीन समूहों में वगीर्कृत किया गया था। प्री-नर्सरी के बच्चों ने येलो डे में भाग लिया, केजी के बच्चे ऑरेंज डे और प्रथम वर्ग के बच्चों ने रेड डे में भाग लिया। इस मौके पर छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते हुए रंगों से संबंधित गीत और कविता का पाठ किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विभिन्न उपकरणों को पीला, लाल और नारंगी रंगों से सुसज्जित किया और कई वस्तुओं में इन रंगों को मिला कर इसकी अन्य खूबियों से अवगत हुए। कक्षाओं और गलियारों को नारंगी, लाल और पीला रंग की वस्तुओं जैसे गुब्बारे, खिलौने, रिबन आदि से खूबसूरती से सजाया था। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की डायरेक्टर एकेडेमिक्स डॉ रंजना स्वरुप और प्रधानाचार्या जसमीत कौर ने अपने वक्तव्यों में बताया कि पीला रंग नकारात्मक विचार खत्म कर उत्साह का संचार करता है।

## मेकॉन लिमिटेड ने डिजाइन, इंजीनियरिंग और पीएमसी में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की



**रांची (आजाद सिपाही)।** मेकॉन ने ब्रह्मपुत्र नदी पर 4085 मीटर की देश की सबसे लंबी एचडीडी क्रॉसिंग जोरहाट से लेकर असम में माजुली तक पूरी की। यह कार्य मैसर्स आइजीजीएल (गेल, आइओसीएल, ओएनजीसी, ओआइएल और एनआरएल की एक संयुक्त उद्यम कंपनी) के उत्तर पूर्व गैस ग्रिड परियोजना के लिए पीएमसी के रूप में कार्य करते हुए पूरी की गयी। एनइजीजी परियोजना में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के हाइड्रो-कार्बन विजन 2030 के तहत प्राकृतिक गैस पाइपलाइन का एक नेटवर्क शामिल है, जो उत्तर पूर्व और सिक्किम के सभी राज्यों को जोड़ता है। इससे पूर्व, मेकॉन ने बरौनी गुवाहाटी पाइपलाइन परियोजना के तहत गेल के लिए ब्रह्मपुत्र नदी में 3562 मीटर क्रॉसिंग पूरी की थी, जो प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा परियोजना का एक अभिन्न अंग है। उपरोक्त ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ, मेकॉन लिमिटेड अब एचडीडी द्वारा लंबी (4000 मीटर) नदी पार करने के अनुभव के साथ एकमात्र स्वदेशी डिजाइन, इंजीनियरिंग और परियोजना प्रबंधन परामर्श संगठन होने का दावा कर सकता है। इंटरसेक्ट तकनीक के साथ पायलट ड्रिल की शुरूआत से क्रॉसिंग को लगभग पांच महीने लगे। कॉन्सेप्ट से लेकर कमीशनिंग (डिजाइन, इंजीनियरिंग, प्लानिंग, टेंडरिंग, ऑर्डरिंग, इंस्पेक्शन, एक्सपेडिटिंग, मैन्युफैक्चरिंग, डिलीवरी, विस्तृत इंजीनियरिंग, कंस्ट्रक्शन सुपरविजन, कमीशनिंग और प्रोजेक्ट क्लोज आउट सहित) पूरी परियोजना गतिविधियों को मेकॉन द्वारा दी जानेवाली सेवाओं की श्रेणी के तहत कवर किया गया है।

## झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने की बैठक



**रांची (आजाद सिपाही)।** औद्योगिक इकाइयों की कुछ प्रमुख समस्याओं पर वार्ता के लिए अध्यक्ष किशोर मंत्री के नेतृत्व में झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों की एक बैठक उद्योग सचिव जितेंद्र कुमार सिंह के साथ हुई। अध्यक्ष किशोर मंत्री ने सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों की स्थापना के लिए सभी जिलों के औद्योगिक क्षेत्र में 5 हजार से 20 हजार वर्गफीट तक के छोटे-छोटे भूखंड तैयार करने का आग्रह किया। यह कहा कि पूंजी के अभाव में छोटी इकाइयां बड़े प्लॉट को आवंटित कराने से वंचित रह जाती हैं। फलस्वरूप नये उद्योग के नहीं लगने के कारण राजस्व में कमी और रोजगार सृजन में भी कठिनाई होती है। बैठक के दौरान झारखण्ड की वर्तमान टेक्सटाइल पॉलिसी पर भी वार्ता हुई। आग्रह किया गया कि सितम्बर माह में समाप्त हो रही टेक्सटाइल पॉलिसी को पुनः नये और आकर्षक रूप में लाया जाय। साथ ही उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र में आवंटित भूखण्ड की 30 वर्ष की लीज अवधि को पुनः 99 वर्ष के लिए करने का अनुरोध किया। उद्योग सचिव जितेंद्र सिंह ने तीनों ही बिंदुओं पर सकारात्मक रूख दिखाते हुए कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। यह भी कहा कि टेक्सटाइल पॉलिसी को और बेहतर करने पर विचार किया जा रहा है। अवधि समाप्त होते ही नई पॉलिसी को प्रभावी करने की पहल की जायेगी। प्रतिनिधिमण्डल में शामिल जीएस मार्केटिंग एसोसियेट्स की ओर से चिद्रुप शाह ने इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर के आयोजन की विस्तृत जानकारी देते हुए ट्रेड फेयर में उद्योग विभाग की सहभागिता पर भी विचार का आग्रह किया जिसपर विभागीय सचिव ने आश्वस्त किया। प्रतिनिधिमंडल में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, अमित शर्मा, सह सचिव रोहित पोद्दार, शैलेष अग्रवाल और प्रवक्ता ज्योति कुमारी, जीएस मार्केटिंग एसोसियेट्स के चिद्रुप शाह और अमिताभ घोष शामिल थे।

## वार्ड 18 के पार्षद ने किया सड़क नाली का उद्घाटन



**रांची (आजाद सिपाही)।** लोहरा कोचा के आनंद विहार कॉलोनी में रविवार को सड़क, नाली का उद्घाटन किया गया। इस उद्घाटन कार्यक्रम में वार्ड 18 के पार्षद आशा देवी गुप्ता के हाथों उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में पार्षद आशा देवी गुप्ता, सुपरवाइजर दिलीप कुमार, ठेकेदार रिंकू शुक्ला को सम्मानित किया गया। वार्ड 18 के पार्षद आशा देवी गुप्ता ने कहा कि ये सडक नाली जो बना है। ये आप सभी के सहयोग से बना है। अगर आप लोगों का सहयोग नहीं होता तो सड़क नाली का निर्माण कर पाना बहुत कठिन था। इसी तरह से आपका सहयोग मिलता रहेगा तो हमारा वार्ड 18 विकास की राह पर निकल पड़ेगा। ठेकेदारी रिंकू शुक्ला ने कहा कि मैं ठेकेदारी का काम पिछले बीस सालों से कर रहा हूं। हर जगह कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यहां पर भी काम करना बड़ा मुश्किल था, लेकिन यहां के लोगों का प्यार और सपोर्ट बहुत मिला। इसके वजह से काम करना बड़ा आसान हुआ। इस कार्यक्रम में वार्ड 18 के मोती ठाकुर, राजेश कांत प्रसाद, बृजमोहन वर्मा, सरोज ठाकुर, दिलीप बर्मन, राजू विश्वकर्मा, पम्पू वर्मा, कृष्णा वर्मा, अमर वर्मा, रंजीत प्रसाद, रवि ठाकुर, ओम वर्मा, उर्मिला देवी, संजू देवी, मीरा देवी सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

### जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक में शामिल हुए डीसी-एसपी

# अवैध मुहानों को चिह्नित कर करायें बंद : माधवी मिश्रा

**अवैध परिवहन और कारोबार पर कसे नकेल:पीयूष पांडेय**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** अवैध खनन के विरुद्ध हो रहे कार्यों को लेकर सोमवार को डीसी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय के सभागार में जिला स्तरीय खनक टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बैठक में डीसी माधवी मिश्रा एवं एसपी पीयूष पांडे ने खनन टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिए गए निदेशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान डीसी ने वैसी एजेंसिया जिनके द्वारा नियमित रूप से खनन संबंधित प्रतिवेदन नहीं उपलब्ध कराया जा रहा है, उनके महाप्रबंधकों सहित अन्य अधिकारियों को ससमय प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। अवैध मुहानों से हो रहे खनन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान डीसी ने विभिन्न एजेंसियों के महाप्रबंधकों और जिला खनन पदाधिकारी को इस पर विशेष ध्यान देते हुए मुहानों को बंद करने का कार्य सही तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया। वही डीसी ने जिला खनन पदाधिकारी को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर आवश्यक जांच अभियान चलाने और अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए की गई कार्रवाई और प्राथमिकी दर्ज संबंधित प्रतिवेदन ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

**थाना और ओपी प्रभारियों को एसपी ने दिये निर्देश**

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय ने सभी थाना प्रभारियों को उनके उनके क्षेत्रों में सजग रहकर साइकिल से हो रहे कोयले के अवैध परिवहन पर विशेष ध्यान देने एवं नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक में अवैध रूप से हो रहे हैं बालू के परिवहन पर रोक लगाने के लिए की गई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए सभी अंचल अधिकारी और थाना प्रभारियों को योजनाबद्ध तरीके से इस संबंध में कार्य करने को लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

**ड्रोन बेस्ड सर्वे, वन चालान सहित अन्य विषयों पर चर्चा**

बैठक के दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी के द्वारा अधिकारियों और विभिन्न एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ अवैध मुहानों से हो रहे खनन पर रोक लगाने के लिए किए जा रहे डोजरिंग को और भी प्रभावी बनाने के संबंध में चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने ड्रोन बेस्ड सर्वे, वन चालान सहित अन्य विषयों पर भी चर्चा की।

**कार्रवाई करने के लिए आवश्यक निर्देश**

बैठक के दौरान डीसी ने बड़का सयाल और अरगड्डा क्षेत्र अंतर्गत रामगढ़, हजारीबाग मार्ग पर पड़ने वाले पल पर सुरक्षा दृष्टिकोण से अधिकारियों और संबंधित एजेंसी के महाप्रबंधकों, प्रतिनिधियों को स्थल निरीक्षण करने और वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से संचालित करने के संबंध में कार्रवाई करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में ये थे उपस्थित

बैठक में अपर समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों, अंचल अधिकारियों, एजेंसियों के महाप्रबंधकों, प्रतिनिधियों, थाना प्रभारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### डीएसपीएमयू में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के डॉ विनीत कुमार श्रीवास्तव का व्याख्यान

# मौद्रिक नीति का मुख्य लक्ष्य देश में मूल्य स्थिरता के साथ आर्थिक विकास की प्राप्ति

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सोमवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची में मॉनिटरी पॉलिसी इन इंडिया चेंजिंग कोंटोर्स विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स, अर्थशास्त्र, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज और रूरल डेवलपमेंट विभाग के संयुक्त सौजन्य से आयोजित इस कार्यशाला सह सेमिनार के मुख्य वक्ता थे डॉ विनीत कुमार श्रीवास्तव, डायरेक्टर, एंड एग्जीक्यूटिव असिस्टेंट टू डिप्टी गवर्नर, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, मुंबई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने की। मुख्य वक्ता का तौर पर डॉ विनीत कुमार श्रीवास्तव ने विस्तार से रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के कार्य प्रणाली और उसके क्रियान्वयन के विषय में पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को बताया। उन्होंने भारत की मौद्रिक नीति की विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि आर्थिक संकट के समय रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया कैसे कार्य करती है। उन्होंने विद्यार्थियों को आधुनिक युग में मौद्रिक नीति को समझना अत्यावश्यक बताते हुए कहा कि इसे समझने के साथ हम देश की अर्थव्यवस्था की बारीकियों को समझ पाएंगे। उन्होंने काफी सरल माध्यम में पूरे देश की पंचवर्षीय योजनाओं और आर्थिक नीति को विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अर्थशास्त्री सह कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने विस्तार से विद्यार्थियों को आजादी के उपरांत भारत की पंचवर्षीय योजनाओं में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की भूमिका के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी देश की अर्थव्यवस्था में मौद्रिक नीति का क्या महत्व है। उन्होंने मौद्रिक नीति के बदलते स्वरूप को बताते हुए कहा कि मौद्रिक नीति के द्वारा ही आर्थिक लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है और आर्थिक विकास की ओर प्रगति की जा सकती है। उन्होंने मौद्रिक नीति के मुख्य उद्देश्यों में आर्थिक विकास की प्राप्ति, आर्थिक स्थिरीकरण और पूर्ण रोजगार बताया। इससे पूर्व कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने डॉ विनीत कुमार श्रीवास्तव और विशेष अतिथि के तौर पर डीएसडबल्यू डॉ एसएम अब्बास ने कुलपति डॉ तपन कुमार को सम्मानित किया। मौके पर डॉ एसएम अब्बास, डॉ अशोक नाग, डॉ रजनी कुमारी, डॉ विनय भरत, डॉ कठ साहू और कॉमर्स, अर्थशास्त्र, मैनेजमेंट और रूरल डेवलपमेंट के विद्यार्थी मौजूद थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

# उपायुक्त ने रिक्त पदों को भरने का दिया निर्देश

### जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट और जिला योजना विभाग से संचालित कार्यों की समीक्षा की

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में सोमवार को डीसी अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट एवं जिला योजना विभाग से संचालित कार्यो की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त ने सिविल सर्जन श्यामनंदन सिंह से एएनएम के रिक्त सीटों को भरने के दिशा में किये जा रहे कार्य की जानकारी लेते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिससे रिक्त सीटो को भरा जा सके। वहीं लघु सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता मोहन चंद्र गुप्ता से जिला खनीज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से चल रहे तालाब निर्माण कार्य की जानकारी लेते हुए सफलता की कहानी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, सिविल सर्जन श्यामनन्दन सिंह, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी पर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** महिला पंचायत सुरक्षा अभियान संगठन की ओर से रांची के प्रेस क्लब में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायतों में महिलाओं के आरक्षण और अधिकार को लेकर चर्चा हुई। कार्यक्रम में दिल्ली से जया जागोरी, जमशेदपुर से बरनाली चक्रवर्ती एवं पूर्वी पाल और रांची से सुधीर पाल समेत कई लोग शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि झारखंड ने पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी को 33 से बढ़ाकर 50 फीसदी किया है। 2022 में पंचायत चुनाव जीतकर काफी संख्या में महिलाएं स्थानीय शासन व्यवस्था का हिस्सा बनी हैं, लेकिन सही मायने में वे अपने अधिकारों का प्रयोग नहीं कर पा रही हैं। आज भी ग्राम सभा में महिलाओं की भागीदारी सहज नहीं हो पायी है। महिलाओं को एक ऐसे मंच की जरूरत है, जहां वे अपनी समस्याओं को खुलकर रख सकें। संगठन ने ग्राम सभा से पहले महिला सभा बनाने पर जोर दिया। कहा कि जब देश के दो राज्यों ने पंचायती राज अधिनियम में संशोधन करके महिला सभा को अधिनियम का हिस्सा बनाया है और सात राज्यों ने सर्कुलर जारी करके ग्राम सभा से पहले महिला सभा के आयोजन को अनिवार्य बनाया, तो झारखंड पीछे क्यों है।

## आजसू पार्टी पतरातू प्रखंड कमेटी की बैठक



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** आगामी 30 अप्रैल को आजसू पार्टी ने रांची में निकाले जाने वाले सामाजिक न्याय मार्च की तैयारी को लेकर आजसू पार्टी पतरातू प्रखंड कमिटी की बैठक पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो व संचालन कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेश सिंह ने किया। बैठक में पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी, केंद्रीय सचिव विजय साहू, एजेकेएसएस के महामंत्री सतीश सिन्हा उपस्थित थे। इसमें आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी ने कहा की राज्य में युवा रोजगार की प्रतीक्षा में हैं महिलाएं असुरक्षित हैं दिन प्रतिदिन अपराध का ग्राफ बढ़ा है। इसलिए उन्होंने सामाजिक न्याय मार्च में पतरातू से भारी संख्या में रांची जाने के लिए कार्यकर्ताओं से अपील की। इस मौके पर हरिरतम साहू, अखिलेश महतो, राजू कुमार, भुन्नु सिंह, नित्यानंद कुमार, प्रदीप मांझी, ब्यास पांडेय, कौलेश्वर महतो, द्वारिका महतो, अशोक पाठक, बिन्देश बेदिया, लक्ष्मीकांत महतो, सरिता देवी, झलकू महतो, हरेश राय, जितेंदे पटेल, अवधेश ठाकुर प्रदीप शर्मा, द्वारिका महतो झलकी बेदिया, फिरोज जकुरुला सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## उरीमारी में संवेदक संघ ने की बैठक



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** दुर्गा मंडप हेसबेड़ा के निकट उरीमारी पंचायत भवन में सोमवार को विस्थापित और प्रभावित संवेदक की बैठक रैयत विस्थापित मोर्चा बरका सयाल क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष सूरज बेसरा की अध्यक्षता में हुई। संचालन महावीर साव ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन बरका सयाल के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव एवं खतियानी रैयत परिवार उरीमारी के संरक्षक सह विस्थापित नेता दसई मांझी उपस्थित हुए। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बिरसा, न्यू बिरसा और उरीमारी परियोजना में जो भी ठेका कार्य का टेंडर निकलता है उसे यहीं के विस्थापित संवेदक और प्रभावित संवेदक ही काम करेंगे। यदि कोई बाहरी ठिकेदार द्वारा बिलो में टेंडर डाल भी दिया जाता है तो विस्थापित संवेदक और प्रभावित संवेदक द्वारा एकजुट होकर उसे काम नहीं करने दिया जायेगा। यहां सभी विस्थापित और प्रभावित संवेदक एकजुट है। इस बैठक में डॉक्टर जी.आर.भगत, जागेश्वर गोप, गोवर्धन साव, जय कुमार, लालधारी साव, चूरामन ठाकुर, राजपति कुमार, भोला साव, कुलदीप साव, अखिलेश कुमार सिंह, संजय यादव, दिलीप मेहता, मुकेंद्रा सोरेन उपस्थित हुए।

## टंडवा में तेज रफ्तार वाहन ने मवेशियों को कुचला

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** आम्रपाली से फुलब्सिया कोयला ढुलाई करने वाली हाइवा वाहन JH01DT-5149 ने आठ मवेशयिओ को चपेट में ले लिया। जिससे 2 भैंसा की मौत मौके पर हो गई और 3 भैंसा की मौत सोमवार सुबह हुई, और 3 भैंसा जख्मी बताया जा रहा है। यह घटना बीते रविवार रात्रि 11 बजे की है। आठ मवेशी अपने मालिक से बिछुड़ कर उरसु मुख्य पर भर्मण शील थे। मवेशिओ के मालिक पोखन यादव ग्राम बुकरु थाना केरेडारी निवासी है। पोखन यादव ने संवाददाताओ को बताया की हमारे मवेशी कल बिछुड़ गया था, हम खोज बिन में निकले थे की अचानक उरसु ग्राम वाशियो से जानकारी मिली की बहुत सारे भैंसा(कडा) हाइवा की चपेट में आया गया है, जिससे 5 भैंसा की मौत हो गयी है। वही मवेशी मालिक के साथ सोमवार के सुबह आक्रोशित ग्रामीणों ने हाइवा की रफ़्तार की कहर विराम लगाने समेत मवेशिओ की उचित मुआवजा की मांग को लेकर चतरा रांची मुख्य पथ उरसु के पास जाम कर दिया हैं। वार्ता करने पहुंचे टंडवा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रंजीत रौशन ने मवेशी मालिक को 1.5 लाख मुआवजा दिलाने की आश्वाशन दिया, पर ग्रामीणों ने इस प्रस्ताव को ठुकरा कर सड़क जाम अथावत बनाये रखा है। इधर ट्रांसपोर्ट में लगे सैकड़ो वाहन की लंबी लाइन बन गयी है। यातायात प्रभावित हो गई है। कोयला प्रतिदिन 20000 टन कोयला ढुलाई होती थी। जिससे लाखो की नुकसान बताया जा रहा है।

## डांडी प्रखंड के सचिवालय में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मना



**गिददी/डाड़ी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के 14 पंचायतों के पंचायत सचिवालय में सोमवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया। इस दौरान जहां कई पंचायतों में प्रभात फेरी निकाली गई और स्वच्छता के प्रति शपथ ली गई। वहीं स्कूली बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान गिद्दी क पंचायत में पंचायत समन्वय समिति बनाया गया और टोकरी में पत्थर डालकर गतिविधि किया गया। जबकि गिद्दी ख पंचायत में स्वच्छता को लेकर नवप्राथमिक विद्यालय स्वीपर टोला के बच्चों के साथ प्रभात फेरी निकाला गया और पेन्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर मुखिया लता सिंह, लक्ष्मी देवी, उषा देवी, सीमा देवी, उमेश करमाली, कविता सिंह, अरशी अनवर, गुंजन साव, रिंकी देवी, हीरालाल गंझू, उप मुखिया सरिता देवी, मनीष यादव समेत सभी पंचायत के वार्ड सदस्य, प्रियंका दता, पुनम देवी बेबी रानी आकांक्षा कुमारी दीपक कुमार पंचायत सचिव, ग्रामीण व बच्चे मौजूद थे।

## मिड डे मील घोटाले मामले में आरोपित संजय की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज

**रांची (आजाद सिपाही)।** मिड डे मील के एक सौ करोड़ रुपये के घोटाले मामले में आरोपित संजय कुमार तिवारी की डिस्चार्ज पिटीशन को सीबीआइ कोर्ट ने सोमवार को खारिज कर दिया। सोमवार को सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने आदेश सुनाया। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद मामले में 20 अप्रैल को आदेश सुरक्षित रख लिया था। उल्लेखनीय है कि सीबीआइ ने मिड डे मील घोटाले को लेकर अगस्त 2017 में संजय तिवारी, एसबीआइ हटिया ब्रांच के मैनेजर अजय उरांव सहित तीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू की थी। मामले में चार्जशीट दाखिल होने के बाद आरोपितों को पुलिस पेपर की आपूर्ति कर दी गयी है। अब 25 अप्रैल को उनके खिलाफ आरोप गठन होना है।

## चाकुलिया : कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में 46 छात्राएं कोरोना पॉजिटिव

**रांची (आजाद सिपाही)।** चाकुलिया के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में सोमवार को 46 छात्राएं कोरोना पॉजिटिव पायी गई हैं। आज 235 छात्राओं की जांच की गई थी। पॉजिटिव पाई गई सभी छात्राओं को विद्यालय में ही आइसोलेशन में रखा गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रंजीत कुमार मुर्मू ने बताया कि रविवार को विद्यालय की वार्डन ने कई छात्राओं को सर्दी-खांसी होने की सूचना दी थी। इस सूचना के बाद सोमवार को एक मेडिकल टीम विद्यालय परिसर में जाकर 210 छात्राओं की जांच की। इनमें से 43 छात्राएं कोरोना पॉजिटिव पाई गईं। डॉ मुर्मू ने बताया कि शाम को भी एक टीम ने विद्यालय में 25 छात्राओं की जांच की। इनमें से तीन छात्राएं पॉजिटिव पाई गईं. उन्होंने कहा कि विद्यालय की शेष छात्राओं, शिक्षिकाओं और स्टाफ की जांच मंगलवार को की जायेगी।

## अमृतपाल सिंह की गिरफ्तारी

खालिस्तान समर्थक भगोड़े कट्टरपंथी और 'वारिस पंजाब दे' के प्रमुख अमृतपाल सिंह एक महीने से ज्यादा समय तक पुलिस से छुपते फिरने के बाद आखिर रविवार सुबह मोगा के रोडे गांव में गिरफ्तार कर लिया गया। इसे खालिस्तान समर्थक तत्वों की कुटिल मंशा का ही उदाहरण कहेंगे कि अमृतपाल की गिरफ्तारी को भी ऐसा रूप देने की कोशिश की गयी, जैसे उसने आत्मसमर्पण किया हो। लेकिन पुलिस की तरफ से यह स्पष्ट कर दिया गया कि उसकी बाकायदा गिरफ्तारी हुई है। पुलिस टीम गिरफ्तारी के लिए गुरुद्वारे के अंदर नहीं गयी, लेकिन बाहर उसने ऐसी कड़ी घेरेबंदी कर रखी थी कि अमृतपाल का बच कर निकलना मुश्किल था। गुरुद्वारे से निकलते ही पुलिस टीम ने उसे गिरफ्त में ले लिया। इस पूरे मामले में पंजाब पुलिस ने जितनी परिपक्वता और कुशलता दिखायी है, उसकी तारीफ की जानी चाहिए। 23 फरवरी को जिस तरह अमृतपाल ने समर्थकों की भीड़ के साथ गुरुग्रंथ साहब का इस्तेमाल करते हुए अजनाला पुलिस स्टेशन पर धावा बोला और अपने करीबियों की रिहाई सुनिश्चित करायी, वह इस बात का सबूत था कि उसके हैंडलर्स उसके जरिए खुल कर खेलने के मूड में आ गये थे। उनके मुताबिक सभी जरूरी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं और उन्हें लगता था कि अब उनके इशारे पर अमृतपाल और उसके लोग पुलिस प्रशासन को सीधी चुनौती दे सकते हैं। यह बड़ी खतरनाक स्थिति थी। जरा सी असावधानी पंजाब को मुसीबतों के नये भंवर में डाल सकती थी। इसलिए जल्दबाजी में कदम उठाने के बजाय पुलिस ने वक्त लेकर सारी योजना तैयार की और फिर पूरी तैयारी के साथ 18 मार्च को अमृतपाल के खिलाफ कार्रवाई की। हालांकि वहां से अमृतपाल निकल भागा, लेकिन फिर भी पुलिस टीम ने न तो अतिरिक्त बल प्रयोग किया और न ही राज्य का माहौल बिगड़ने दिया। धीरे-धीरे अमृतपाल के करीबियों को गिरफ्त में लेते रहे और उसके चारों ओर शिकंजा कसते रहे। कुछ समय में उसके सारे विकल्प खत्म हो गये। इस दौरान न केवल केंद्रीय एजेंसियों ने हर कदम पर पंजाब पुलिस के साथ सहयोग किया, बल्कि राज्य और केंद्र सरकारों के बीच भी जबरदस्त तालमेल नजर आया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक दिन पहले ही पंजाब पुलिस की तारीफ करके संकेत दे दिया कि राजनीतिक भेद-मतभेद चाहे जितने भी हों, लेकिन जब बात राष्ट्रीय चुनौतियों से निपटने की हो, तो उनसे ऊपर उठना हम जानते हैं। इस दौरान अकाल तख्त ने जिस बारीकी से धर्म और उसके दुरुपयोग के बीच फर्क को रेखांकित करते हुए खुद को अमृतपाल की करतूतों से अलग किया, वह न केवल सराहनीय है बल्कि आगे के लिए भी मिसाल पेश करता है। सही समय पर दिखायी गयी यही सावधानी, गंभीरता और जिम्मेदारी की भावना किसी राष्ट्र की असली ताकत होती है।

**गृहमंत्री अमित शाह ने एक दिन पहले ही पंजाब पुलिस की तारीफ करके संकेत दे दिया कि राजनीतिक भेद-मतभेद चाहे जितने भी हों, लेकिन जब बात राष्ट्रीय चुनौतियों से निपटने की हो, तो उनसे ऊपर उठना हम जानते हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**पंचायती राज संस्थाएं लोकतंत्र के लिए स्तंभ हैं। पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री नरे7द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अनेक कदम उठाए और अमृत काल के दौरान तो और भी अधिक जोरदार प्रयास किए। अनुसूचित क्षेत्रों तक पंचायत का विस्तार पीईएसए अधिनियम का कार्यान्वयन उन प्रमुख कदमों में शामिल है। इस अधिनियम के माध्यम से, हमने एक मजबूत प्रणाली स्थापित की है, जिसमें देश के कुछ हिस्सों में सक्रिय पारंपरिक पंचायतों को उनके नियमों और विनियमों के अनुसार मान्यता दी जाती है।**

## पंचायती राज संस्थाओं के सशक्तिकरण के तीन दशक



गिरिराज सिंह



भारत के स्थानीय स्वशासन प्रणाली के इतिहास में 24 अप्रैल एक महत्वपूर्ण दिन है। राष्ट्रपति ने 1993 में इसी दिन देश की पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा देते हुए 73वें संविधान संशोधन को अपनी स्वीकृति दी थी। पंचायतों को त्रि-स्तरीय प्रणाली प्रदान करने वाले और पंचायतों को शक्तियों और जिम्मेदारियों का हस्तांतरण करने वाले इस संशोधन की अगली कड़ी के रूप में भाग-क को संविधान में जोड़ा गया था। संविधान का 73वां संशोधन आज अपना 30वां साल पूरा कर रहा है।

पंचायती राज संस्थाएं लोकतंत्र के लिए स्तंभ हैं। पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अनेक कदम उठाए और अमृत काल के दौरान तो और भी अधिक जोरदार प्रयास किये। अनुसूचित क्षेत्रों तक पंचायत का विस्तार पीइएसए अधिनियम का कार्यान्वयन उन प्रमुख कदमों में शामिल है। इस अधिनियम के माध्यम से, हमने एक मजबूत प्रणाली स्थापित की है, जिसमें देश के कुछ हिस्सों में सक्रिय पारंपरिक पंचायतों को उनके नियमों और विनियमों के अनुसार मान्यता दी जाती है। हमारी सरकार के निरंतर प्रयासों से, अधिकांश राज्यों ने पीइएसए अधिनियम को लागू कर दिया है और हम शेष राज्यों को इसे लागू करने के लिए लगातार प्रोत्साहित कर रहे हैं।

**संविधान का 73वां संशोधन आज अपना 30वां साल पूरा कर रहा है।**

प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में, हमने ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न बुनियादी ढांचे की आवश्यकताओं और विकास की गतिविधियों का समर्थन करने को लेकर पंचायती राज संस्थाओं ने वित्तीय संसाधनों के आवंटन में एक ऊंची छलांग लगायी है। हम पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत और सशक्त बनाने के लिए कई पहल कर रहे हैं, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों की भूमिका और जिम्मेदारियों को पूरा करने की उनकी क्षमता में वृद्धि और समावेशी विकास, आर्थिक विकास और सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) के अनुरूप लक्ष्यों को हासिल करने में योगदान देने के लिए पंचायती राज संस्थाओं की कार्यकुशलता, कामकाज की पारदर्शिता और जवाबदेही में सुधार करने के लिए कई पहल कर रहे हैं।

**केंद्र सरकार का यह निरंतर प्रयास रहा है कि 73वें संविधान संशोधन के बाद पंचायती राज संस्थाओं को न केवल राज्यों द्वारा उन्हें आवंटित 29 विषयों के क्षेत्र में सशक्त किया जाये, बल्कि उन्हें क्रियात्मक भी बनाया जाये। कई राज्यों ने इस दिशा में बेहतर प्रयास किये हैं।**

प्रधानमंत्री का विजन है कि हमें पंचायतों को सशक्त बनाने के साथ-साथ आत्मनिर्भर भी बनाना है। हमारा प्रयास है कि पंचायती राज संस्थाएं अपनी आवश्यकताओं का स्व-मूल्यांकन करते हुए जनभागीदारी से शासकीय योजनाओं की धनराशि के साथ-साथ राजस्व के अपने स्त्रोत विकसित करें तथा उन निधियों से पंचायतों की अपनी आवश्यकताओं के अनुसार योजनाओं का क्रियान्वयन करें और निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हों। ग्राम सभा केंद्रीय होने के साथ-साथ स्थानीय स्वशासन का अभिन्न अंग है और साथ ही ग्राम सभा पंचायतों के पारदर्शी और जवाबदेह कामकाज के लिए बहुत आवश्यक है। हमारी सरकार सभी हितधारकों को शामिल करते हुए ग्राम सभाओं को जीवंत संचालन के लिए प्रोत्साहित करती रही है।

केंद्र सरकार का यह निरंतर प्रयास रहा है कि 73वें संविधान संशोधन के बाद पंचायती राज संस्थाओं को न केवल राज्यों द्वारा उन्हें आवंटित 29 विषयों के क्षेत्र में सशक्त किया जाये, बल्कि उन्हें क्रियात्मक भी बनाया जाये। कई राज्यों ने इस दिशा में बेहतर प्रयास किये हैं। जम्मू-कश्मीर प्रशासन, विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा इस दिशा में किये गये गंभीर प्रयासों के लिए सराहना के पात्र हैं। इसी प्रकार, अन्य राज्यों/ केंद्रशासित प्रदेशों को भी पंचायती राज संस्थाओं के सशक्तिकरण के लिए ठोस प्रयास करने चाहिए।

केंद्र सरकार ने सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) के स्थानीयकरण और इसके लिए ग्राम पंचायत की विकास योजनाओं (जीपीडीपी) के पुनर्गठन पर स्थानीय स्तर पर काम करने के लिए पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों और विभिन्न पदाधिकारियों की शासन क्षमता के निर्माण और प्रशिक्षण पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। उल्लेखनीय है कि 2022-23 तक लगभग सभी ग्राम पंचायतें और समकक्ष निकाय अपनी जीपीडीपी तैयार कर चुके हैं।

स्थानीय शासन में दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही लाने के लिए, पंचायती राज मंत्रालय ने 'योजना से भुगतान' तक सभी गतिविधियों के लिए डिजिटल मोड में ई-ग्रामस्वराज एप्लिकेशन जैसे डिजिटल समाधान प्रदान करने वाली पंचायतों का डिजिटलीकरण सुनिश्चित किया है। जीइएम पर पंचायतों द्वारा वस्तुओं और सेवाओं की खरीद की नवीनतम पहल है, जिसे आज रीवा, मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री द्वारा लॉन्च किया जा रहा है। पंचायत खातों के ऑनलाइन ऑडिट के लिए ऑडिटऑनलाइन एप्लिकेशन विकसित किया गया है। इस प्रकार, 'न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन' के आदर्श वाक्य के साथ ई-गवर्नेंस की पहल स्थानीय सरकार तक पहुंच गयी है, जो हमारी सरकार का एकमात्र योगदान है, क्योंकि हमारे प्रधानमंत्री ने अप्रैल 2020 में ई-ग्रामस्वराज एप्लिकेशन लॉन्च किया था।

पीएम स्वामित्व योजना हमारे प्रधानमंत्री का एक अभिनव विचार, संपत्ति कार्ड जारी करने के माध्यम से गांव के परिवारों के मालिकों को 'रिकॉर्ड ऑफ राइट्स' प्रदान करता है। अधिकार का रिकॉर्ड ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति के मुद्रीकरण में गेम चेंजर साबित हो रहा है, इसके अलावा पंचायतों को निकट भविष्य में अपने स्वयं के राजस्व के स्त्रोतों को बढ़ाने के प्रयास में संपत्ति कर का आकलन और संग्रह करने में सक्षम बनाता है।

पंचायती राज मंत्रालय ने अन्य मंत्रालयों की योजनाओं को मिलाकर और राज्यों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में सक्रिय जनभागीदारी और इसके पुनर्वितरण से 'आजादी का अमृत काल' के दौरान पंचायती राज संस्थाओं के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के अपने लक्ष्य की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है।

इस राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर, मैं सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों और पंचायती राज संस्थाओं के पदाधिकारियों को बधाई देता हूं और पंचायत विकास की नयी ऊंचाइयों को छूने के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

**(लेखक : केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री हैं।)**

# जमशेदपुर की खबरें

### विधायक सरयू राय ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

## हिंदू नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में चर्चा की, कार्यकर्ताओं को उपस्थित रहने को कहा



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भाजमो कार्यकर्ताओ की एक अहम बैठक बाडीडीह स्थित कार्यालय में आयोजन किया गया। सोमवार को भाजमो जमशेदपुर महानगर की अहम बैठक में क्षेत्र के विधायक सरयू राय शामिल हुए। मौके पर सभी कार्यकर्ताओं को जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक में बीते दिनों हिंदू नेताओं की हुई गिरफ्तारी के विरोध में चर्चा की गई। उन्होंने बताया हिंदू नेताओं की हुई गिरफ्तारी के विरोध में सर्वजन हिंदू समिति के द्वारा 25 अप्रैल को बिष्टुपुर तुलसी भवन में आहूत बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर भाजमो कार्यकर्ताओ को बड़ी संख्या में शामिल होने एवं आंदोलन में अपनी महत्ती भूमिका निभाते हुए हिंदू नेताओं की जल्द बिना शर्त के रिहाई कराने पर आगे की रणनीति तैयार की जायेगी। विधायक ने भाजमो कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा की संख्या में उपस्थित रहने के लिए आग्रह किया।

## वरिष्ठ कांग्रेसियों को किया सम्मानित

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** गोविंदपुर मंडल कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश गौरा के अध्यक्षता में वृहत पैमाने पर बरिष्ठ कांग्रेसजनों का सम्मान समारोह सह संगठन सशक्तिकरण का आयोजन गोविन्दपुर स्थित आशीर्वाद भवन में किया गया। मुख्य अतिथि पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आनंद बिहारी दूबे उपस्थित हुए। सभा का विधिवत संचालन कांग्रेस के बरिष्ठ नेता सुभाष उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम में पुराने समर्पित कांग्रेसजनों को सम्मानित किया गया। जिसमें देवशरण सिंह, हरेंद्र मिश्रा, बीडी राय, मनोज उपाध्याय, एसएन सिंह बघेल, कृपलानी राय, हरिश्चंद्र सिंह, उपेंद्र सिंह, रामकृपाल प्रसाद, अग्निदेव राय, एसडी सिंह, रामदेव प्रसाद, रामजी प्रसाद, रामदयाल प्रसाद, बरिष्ठ पांडेय, शिवशंकर सिन्हा, नन्दजी सिंह अकेला, केके गोप, श्रीपति गोप, कामेश्वर राय, अशोक झा, शिवजी तिवारी, सीबी राजू को जिलाध्यक्ष ने सम्मानित किया।

### पूर्व मुख्यमंत्री पहुंचे केंद्रीय कारा

## भाजपा नेताओं से की मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री व भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने सोमवार को घाघीडीह स्थित केंद्रीय कारा पहुचे। जहा भाजपा नेताओं से मुलाकात कर घटना से संबंधित जानकारी ली। वही उन्होंने राज्य के पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह से टेलीफोन पर वार्ता कर निर्दोष लोगों का नाम हटाने की बात कही। श्री दास के आग्रह पर डीजीपी ने कोल्हान डीआईजी से मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया। पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा नेताओं को आश्वस्त किया उन्हें न्याय दिलाने के लिए हर न्यायसंगत रास्ता निकालेंगे। मौके पर पूर्व विधायक मेनका सरदार, महानगर भाजपा अध्यक्ष गुंजन यादव,पूर्व जिलाध्यक्ष रामबाबू तिवारी, भुपेन्दर सिंह, विभीषण सरदार, चंचल चक्रवर्ती, संदीप शर्मा बौबी एवं अन्य शामिल रहे।

### सामाजिक संस्था अर्पण ने श्राद्धकर्म और शादी के लिए उपलब्ध कराया राशन



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर की अग्रणी सामाजिक संस्था 'अर्पण' द्वारा एक जरुरतमंद परिवार में श्राद्धकर्म के लिए एवं एक अन्य परिवार में बेटी की शादी के लिए राशन सामग्री उपलब्ध करायी गयी। संस्था द्वारा 8 वर्षों से निरंतर सामाजिक हित में लोगों को श्राद्धकर्म, शादी एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवार में महीने तक का राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। इस नेक कार्यो को सफल बनाने में संस्था के जूगुन पांडे, महेश मिश्रा, प्रिंस सिंह, बिभाष मजुमदार, घनश्याम भिरभरिया, दीपक सिंह, मनीष सिंह, कौशिक प्रसाद, विक्रम ठाकुर, सरबजीत सिंह टोबी, सौरव चटर्जी, मनोज हलदर, कमलेश पाठक, कंचन बाग, बबलू नाग, सागर चौबे, सनोज चंद्र सहित लगभग 130 सदस्यों का सराहनीय योगदान रहता है।

### टाटा स्टील के रजिस्टर्ड रिलेशंस के लोग उपायुक्त के पास पहुंचे

## टाटा वर्कर्स यूनियन और मैनेजमेंट पर लगाया गंभीर आरोप, असंवैधानिक कार्य कराया जा रहा कंपनी में



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील मैनेजमेंट और टाटा वर्कर्स यूनियन की शिकायत लेकर टाटा स्टील के रजिस्टर्ड कर्मचारियों का दल जमशेदपुर की उपायुक्त के पास पहुंचा। इन लोगों ने एक शिकायत की है, जिसमें टाटा स्टील मैनेजमेंट और वर्तमान टाटा वर्कर्स यूनियन अध्यक्ष द्वारा की जा रही असंवेधानिक कार्यो पर रोक लगाने एवं कानून संमत कार्यवाही करने की मांग की गयी है। इस ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि वर्ष 2019 में टाटा स्टील मैनेजमेंट और टाटा वर्कर्स यूनियन के बीच वेज रिविजन समझौता होता है, इस समझौते में 500 निबंधतो की बहाली लिखित परीक्षा के माध्यम से और शेष बचें निबंधतो की बहाली एक एनटीटीइ कंपनी एक साल के अंदर बनाकर करने का लिखित समझौता होता हैं। इस निबंधतो के नियोजन संबंधित समझौते की जानकारी उस समय के पूर्व टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष सभी समाचार पत्रों के माध्यम से देते हैं और आज के टाटा वर्कर्स यूनियन के महामंत्री और उस समय के पूर्व उपाध्यक्ष भी इस समझौते पर अपनी सहमति जताते है। पर वर्तमान यूनियन अध्यक्ष वर्ष 2019 के इस लिखित समझौते पर सवाल उठाते है और साथ ही साथ उस समय सभी समाचार पत्रों में छपी पूर्व अध्यक्ष द्वारा दी गई बयान और वेज रिवीजन में निबंधतो के नियोजन संबंधित समझौते और समाचार पत्रों में छपी उस खबरों को फर्जी बताते है। इन लोगों ने कहाकि वर्तमान अध्यक्ष शायद ये भूल गये है कि टाटा स्टील मैनेजमेंट ने निबंधतो के नियोजन एनटीटीइ के माध्यम से करने के एवज में टाटा स्टील में कार्य कर रहे कर्मचारियों को मिलने वाली के सुविधाओं में कटौती की जैसे डीए फ्रीज कर दिया गया, वेज रिविजन की अवधि बढ़ा दी गई।

**एनएस-4 से 7 ग्रेड की नियुक्ति इन कंपनियों में करनी शुरू कर दी**

**एनटीटीइ के माध्यम से दो कंपनिया टाटा टेक्निकल, टाटा सपोर्ट सर्विसेज का गठन भी हो गया। वर्ष 2019 के वेज रिवीजन समझौते के अनुसार इन कंपनियों में सबसे पहले टाटा स्टील के गैर तकनीकी निबंधतो का नियोजन होना चाहिए था पर टाटा स्टील मैनेजमेंट और वर्तमान यूनियन अध्यक्ष ने टाटा स्टील में होनेवाली एनएस-4 से 7 ग्रेड की नियुक्ति इन कंपनियों में करनी शुरू कर दी, जो वर्ष 2019 के वेज रिवीजन समझौते से बिलकुल अलग है। इन लोगों ने बताया कि टाटा स्टील ने पहले स्टील वेज को खत्म कर एनएस ग्रेड लाया और आज एनएस ग्रेड खत्म कर अलग-अलग पद नामो एफटीसी पर मात्र एक वर्ष के लिए नियुक्तिया कर रही है।**

### आदित्यपुर पुलिस ने मोबाइल लूटकांड का किया खुलासा

## दो मोबाइल के साथ अपराधी अजय गोप को किया गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** सरायकेला जिले के आदित्यपुर पुलिस ने तीन दिन पूर्व थाना क्षेत्र स्थित होटल क्रूज के कर्मी सुधीर कुमार से हुए मोबाइल लूट कांड मामले का खुलासा करते हुए हिस्ट्रीशीटर अपराध कर्मी अजय गोप को लूटे गये दो मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राजन कुमार ने बताया कि क्षेत्र में मोबाइल चोर गिरोह सक्रिय हैं। इसको लेकर पुलिस लगातार अभियान चला रही है। तीन दिन पूर्व क्रूज होटल के आइटी इंचार्ज सुधीर कुमार के साथ अजय गोप एवं उसके अन्य सहयोगियों द्वारा मारपीट कर आइफोन एवं सैमसंग कंपनी का मोबाइल लूट लिया गया था। जिसके बाद एक टीम गठित कर तकनीकी साक्ष्यों का सहारा लेते हुए अजय को लूटे गए आइफोन और सैमसंग मोबाइल के साथ धर दबोचा गया। जिसे पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले के एसपी के निर्देश पर सभी हिस्ट्रीशीटर अपराध कर्मियों पर निगाह रखी जा रही है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### महानगरों की तर्ज पर गढ़वा जिले में चाय सुट्टा बार की हुई शुरुआत



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शहर के चिनिया रोड स्थित जीपी प्लाजा में युवा व्यवसाई आदित्य कुमार व जोंटी कुमार ने महानगरों की तर्ज पर जिला मुख्यालय में चाय सुट्टा बार की शुरुआत अपनी दादी शांति देवी एवं कमला देवी के हाथों फीता कटवा कर की। मौके पर आदित्य कुमार ने कहा कि गढ़वा जिले में महानगरों की तर्ज पर यहां के लोगों को एक नयी पहचान के साथ नया स्वाद देने के लिए मैंने चाय सुट्टा बार की आज शुरुआत की है। लोगों से मेरा यह आग्रह है कि लोग हमारे इस चाय सुट्टा बार में आयें और महानगरों की तर्ज पर जो चाय सुट्टा बार में लोग वहां लुत्फ उठाते थे वह यहां भी उस चीज का लुत्फ उठाएं। हमारे चाय सुट्टा बार में चाय 10 प्रकार की एवं कॉफी 10 प्रकार की लोगों को मिलेगी। साथ ही फूड्स आइटम भी हमारे इस सुट्टा बार में लोगों के लिए उपलब्ध है। गढ़वा वासी अपने पूरे फैमिली दोस्त के साथ आयें और बर्थडे पार्टी भी मनायें। मौके पर अंजना नारायण, अभीनंदू नारायण, मीरा गुप्ता, अशोक गुप्ता, गोलू प्रिंसी आदि लोग उपस्थित थे।

### मेराल पुलिस ने दो को भेजा जेल, फरार एक आरोपी के घर ढोल नगाड़े बजवा कर चिपकाया इश्तेहार



**मेराल (आजाद सिपाही)।** मेराल थाना पुलिस ने सोमवार को दो अलग-अलग कांडों के प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि एक अन्य कांड के फरारी अभियुक्त के घर ढोल नगाड़ा बजवाकर इश्तेहार चिपकाया गया। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि वर्ष 2022 में दहेज प्रथा प्रतिषेध अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज कांड के प्राथमिकी अभियुक्त इसफाक अंसारी 23 वर्ष, पिता बसीर अंसारी को थाना क्षेत्र के पिंडरा गांव स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया। साथ ही दूसरे केस में अवैध रूप से बालू उत्खनन कर बिक्री करने के प्राथमिकी अभियुक्त सह ट्रैक्टर मालिक सद्दाम हुसैन उर्फ रौशन खान, पिता शेख जउवाद को चमरही गांव उसके घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को सोमवार को गढ़वा न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जबकि एक पुराने केस के अप्राथमिकी अभियुक्त महेंद्र चौधरी, पिता नन्दू चौधरी, जो मझिआंव थाना क्षेत्र के बीरबंधा गांव का निवासी है। फरार आरोपी के घर कोर्ट के आदेश पर मझिआंव पुलिस की उपस्थिति में ढोल नगाड़ा बजवाकर इश्तेहार चिपकाया गया। इस मौके पर मझिआंव पुलिस के साथ मेराल थाना के पुलिस अवर निरीक्षक अजीत कुमार एवं सशस्त्र बल के जवान तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### अक्षय तृतीया पर गायत्री परिवार ने भाजपा मंडल अध्यक्ष के घर कराया दीप यज्ञ



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** अक्षय तृतीया के अवसर पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष पवन कुमार के आवास पर गायत्री परिवार प्रज्ञा मंडल के द्वारा दीप यज्ञ का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। दीप यज्ञ में गायत्री परिवार के प्रखंड संयोजक नागेंद्र सिंह द्वारा कर्मकांड सम्पन्न कराया गया। जबकि सपत्नीक पवन कुमार गुप्ता द्वारा पूजा-अर्चना का कार्य संपन्न किया गया। इस दौरान देव मुनि विश्वकर्मा और अशोक चौरसिया के द्वारा भजन संगीत प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में गायत्री परिवार के जिला ट्रस्टी अच्युतानंद तिवारी, गायत्री परिवार के युवा मंडल जिला संयोजक बिरेन्द्र सोनी, बेचन राम, अशोक साहू, देवधारी मेहता, रामविलास प्रसाद, अशोक कमलापुरी, अरुण सोनी, दिनेश पाल एवं महिला मंडल अध्यक्ष सुनीता चौरसिया, सीमा सोनी, फुलझरी देवी, रिंकी देवी, सरिता चौरसिया, सारो देवी, मंजू देवी उपस्थित थे।

**बैठक :** कुछ मामलों में निर्देशों का अनुपालन नहीं होने पर सांसद ने जतायी नाराजगी, कहा

# संबंधित अधिकारी नियमानुसार कार्य और निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करें

**सांसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** समाहरणालय के सभागार में सांसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की गयी। बैठक में निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन द्वारा एक-एक कर पिछले दिशा की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की जानकारी समिति के समक्ष रखा। बैठक में सांसद द्वारा मुख्य रूप से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, अनापत्ति प्रमाण पत्र से संबंधित मामले, 15वें वित्त के तहत योजना, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल अंतर्गत जलापूर्ति योजना, वन विभाग से जुड़े मामले, भू अर्जन, मुआवजा भुगतान, विद्युत आपूर्ति, शिक्षा विभाग से जुड़े मामले, कल्याण विभाग अंतर्गत बिरसा आवास/ धूमकुड़िया भवन/ छात्रवृत्ति/ कब्रिस्तान/ सरना स्थल से जुड़े मामले, आपूर्ति विभाग अंतर्गत राशन कार्ड से जुड़े मामले, सड़क निर्माण, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित मामले, खनन विभाग अंतर्गत बालू घाट से जुड़े मामले, श्रम विभाग, लघु सिंचाई समेत अन्य मामलों पर विस्तार पूर्वक समीक्षा कर पूर्व में दिए निर्देशों के अनुपालन की जानकारी ली गयी एवं कई अन्य आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। कुछ मामलों में पूर्व में दिए निर्देशों का अनुपालन नहीं करने को लेकर सांसद द्वारा नराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार कार्य करने एवं दिए जाने वाले निर्देश का अक्षरशः अनुपालन करने को कहा गया। जिससे सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से किया जा सके एवं अधिक से अधिक लाभुकों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके।

जिले में शिक्षा व्यवस्था की जानकारी लेते हुए बैठक में सांसद ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से कस्तूरबा आवासीय विद्यालय समेत अन्य विद्यालयों में हो रहे पठन-पाठन, उनमें पेयजल की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था एवं उन्हें दी जाने वाली भोजन आदि की जानकारी ली। उन्होंने कस्तूरबा आवासीय विद्यालय समेत अन्य विद्यालयों में अच्छे से पठन-पाठन हो यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ हीं सभी विद्यालयों में मेनू अनुसार भोजन, पेयजल एवं शौचालय की सुविधा को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में संसद द्वारा कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल से जिले में किए जा रहे विद्युत आपूर्ति की जानकारी लेते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। बैठक में सांसद द्वारा आपूर्ति विभाग से राशन कार्ड निर्माण संबंधित भी जानकारी ली गई। जिले को सुखाड़ घोषित होने के पश्चात से दी जाने वाली सहायता राशि समेत अन्य सुविधाओं की भी संबंधित विभाग से जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। मौके पर विभिन्न विभागों में प्रतिनियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटर जो कार्य में लापरवाही बरत रहे हैं उन्हें चिन्हित कर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बैठक में उपायुक्त, गढ़वा शेखर जमुआर, जिप अध्यक्ष शांति देवी, डीडीसी राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, निदेशक, डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, गढ़वा-रंका एवं भवनाथपुर-नगर उंटारी तथा भंडरिया एवं विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि, वन प्रमंडल पदाधिकारी गढ़वा, दक्षिणी एवं उत्तरी, एसडीओ रंका-सह-जिला कल्याण पदाधिकारी, एसडीपीओ गढ़वा, जिला योजना पदाधिकारी, तकनीकी विभागों के कार्यपालक अभियंता, विभिन्न प्रखंडों के प्रमुख समेत जिला स्तर के विभिन्न पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली ने तीन पनशाला का किया उद्घाटन

**कहा- भीषण गर्मी में दूरदराज गांव से आये हुए लोगों को अब पानी पीने के लिये भटकना नही पड़ेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली के द्वारा गढ़वा शहर के मुख्य बाजार में दो एवं मेन रोड पर एक कुल तीन पनशाला का उद्घाटन किया गया।

जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली की अध्यक्ष रितु जायसवाल की अध्यक्षता में पहली पनशाला श्रीमती विमला केसरी ओम मेडिकल हॉल, घड़ा पट्टी एवं दूसरी पनशाला मुख्य बाजार के तारामंडप के सामने सुमन केसरी के निवास स्थान पर एवं तीसरी पनशाला मेन रोड में सहेली अध्यक्ष रीतू जायसवाल के यहां डॉक्टर वीरेंद्र कुमार के क्लीनिक सह निवास पर खोली गयी।

इस मौके पर जायन्ट्स सहेली के पदाधिकारियों ने राहगीरों को मुरब्बा/बतासा आदि मिष्ठान के साथ जल पिलाया।

इस अवसर पर बोलते हुए पदाधिकारियों ने कहा कि भीषण गर्मी में दूरदराज गांव से आए हुए लोगों को अब पानी पीने के लिये भटकना नही पड़ेगा। पदाधिकारियों ने कहा कि गर्मी के इस मौसम में घर से भरपेट खाना खाकर एवं भरपूर पानी पीकर ही धूप में निकलें और जब भी निकलें धूप एवं लू से बचने के लिये चेहरे एवं माथे को गमछा या तौलिए से ढक कर रखें।

इस अवसर पर जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली के अध्यक्ष ऋतु जयसवाल, जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 की पदाधिकारी सीमा केसरी, फेडरेशन की पूर्व पदाधिकारी गायत्री गुप्ता सहित जायन्ट्स ग्रुप गढ़वा सहेली की लता गुप्ता, सुनीता केसरी, सहेली ग्रुप की उपाध्यक्ष रीना अग्रवाल, प्रशासनिक निदेशक रंजना जायसवाल, संगीता गुप्ता, विमला केशरी, करुणा केशरी सहित नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष अनिता दत विशेष रूप से उपस्थित थीं।

## झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ने मांगी खराब चापाकलों की सूची

**युवा प्रखंड अध्यक्ष ने मानपुर पंचायत के गांव का दौरा कर समस्याओं की ली जानकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** झारखंड मुक्ति मोर्चा रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता ने पार्टी कार्यकर्ताओं से रंका प्रखंड अंतर्गत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा लगाए गए वर्तमान में खराब पड़े चापाकलों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि पीएचडी विभाग द्वारा लगाए गए वैसे चापाकल जिसका पाईप खराब है या पानी सूख गया है उसकी सूची बनाकर तत्काल उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि मुखिया के द्वारा निर्मित चापाकल की सूची नहीं देंगे। वहीं दूसरी ओर युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी ने मानपुर पंचायत के अमरवादामर गांव का दौरा कर जनता की समस्याओं से अवगत हुए और उपस्थित ग्रामीणों को झारखंड सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याण कारी सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी और लाभ उठाने का अपील किया। इस अवसर पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### केतार मीडिया ग्रुप ने सूर्य नारायण मंदिर में रथ निर्माण के लिए दिया दान



**मंदिर कमेटी के साथ बैठक कर मंदिर के विकास के लिए की गयी चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** मीडिया ग्रुप केतार के द्वारा प्रखंड के सुप्रसिद्ध सूर्य मंदिर में रथ निर्माण के लिए 42284 रुपये का नकद सहयोग किया गया। साथ ही मीडिया ग्रुप के लोगों के द्वारा कहा गया कि रथ निर्माण में आगे भी सहयोग किया जाएगा। साथ ही मंदिर कमेटी के साथ बैठकर मंदिर का विकास के लिए चर्चा परिचर्चा की गई। मंदिर निर्माण एवं परिसर के सुंदरीकरण के लिए वृक्षारोपण करने का निर्णय लिया गया।

मीडिया ग्रुप के अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि सूर्य मंदिर का विकास हेतु हमारा टीम समर्पित रहेगा। तीन ओर पहाड़ी वादियों में स्थित यह मंदिर प्रसिद्ध है। यहां अपनी मुरादों को लेकर अन्य राज्यों से लोग आते हैं और उनकी मुरादें भी पूरी होती हैं। मौके पर मीडिया ग्रुप केतार से संदीप कुमार, गोकुल कुमार, विकास सिंह, बिट्टू सिंह, रविकांत चंद्रवंशी, सूरज वर्मा, इम्तियाज आलम, अंगद कुमार, ज्वाला कमलापुरी, पुरुषोत्तम कुमार, मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह, खेल उपाध्यक्ष दीपक वर्मा, संरक्षक अजय वर्मा, उपसचिव नगीना वियार, दिनेश वर्मा, महेशी वियार, रामचरित्र चंद्रवंशी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### मंत्री की पहल पर ग्राम पंचायत खपरो में तत्काल ट्रांसफॉर्मर मुहैया कराया गया



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खपरो में ट्रांसफॉर्मर जल जाने के कारण अंधकार में डूबे घनी आबादी वाला गांव खपरो में मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर की पहल पर तत्काल नया ट्रांसफॉर्मर मुहैया कराया गया। बताते चलें कि ट्रांसफॉर्मर बदलने के लिए झामुमो युवा प्रखंड उपाध्यक्ष एजाज अंसारी और युवा पंचायत सचिव खुर्शीद हजाम के द्वारा ट्रांसफॉर्मर जलने की सूचना युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी को दी गयी। उन्होंने अविलंब त्वरित कार्रवाई करते हुए मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर से बात की। मंत्री जी ने विद्युत विभाग के विधायक प्रतिनिधि नसीम अख्तर को निर्देश दिए और वे तत्काल नया ट्रांसफॉर्मर लेकर खपरो गांव पहुंचे और संपूर्ण गांव रौशनी से गुलजार हुआ। इस पुनीत कार्य के लिए खपरो वासियों ने मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को बधाई दी है। इस अवसर पर नसीम अख्तर, दीपक कुमार सोनी, एजाज अंसारी, खुर्शीद हजाम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### खरडीहा मुखिया प्रतिनिधि ने सलेया गांव में पेयजल संकट से दिलायी निजात



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल प्रखंड अंतर्गत खरडीहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो युवा प्रखंड सचिव पप्पू यादव ने सलेया गांव में चप्पू चंद्रवंशी के घर के पास चापाकल रिपेयरिंग तथा शेरासाम गांव में विजय चौधरी के घर के पास चापाकल रिपेयरिंग करा कर गर्मी के मौसम में उत्पन्न पेयजल संकट से निजात दिलाने का पुनित कार्य किया है। इसके संबंध में उन्होंने बताया कि चापाकल रिपेयरिंग के साथ साथ शेरासाम गांव में जल मिनार का समरसेबुल का भी रिपेयरिंग कराया गया है जिससे चौधरी मुहल्लावासी लगभग बीस घर के लोगों को पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा वहीं सलेया गांव के पच्चास घर के लोगों को पेयजल समस्या से निजात मिल गया है।

### स्कॉर्पियो का टायर फटने से दुर्घटना में दो वर्षीय बच्ची की मौत, कई घायल



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** बंशीधर नगर-भवनाथपुर सड़क मार्ग पर तुलसीदमर के निकट स्कॉर्पियो के टायर फट जाने के कारण स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। स्कार्पियो के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार दो साल की बच्ची की मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार बंशीधर नगर प्रखंड अंतर्गत अलकर गांव में गढ़वा बानो टिकर निवासी रविशंकर सिंह, पिता महावीर सिंह के परिजन छेका करने अलकर गांव आए हुए थे। जहां से वह अपने घर गढ़वा लौट रहे थे उसी क्रम में तुलसी दामर ढलान पर टायर फट जाने के कारण स्कॉर्पियो गाड़ी पलट गई जिसमें सवार सभी लोग जख्मी हो गए। जिनका बंशीधर नगर अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए गढ़वा रेफर कर दिया गया। वहीं दुर्घटना में लीला देवी की दो वर्षीय बच्ची की मृत्यु हो गई। नगर उंटारी थाना को सूचना मिलने के पश्चात सभी घायलों को उचित इलाज के लिये अनुमंडल अस्पताल लाया गया एवं दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी को थाने में ले आया गया। गाड़ी रविशंकर सिंह, पिता महावीर सिंह की बतायी जा रही है।

### उप प्रमुख ने मनरेगा योजना में अनियमितता को लेकर बीडीओ को सौंपा आवेदन

केतार ( आजाद सिपाही ) । उपप्रमुख शम्भू सिंह खरवार सहित मजदूरों ने बीडीओ मुकेश मछुआ को आवेदन देकर तलाब निर्माण ने अनिमियता की शिकायत की है।आवेदन के आलोक में कहा है कि खोन्हर गांव के अंजनिया में चंद्रदेव सिंह के खेत में तालाब का निर्माण मजदूरों के बदले ट्रैक्टर से कराया जा रहा है जिससे मजदूरों का हक मारा जा रहा है। आवेदन देने वालो में वार्ड सदस्य फूलदेव सिंह,मानदेव सिंह,सन्तोष सिंह,विशेश्वर सिंह ,पप्पु सिंह सहित अन्य लोग का नाम शामिल है।

**कार्यक्रम :** परमेश्वरी मेडिकल सेंटर की आठवीं वर्षगांठ मनायी गयी

# कैंसर अस्पताल को लेकर की जा रही है पहल : डॉ निशांत सिंह

**बेहतर कार्य के लिए नर्सिंग स्टाफ को किया गया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शहर का प्रतिष्ठित निजी अस्पताल परमेश्वरी मेडिकल सेंटर के स्थापना की आठवीं वर्षगांठ के अवसर पर मुंबई से चलकर आये कैंसर विशेषज्ञों के द्वारा निशुल्क कैंसर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गुंजेश कुमार सिंह एवं डॉक्टर मदन प्रसाद गुप्ता के द्वारा आए हुए मरीजों की निशुल्क जांच की गयी। शिविर में 50 मरीजों की जांच की गई। जिसमें 25 मरीज कैंसर से पीड़ित पाए गए। कैंसर से पीड़ित पाए गए मरीजों को कैंसर रोग विशेषज्ञ के द्वारा बेहतर इलाज के साथ-साथ निशुल्क जांच एवं उचित परामर्श दिया।

वहीं संध्या में चिनिया रोड के विद्या सिटी मॉल स्थित बैंक्वेट हॉल में अस्पताल के आठवीं वर्षगांठ कार्यक्रम के रूप में सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में अस्पताल के निदेशक सह लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर कुमार निशांत सिंह, संस्थापक डॉक्टर जेपी सिंह, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नीतू सिंह, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गूंजेश एवं डॉक्टर मदन ने इन आठ वर्षों के दौरान दिए गए बेहतर सुविधा को लेकर अपने अपने प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किए। डॉ निशांत ने कहा कि आज से प्रत्येक माह के दूसरे सप्ताह एवं चौथे सप्ताह के रविवार को निःशुल्क कैंसर कैंप का आयोजन परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में किया जाएगा। लोगों में जागरूकता लाने के लिए पूरे पलामू प्रमंडल में महीने में दो बार अस्पताल के द्वारा विभिन्न प्रखंडों में जाकर विजिट करेंगे।

वहीं मुख्य अतिथि गढ़वा सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने परमेश्वरी मेडिकल सेंटर के आठ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में लोगों को बेहतर सेवा देने हेतु उनके कार्यों की सराहना की। सीएस ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं के मामले में परमेश्वरी मेडिकल सेंटर अग्रणी है। जिसका लाभ यहां के लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि परमेश्वरी मेडिकल सेंटर पूरे प्रमंडल में विख्यात तो है ही, कामना करते हैं कि यह अस्पताल गढ़वा के साथ-साथ देश में भी परचम लहराए, ताकि जिस दिन परमेश्वरी मेडिकल सेंटर देश में परचम लहराएगा, तब मैं गर्व से कहूंगा कि मेरा भी इस हॉस्पिटल को देश स्तर तक पहुंचाने में योगदान रहा है। तत्पश्चात डॉक्टर आरएनएस दिवाकर, डॉ कमलेश कुमार, डॉक्टर एनके रजक आदि ने भी परमेश्वरी मेडिकल सेंटर के कार्यों की सराहना करते हुए अपने अपने विचार व्यक्त किए। तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों के द्वारा परमेश्वरी मेडिकल सेंटर के आठ वर्ष सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन अधिवक्ता विजय कुमार सिन्हा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर जेपी सिंह ने की।

### युवक ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सगमा (आजाद सिपाही)।** धुरकी थाना क्षेत्र के घघरी गांव में 28 वर्षीय युवक ने अपने घर में फांसी के फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची धुरकी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मृतक विकास भुइंया पिता गोविंद भुइंया रविवार को रात्रि में भोजन कर अपने घर में सोने चला गया। सुबह जब उसके घर का दरवाजा नहीं खुला तो ग्रामीणों ने छप्पर तोड़कर उसके घर में देखा तो वह घर में लगे धरन में फांसी पर झूल रहा था। थाना प्रभारी सदानन्द कुमार ने बताया कि परिजनों के अनुसार युवक कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान था। मौके पर भारी संख्या में ग्रामीणों के साथ पूर्व जिप सदस्य नन्दगोपाल यादव, मुखिया पति अशोक राम, पूर्व मुखिया बिनोद राम, बीडीसी प्रतिनिधि रविन्द्र बैठा, दीपक यादव, रेवत यादव, रामप्रताप यादव, सुशील बैठा उपस्थित थे।

# 200 बूथों पर भाजपा कार्यकर्ता सुनेंगे प्रधानमंत्री के मन की बात



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** भाजपा के जिला कार्यालय में सोमववार को हुई बैठक में 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 100वां एपिसोड पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गयी। इसे लेकर खूंटी जिले के अधिक से अधिक बूथों में 100-100 की संख्या में दर्शकों को मन की बात सुनाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने की। बैठक में भाजपा के जिला प्रभारी सत्यनारायण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्र नरेंद्र मोदी के मन की बात का यह 100वां एपिसोड है। इसलिए यह मन की बात बहुत खास है। जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों खूंटी और तोरपा में करीब 200 स्थानों पर मन की बात कार्यक्रम अधिक से अधिक जनता के साथ आयोजित की जाएगी। जिले के पार्टी, मंडल पदाधिकारी एवं बूथ स्तर के सभी कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने में लग जाएं। वहीं, जिला अध्यक्ष ने कहा कि सभी मंडल अध्यक्षों को जगह सुनिश्चित कर इसकी सूची बनाकर प्रभारी को जल्द से जल्द उपलब्ध कराएं। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री बिनोद नाग और धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष कैलाश राम ने किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष संजय साहू, जिला महामंत्री शशांक शेखर राय, नगर पंचायत अध्यक्ष अर्जुन पाहन, मीडिया प्रभारी अनूप साहू, मंडल अध्यक्ष सुरेश जयसवाल, मदन गोप, बल्किसुन महतो, रामबिहारी लाल, निखिल कंडुलना, युवा मोर्चा अध्यक्ष राजेश महतो, शफीक खान, कंचन सिंह, शंकर प्रधान, विकास चौधरी, सुकेंद्र महतो, बलराम सिंह, आनंद राम, शशि कर, श्याम सोनी, सीताराम आदि उपस्थित थे।

# कमलाकांत के निधन से पार्टी को हुई अपूरणीय क्षति : सुदेश महतो



आजाद सिपाही संवाददाता

**राहे।** प्रखंड के चुतरुडीह गांव के आजसू के वरीय कार्यकर्ता कमलाकांत यादव की दूसरे पुण्यतिथि पर गांव में आयोजित श्रद्धाजंलि सभा में विधायक सुदेश महतो भी शामिल हुए। उन्होंने कमलाकांत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। विधायक ने कहा कि कार्यकर्ता कमलाकांत यादव के निधन से पार्टी की अपूर्णीय क्षति हुई है। इस अवसर पर कमला यादव मेमोरियल क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस मौके पर डॉ राजाराम महतो, रंग बहादुर महतो, मुखिया रंभावती देवी, किरीटी महतो, धनश्याम मुंडा, दिलीप कोईरी, परीक्षित यादव, भुवनेश्वर महतो, जगत महतो, इंद्रजीत महतो, प्रह्लाद यादव, विष्णु यादव, रघुराम लोहरा, राधानाथ यादव, नरोत्तम अहिर, दिलीप महतो, रामकृष्ण गोप, खेत्रमोहन मुंडा, सुधीर अहिर आदि मौजूद थे।

# खलारी में मनायी गयी बाबू देवेंद्र सिंह की पुण्यतिथि

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** खलारी सीमेंट वर्कर्स यूनियन कार्यालय में सोमवार को मजदूर नेता बाबू देवेंद्र सिंह की 10वीं पुण्यतिथि मनाई गई। उपस्थित लोगों ने देवेंद्र सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने उन्हें सर्वमान्य नेता बताया। आरसीएमएस नेता अजय सिंह ने यादों को साझा करते हुए बताया कि देवेंद्र बाबू के पास कोई भी मजदूर अपनी परेशानी लेकर आता, तो वे उससे कभी नहीं पूछते कि वह किस यूनियन का सदस्य है। बिना भेदभाव वे हर मजदूर की मदद करते जो उनके पास पहुंचता था। मजदूरों की सेवा और मदद करने के लिए वे अपना सबकुछ लगा देते थे। वहीं, राजनसिंह राजा ने कहा कि जिस तरह लोग बाबूजी को स्नेह देते रहे उसी तरह उन्हें भी स्नेह देते रहें। वहीं, श्रद्धांजलि देने वालों में विनय सिंह मानकी, अजय सिंह, राजेशसिंह मिंटू, साबिर अंसारी, तनवीर आलम, बंटी सिंह, विक्की सिंह, बाबू खान, रवींद्रनाथ चौधरी, जाहिर अंसारी, रंजन सिंह, गोपाल सिंह, सुरेंद्र चौहान, रमेश चौहान, अशोक राम, भोला यादव, सुरेंद्र यादव, फिरोज आलम, राजा केश<ठङ्गल्ली>ारी, मनोज यादव, टुन्नू साव, तूफान सिंह, रंजन सिंह, मोनू रजक, छोटू सिंह, सत्येंद्र खरवार, चंदन सिंह, सूरज रावत, लालू मुंडा, मोनू मुंडा, राजेश तुरी, मनोज जनतप, गुड्डू सिंह, पप्पू खां, जावेद अंसारी, एजाज अंसारी, सुरेंद्र ठाकुर, चंदन सिंह, हिमांशु शेखर आदि थे।

# राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर बेंती में कार्यक्रम आयोजित

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** बेंती पंचायत सचिवालय में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर सोमवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया सरिता देवी ने की। कार्यक्रम में पंचायत क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि और स्थानीय ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम में स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए उन्हें शपथ दिलाई गई। मुखिया सरिता देवी ने बताया कि स्वच्छता हमारे जीवन के लिए काफी अहम हैं। इसके प्रति लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। इस मौके पर गणेश भुईयां, रामबालक गंझु, प्रेम ठाकुर, गणेश गंझु आदि मौजूद थे।

# तोरपा में नीलाम पत्रवाद में 18 मामलों का निष्पादन

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में सोमवार को नीलाम पत्रवाद के तहत कई मामलों का निष्पादन किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान की उपस्थिति में 40 पत्रवाद में 25 पत्रवादी उपस्थित थे। मौके पर 18 मामलो का निष्पादन किया गया। सात देनदारों ने समय की मांग की, जिसे स्वीकार कर लिया गया। इस दौरान एमडीएम ने अनुपस्थित रहे देनदारों के विरूद्ध कार्यवाई करने की बात कही। उनके लिए अगली सुनवाई 26 अप्रैल को तय की गई।

## वारदात : पत्नी के झगड़ा और उत्पीड़न करने से था नाराज

# पति ने कुदाल से काट कर की पत्नी की हत्या, हुआ गिरफ्तार




आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** पत्नी के कथित उत्पीड़न से परेसान होकर एक युवक द्वारा उसकी हत्या कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतका की पहचान बिरसी आईंद के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक उकड़ीमाड़ी के टाटी गरांव निवासी अजय आईंद का पत्नी से अक्सर छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद होते रहता था। रविवार की रात को भी किसी बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद हो गया। इसके बाद अति क्रोध में आकर पति अजय ने पत्नी बिरसी की रविवार की हत्या कर दी। अजय आईद के बड़े भाई अनूप आईद ने बताया कि रविवार रात करीब 10 बजे भाई की उसकी पत्नी के साथ कहासुनी की आवाज सुनाई दे रही थी। सोमवार सुबह अजय अपने भाई अनूप को बताया कि उसने अपनी पत्नी की कुदाल से वारकर हत्या कर दी। उसके बाद अनूप ने ग्रामीणों और पुलिस को इसकी सूचना दी। खबर पाते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गयी। आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। लगे हाथ पुलिस ने हत्या के आरोपित पति अजय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# हाईवा की चपेट में आने से एक घायल

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** रांची-पुरुलिया मुख्य मार्ग पर सिल्ली के कोंचाजारा मोड़ पर सोमवार की सुबह हाईवा के चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इसकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सिल्ली पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल को सिल्ली सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर चिकित्सा के लिए रांची रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक लोटा केंदवाडीह निवासी रेलवे कर्मी भरत महतो सुबह छह बजे ड्यूटी के लिए मुरी जा रहे थे। तभी हाईवा डंपर ने पिछे से ठोकर मार दी।

# रांची राजभवन के समक्ष तीन मई को मनरेगा कर्मियों का विशाल धरना प्रदर्शन का निर्णय

**बुंडू में हुई मनरेगा कर्मचारी संघ के प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक, तैयार की गई आंदोलन की रूपरेखा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ की प्रदेश कार्यकारणी की बैठक सोमवार को बुंडू प्रखंड के प्रांगण में आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष जॉन पीटर बागे ने किया। अपने लंबित मांगों को लेकर एक मई से पदयात्रा करने का निर्णय लिया है। मजदूर दिवस के दिन से यह कार्यक्रम भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली अड़की के उलीहातु से रांची राजभवन तक किया जाएगा। तीन मई को राजभवन के समक्ष मनरेगा कर्मियों का विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में पदयात्रा को लेकर रूपरेखा तैयार की गयी। रोड मैप और रात्रि विश्राम के स्थान को चिन्हित किया गया। रात्रि विश्राम तमाड़ में किया जाएगा। वहां से दो मई को पदयात्रा का दूसरा दिन तमाड़ से बुंडू प्रखंड होते हुए रामपुर पंचायत तक किया जाएगा। रात्रि विश्राम रामपुर पंचायत में किया जाएगा। इसके बाद तीसरे दिन रामपुर पंचायत से दुर्गा सोरेन चौक होते हुए राजभवन तक पदयात्रा और धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में संजय प्रमाणिक, विकास पांडे, देवेंद्र उपाध्याय, दीपक महतो, दीपक सिंह, जितेंद्र सिंह, जितेंद्र झा, मृत्युंजय महतो, दयाशंकर, बजरंग प्रसाद और पूरन सिंह मुंडा आदि उपस्थित थे।

# बंगाल पंचायत चुनाव में आजसू उतारेगा अपना प्रत्याशी : सुदेश



बंगाल के विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता आजसू में शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली स्टेडियम परिसर में पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के अलावा वाम मोर्चा व अन्य राजनीतिक दलों के दर्जनों कार्यकर्ता सोमवार को आजसू में शामिल हो गए। सभी को आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने फूल माला एवं पार्टी का पट्टा देकर सम्मानित किया। विधायक सुदेश महतो ने कहा कि पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव में आजसू अपना प्रत्याशी खड़ा करेगा। पार्टी ने बंगाल में मुट्ठी भर जिलों की पहचान की है, जो झारखंड की सीमाओं पर स्थित हैं। जहां आदिवासियों और कुर्मियों की एक बड़ी आबादी रहती है। उधर, आजसू में शामिल होने वालों में अंबुज महतो, भोलेनाथ मिश्रा, धनंजय रजक, सुरेंद्र नाथ तिवारी, बीपत राम महतो, गौतम महतो, हलधर महतो, अजहर खान, सुकुमार महतो, धनी राम महतो, अर्जुन महतो आदि शामिल हैं। इस मौके पर पश्चिम बंगाल प्रभारी सुनील सिंह, लक्ष्मण महतो, राजेश महतो, अशोक महतो, गौर महतो, रतन महतो और राजेश कुम्हार आदि उपस्थित थे।

# खूंटी के प्रखंडों में चलाये जा रहे हैं सिकल सेल एनीमिया मुक्ति अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिले में सुगम स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। डीसी शशि रंजन की पहल पर खूंटी जिले में पहली बार सिकल सेल एनीमिया मुक्ति अभियान की शुरूआत की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा जारी विज्ञाप्ति में कहा गया कि जनजातीय आबादी विभिन्न बीमारियों से ग्रसित है। नेशनल हेल्थ प्रोफाइल 2019 के अनुसार, झारखण्ड में सिकल सेल एनीमिया की सबसे अधिक प्रसार दर है, जिसमें अनुमानित 15-20 फीसदी आबादी में यह बीमारी पाई जाती है। बताया गया कि यह एक वंशानुगत रक्त संबंधी रोग है, यह विकारों का एक समूह है, जो हीमोग्लोबिन के बनने की क्रिया को प्रभावित करता है। गंभीर एनीमिया, पीलिया, विकास में देरी और संक्रमण की संभावना बढ़ जाती है। सिकल सेल एनीमिया एक गंभीर रोग है, जिसके उपायों और उपचार की जानकारी सुदूर क्षेत्रों तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस सार्थक पहल से क्षेत्र के लोगों में जागरूकता आयेगी और प्रभावित लोगों की काउंसलिंग और उपचार की सुविधाएं सुगम हो सकेगी। खूंटी जिले में बड़े स्तर पर सिकल सेल एनीमिया से ग्रसित रोगियों की काउंसलिंग करके उन्हें उचित इलाज मुहैया कराने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। इसे लेकर सभी प्रखंडों में जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिले के सभी प्रखंडों में जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्य कर्मियों, एएनएम, सेविकाओं, सहायिकाओं व सखी मंडल की दीदियों को प्रशिक्षित किया गया है। जागरूकता शिविर के दौरान सैंपल कलेक्शन काउंटर एवं स्क्रीनिग के 15 काउंटर लगाए जायेंगे। इसके लिए प्रशिक्षित एमओआइसी, एमपीडब्ल्यू, एलटी सहित एएनएम द्वारा सुगमता से कार्यों का संचालन किया जाएगा।

## सामूहिक बैठक में लिया गया निर्णय, प्रबंधन की वादाखिलाफी से नाराजागी

# रैयत विस्थापितों की समस्याओं को लेकर मोर्चा लड़ेगा आरपार की लड़ाई : बिगन सिंह भोगता

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक सोमवार को डकरा में हुई। जिसकी अध्यक्षता बिगन सिंह भोगता और संचालन रामलखन गंझु ने किया। बैठक में क्षेत्र के रैयत विस्थापितों की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा की गई। एरिया अध्यक्ष बिगन भोगता ने कहा कि पूर्व में एन के प्रबंधन को 31 सूत्री मांग पत्र दिया गया था। उस पर अभी तक कोई सकारात्मक पहल नहीं की गयी है। इसलिए अब सभी रैयतों को अपने हक-अधिकार के लिए आरपार की लड़ाई लड़नी होगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि अब रैयत विस्थापित प्रबंधन के झांसे में आने वाले नहीं है। प्रबंधन को कई बार समय दिया गया, लेकिन अभी तक प्रबंधन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गयी। प्रबंधन केवल कोरा आश्वासन देकर अपना काम निकालता रहा है। प्रबंधन के इस ढुलमुल रवैया से रैयत विस्थापितों में काफी आक्रोश है। कहा गया कि प्रबंधन के विस्थापितों की समस्या के प्रति उदासीनता के इसी रवैये के कारण खदान विस्तारीकरण नहीं हो पा रहा है। बैठक में प्रभाकर गंझु, कन्हाई पासी, शिवनारायण लोहरा, रामधारी गंझु, धनराज भोगता, वीरेंद्र यादव, हेमलाल गंझु, खीरू गंझु, नरेश यादव, कुलदीप साव, सुकरा गंझु, आनंद गंझु और कमलेश्वर गंझु आदि उपस्थित थे।



बैठक कर आंदोलन की रूपरेखा तैयार करते रैयत विस्थापित मोर्चा के सदस्य।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# खूंटी में मिला कोरोना का एक और मरीज

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी में सोमवार को कोरोना संक्रमित एक और मरीज मिला। वह खूंटी प्रखंड क्षेत्र का रहने वाला है। बतातें चलें कि दो दिन पूर्व भी खूंटी में कोरोना का एक मरीज मिला था। अब जिले में कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या दो हो गयी हैं। सदर अस्पताल द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार सोमवार को चार लोगों की ट्रूनेट और 28 लोगों का रैपिड एंटीजन किट से कोरोना की जांच की गई। इनमें से ट्रूनेट में एक कोरोना पॉजिटिव मिला। जांच रिपोर्ट के बाद कोरोना पॉजिटिव मरीज को समुचित दवा और आवश्यक दिशा निर्देश देकर घर में ही आइसोलेट कर दिया गया है। इसके साथ ही जिले में अब तक कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या 9223 हो गई है। इनमें से 9122 लोग ठीक हो चुके हैं, जबकि 99 लोगों की मौत हो चुकी है और सक्रिय केस दो हैं।

# स्वच्छता को लेकर बुंडू में निकाली गयी प्रभात फेरी

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** स्वच्छता में महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व को मजबूत करने को लेकर झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग की ओ्र से 21 से 24 अप्रैल तक राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर सोमवार को ताउ पंचायत में मुखिया रोशनी लंग के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली गई, जो ताउ पंचायत भवन से ताउ महतो टोली मुंडा टोली होते हुए वापस पंचायत भवन पहुंची। मुखिया रोशनी लंग ने कहा कि हमें अपने पंचायत को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना है। इसलिए आपके सहयोग की आवश्यकता है। इस अवसर पर बुंडू उप प्रमुख सहिया जल सहिया आदि थी।

# अंतरराष्ट्रीय मिलेट महोत्सव व कान्क्लेव 27-28 अप्रैल को

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज (मिलेट) वर्ष 2023 के उपलक्ष्य में झारखंड मिलेट कॉन्क्लेव 27 व 28 अप्रैल को खूंटी के बिरसा कॉलेज स्थित बिरसा मुंडा ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय और पीएचडी चेंबर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री इस मिलेट प्रदर्शनी और सम्मेलन का आयोजन कर रहे हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण विभाग की सचिव अनिता प्रवीण करेंगीं। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मुख्य रूप से भारत द्वारा प्रस्तावित और 70 से अधिक देशों द्वारा समर्थित एक संकल्प को अपनाया है, जिसमें 2023 को मोटे अनाज का अंतरराष्ट्रीय वर्ष घोषित किया गया है। भारत सलाना लगभग 16 मिलियन मीट्रिक टन मोटे अनाज का उत्पादन करता है। पोषण के पावर हाउस के रूप में जाने जानेवाले सुपर फूड्स को मान्यता देने के लिए यह सम्मेलन खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय भारत सरकार और पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज राष्ट्रीय औद्योगिक संगठन द्वारा आयोजित किया जा रहा है। मिलेट सह प्रदर्शनी पहला मोटा अनाज कार्यक्रम है, जो मोटा अनाज अंतरराष्ट्रीय वर्ष के दौरान राज्य में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में नवाचार, विपणन क्षमता और स्वाद पर विशेषज्ञों द्वारा अलग-अलग सत्र में प्रतिभागियों को संबोधित किया जाएगा।

# बिजली ब्याज माफी योजना के तहत विभिन्न जगहों पर लगाये जा रहे ओटीएस शिविर

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** बिजली वितरण निगम के सौजन्य से सोमवार से 30 अप्रैल तक बिजली ब्याज माफी योजना के तहत जिले के विभिन्न गांवों में शिविर लगाये जा रहे हैं। इसकी जानकारी देते हुए सहायक विद्युत अभियंता जितेंद्र कुमार ने बताया कि तोरपा प्रखंड परिसर में शिविर लगाया गया है। 25 अप्रैल को रनिया प्रखंड कार्यालय, 26 को जरियागढ़ पंचायत भवन, 28 कों डोड़मा सामुदायिक भवन के पास और 29 अप्रैल को गोविंदपुर बेल्डिंग दुकान के पास ओटीएस कैंप लगाया जाएगा। इसके साथ ही खूंटी एसएसडी के सिलादोन सामुदायिक भवन में 25 अप्रैल को ओटीएस शिविर लगाया जाएगा। वहीं 26 को बिरहू सामुदायिक भवन, 27 को गनालोया सामुदायिक भवन, 28 को बड़की पावर सब स्टेशन, 29 को सामुदायिक भवन और 30 अप्रैल को खूंटी पावर सब स्टेशन में ओटीएस कैंप लगाया जाएगा।

# सरस्वती शिशु मंदिर में वेश-बस्ता प्रतियोगिता का आयोजन

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय में छात्र-छात्राओं के बीच वेश-बस्ता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य सुदर्शन महतो ने किया। प्रतियोगिता में शिशु, बाल, किशोर एवं तरुण वर्ग ने भाग लिया। प्रतियोगिता के परिणाम में वेश प्रतियोगिता में शिशु वर्ग में शिखा कुमारी, बाल वर्ग में कौशल कुमार, किशोर वर्ग में सनोबर महबूब एवं तरुण वर्ग में स्वीटी कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, बस्ता प्रतियोगिता में शिशु वर्ग में सुनीता कुमारी, बाल वर्ग में सरस्वती कुजुर एवं किशोर वर्ग में प्राची कुमारी प्रथम स्थान पर रहीं। प्राचार्य गणेश महतो ने सभी सफल बच्चों को बधाई देते हुए आगे भी इस तरह के कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने की अपील की। इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

# योगासन प्रशिक्षण के निर्णायक बने बुंडू के विजय यादव



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के समीपवर्ती गांव बुंडू निवासी विजय कुमार यादव राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका निभाएंगे। उतर प्रदेश के मिर्जार्पर में योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से आयोजित छह दिवसीय निर्णायकों के प्रशिक्षण में विजय यादव उत्तीर्ण हुए है। उनकी इस सफलता पर कोयलांचल के कई लोगों ने बधाई दी है। उसमें पिपरवार के विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता, बुंडू की मुखिया तुलसी तुरी, पंसस रंजीत तुरी, सुभाष साव, उमेश यादव, संतोष यादव और मुकेश यादव शामिल है।

# बिरसा मुंडा वुसू सेंटर के 10 खिलाड़ियों ने जीता पदक

**सिल्ली (आजादसिपाही)।** रांची के नामकुम स्थित आरके आन्नद ग्रीन लॉन बॉल स्टेडियम में रविवार को आयोजित 19वें सिनियर झारखंड स्टेट वुशू चैंनियनशीप में बिरसा मुंडा वुशू सेंटर सिल्ली के खिलाड़ियों ने पांच स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य समेत कुल 10 पदक जीता। जिसमें सबिता कुमारी, फुल कुमारी वेदिया, सोमनाथ सिंह, प्रशांत गोराई व अविनाश कोइरि ने स्वर्ण पदक, ज्योति कुमारी, शशिकांत महतो व सोनाली कुमारी ने रजत और दीपक कुमार महतो एंड प्रदीप मुंडा ने कांस्य पदक प्राप्त किया। समापन समारोह में उपस्थित रांची विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ मुकुंद चंद्र मेहता ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

# डोमनडीह स्कूल की छात्रा लक्ष्मी व रोशनी ने क्षेत्र एवं जिला का नाम किया रोशन

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** रांची स्थित झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय सभागार में आयोजित राज्यस्तरीय डब्ल्यूपीसी वर्ड पावर चैंपियनशिप प्रतियोगिता में सिल्ली के जीपीएस डोमन डीह स्कूल की वर्ग पांच की छात्रा लक्ष्मी कुमारी प्रथम एवं रोशनी कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त किया है। झारखंड शिक्षा परियोजना के निदेशक किरण कुमारी पासी ने इन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## विभिन्न संगठन के प्रतिनिधियों ने एससी-एसटी संसदीय समिति के चेयरमेन से की मुलाकात



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अहमदाबाद वेस्ट के सांसद सह एससी/एसटी संसदीय समिति भारत सरकार के चेयरमेन डॉ किरीट प्रेम जी भाई सोलंकी के रांची आगमन पर रविवार को विभिन्न संगठन के लोगों ने उनसे मुलाकात की तथा एससी/एसटी की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए मांग पत्र सौंपा। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर उचित सामाधान करने की कोशिश की जाएगी। उनसे मिलने वालों में अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के केन्द्रीय अध्यक्ष आरपी रंजन, डॉ रिझु नायक, डॉ राजकिशोर, राजू नायक, जयप्रकाश, महेश पासवान, सुनील पासवान, रामप्रीत पासवान, भोला पासवान, सतीश कुमार आदि शामिल थे।

## भाजपा नेताओं ने मृतक के परिजनों को खाद्य सामग्री के साथ आर्थिक सहयोग किया



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अनगड़ा प्रखंड के हाहे ग्राम निवासी राजेन्द्र महतो के पुत्र की विगत दिनों एक हादसे में मृत्यु हो गई थी। मृतक के परिवार की आर्थिक हालात अच्छी नहीं है। सूचना पाकर सोमवार को भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नरेश साहू मृतक के घर पहुंचे तथा परिजनों को ढाढस बंधाया। उन्होंने मौके पर मृतक के श्राद्धकर्म के लिए परिजनों को खाद्य सामग्री व नकद आर्थिक सहयोग प्रदान किया। कहा कि दुख की इस घड़ी में वे पीड़ित परिवार के साथ हैं तथा जरूरत पड़ी तो आगे भी सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे। मौके पर बाबूलाल महतो, संजय साहू, रंजीत आदि मौजूद थे।

## मांडर के मलती ग्राम में दो दिवसीय मंडा पूजा झूलन कार्यक्रम के साथ संपन्न



**मांडर (आजाद सिपाही)।** मांडर प्रखंड के मलती ग्राम में आयोजित दो दिवसीय मंडा पूजा झूलन कार्यक्रम के साथ सोमवार को संपन्न हो गया। रविवार की शाम 42 भोक्ताओं ने धधकते अंगारे पर चल कर अपनी आस्था का परिचय दिया। मंडा पूजा व झूलन कार्यक्रम में भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो शामिल हुए। मौके पर पूजा समिति के सदस्य बब्लू गोप, रमेश चौरसिया, दिनेश चौरसिया, मनोज भगत, बलराम गोप, रिंकू भगत, हरदेव भगत, पवन साहू, कमल भगत, भोला गोप, कमलेश गोप, रोशन चौरसिया, संजय नायक आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## ग्रामीण ने जमीन विक्रेता पर घर ध्वस्त करने का लगाया आरोप, थाने से न्याय की लगायी गुहार



**कांडी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत घटहुआं कला गांव निवासी संजय कुमार गुप्ता पिता स्व. लगन साह ने कांडी थाना को लिखित आवेदन देकर घर को ध्वस्त करने का आरोप लगाया है। थाना को दिए आवेदन में लिखा है कि मैंने जनवरी माह में शिवरी गांव निवासी श्यामलाल पासवान से पौने चार डिसमिल जमीन की खरीदी की थी, जिसका खाता संख्या- 51, प्लॉट संख्या- 822 है। यह जमीन कांडी-मोखापी मोड़ सड़क में स्थित नवनीत क्रशर के पास में है। उक्त जमीन 4 लाख 80 हजार रुपये में तय हुई थी, जिसमें मैंने दो लाख रुपये नगद दे दिया था। उक्त जमीन में मैंने अपना घर भी बना लिया। अब श्यामलाल धमकी देते हुए कह रहा है कि मैं जमीन नहीं दूंगा। मुझे जमीन की कीमत अधिक मिल रही है। आप अपना पैसा मुझसे ले लीजिए। मैं गुरुवार की रात में अपने बनाए घर के बाहर रखे बालू पर सो रहा था। इसी दौरान तकरीबन साढ़े दस बजे श्यामलाल का पुत्र श्रवण राम मेरे पास पहुंचा। उसके साथ उसके पिता श्यामलाल पासवान सहित पांच से अधिक अन्य लोग भी थे, जो अज्ञात थे। श्रवण मुझे उक्त निर्मित घर से अलग ले गया, जहां उसने मेरे कनपटी में पिस्टल सटाया और कहा कि तुम अपना पैसा वापस क्यों नहीं ले रहे हो। मैं तुम्हारा बनाया घर को अभी तोड़वाता हूं। मैं विरोध नहीं कर सका। उसने अपने ट्रैक्टर से मेरा घर तोड़कर गिरवा दिया। साथ ही घर में रखा चौकी, अरहर, चावल, गेंहू, कपड़ा व बक्सा में रखा गहना सहित अन्य सामग्री ट्रैक्टर पर लादकर ले गया। जब मेरा घर तोड़कर घर में रखे समान को ले जाया गया। इसके बाद मैंने कांडी पुलिस को फोन किया, किन्तु पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। पीड़ित संजय गुप्ता ने बताया कि उक्त जमीन की कागजात भी स्टाम्प पेपर पर ताईद द्वारा बनी हुई है, जो मेरे पास उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि श्यामलाल की पहचान का व्यक्ति कोदवड़िया गांव निवासी अनुज राम ने दो-तीन दिन पूर्व मेरे से बोला था कि उक्त जमीन में बना घर को तोड़ देंगे। पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। उधर इस विषय में जमीन विक्रेता श्याम लाल पासवान के पुत्र श्रवण कुमार ने बताया कि उक्त जमीन की बिक्री की बात 4.80 लाख में हुई थी। संजय गुप्ता मात्र एक लाख देकर घर बनाने लगा बाकी पैसे की मांग पर वह देने से इनकार कर दिया। अभी वह हमारी जमीन है और संजय गुप्ता घर बनाने लगा जिसको लेकर हमलोगों ने निमार्णाधीन घर को ध्वस्त कर दिया। पिस्टल से मारने की धमकी देने की बात निराधार है। दो लाख रुपया देने का संजय गुप्ता प्रमाण दिखाएं। उधर पुलिस ने कांडी थाना को आवेदन मिलने से इंकार कर रही है। थाना प्रभारी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि संजय गुप्ता द्वारा कोई आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलेगा तो पुलिस जांच के बाद आगे कार्रवाई करेगी।

### आस्था : हरातु गांव में शिव मंदिर का तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव शुरू

# मंदिर प्रांगण से बाजे-गाजे के साथ निकली भव्य कलश यात्रा

**दूसरे दिन देव वाहन पूजा के साथ भजन कीर्तन और तीसरे दिन बुधवार को हवन के बाद भव्य भंडारा होगा का आयोजन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** टाटीसिलवे स्थित हरातु गांव में शिव मंदिर के वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव मनाया जा रहा है। जिसमें पहला दिन मंदिर प्रांगण से बाजे-गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गयी।

वहीं, मंगलवार को देव वाहन पूजा एवं भजन कीर्तन, बुधवार को हवन के बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया गया है।

कलश यात्रा में मुख्य रूप से आचार्य डॉ मधुसूदन मिश्रा, सिल्वे मुखिया सह मंदिर समिति अध्यक्ष नूतन पाहन, कोषाध्यक्ष अरविंद महो, रामचरण पाहन, एके मिश्रा, दीपक कुमार पांडे, भोलानाथ ठाकुर, सिंधु महतो, दिनेश महतो के साथ गांव की महिलाएं उपस्थित थीं।

**टाटी गांव में मंडा पूजा शुरू :** दूसरी तरफ टाटीसिलवे स्थित टाटी गांव में मंडा पूजा के अवसर पर सात दिवसीय पूजा की शुरुआत कलश यात्रा के साथ की गयी। गांव के ही लोहार घर से माता भगवती की पूजा अर्चना कर सात दिनों के लिये मंडा पूजा स्थल पर स्थापित की गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से टाटी मुखिया कृष्णा पहान, अमित कुमार मिश्रा, गिरिधर मिश्रा, हलधर मिश्रा, जगदीश नायक, विजय कुमार मिश्र, बसंत मिश्र, जय कच्छप, माधुरी देवी, वीणा देवी आदि उपस्थित थे।

## बेड़ो में 24 कुंडीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ की तैयारी जोरों पर

आजाद सिपाही संवाददाता

**महायज्ञ के लिए हरिद्वार से गायत्री परिवार की टीम पहुंच गयी है, 26 से 29 अप्रैल तक होगा आयोजन**

**बेड़ो।** महादानी मैदान बेड़ो में अखिल विश्व गायत्री परिवार, प्रज्ञा मंडल बेड़ो के तत्वावधान में आगामी 26 अप्रैल से आहूत चार दिवसीय 24 कुंडीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ की तैयारी की जा रही है। महायज्ञ के सफल आयोजन के लिए हरिद्वार से गायत्री परिवार की टीम पहुंच गई है। महायज्ञ का आयोजन 26 से 29 अप्रैल तक होगा।

यज्ञ के पहले दिन 26 अप्रैल बुधवार को भव्य कलश यात्रा महादानी मैदान स्थित यज्ञ स्थल से संगीतमय जयघोष और गाजे बाजे के साथ निकलेगी। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से निकलकर स्कूल रोड, महावीर चौक, बाजार टांड़, देवी मंडप व सांई मंदिर रोड होते हुए डुकु तालाब जाएगी। यहां से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जल भर कर यज्ञ स्थल तक पहुंचेगी। कलश यात्रा में प्रखंड क्षेत्र के महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल होंगे। कलश यात्रा के लिए सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।

तय कार्यक्रम के मुताबिक 26 से 29 अप्रैल तक शाम छह बजे से नौ बजे तक शांतिकुंज हरिद्वार से आए विद्वानों का संगीतमय प्रवचन होगा। वहीं सुबह में यज्ञ और विभिन्न संस्कार कराए जाएंगे। 28 अप्रैल को विराट दीपयज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान लोग नशापान सहित अन्य बुराइयों को छोड़ने का संकल्प लेंगे।

यज्ञ की पूणार्हुति 29 अप्रैल को जप, ध्यान, प्रज्ञायोग तथा पूणार्हुति एवं टोलियों को भावभीनी विदाई देकर की जाएगी। साथ ही भंडारा का भी आयोजन किया गया है। यज्ञ को लेकर लोगों में उत्साह है। यज्ञ के सफल आयोजन के लिए लोगों से मदद भी मिल रही है। इस यज्ञ को सफल बनाने में फौजदार पांडेय, राजेश्वर सिंह, रमेश प्रसाद गुप्ता, मनोज बड़ाईक, केशव सहित ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

## लापुंग में युवती की पत्थर से कूचकर हत्या



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोईनारा में सुशांति कुमारी उम्र करीब 20 वर्ष, पिता बुधवा उरांव की पत्थर से कूच कर हत्या की गयौ। उसका अर्धनग्न शव एक टांड़ से बरामद किया गया। आशंका व्यक्त की जा रही है कि उस लड़की के साथ बलात्कार कर उसका साक्ष्य छुपाने की नियत से उसकी हत्या कर दी गयी है। लापुंग थाना प्रभारी सुकुमार हेमरोम ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। लापुंग पुलिस हत्या के कारणों की जांच कर रही है। अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## श्री श्री 1008 शिवजी और बजरंग बली मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ 5 मई से

आजाद सिपाही संवाददाता



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के ददगो गांव में नवनिर्मित श्री श्री 1008 शिवजी व बजरंग बली मंदिर का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन आगामी 5 मई शुक्रवार से शुभारंभ किया जाएगा।

वहीं तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान में 5 मई दिन शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा, पंचांग पूजन व मंडप प्रवेश, अग्नि स्थापना, 6 मई को वेदी पूजन हवन व 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का शुभारंभ तथा 7 मई को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, हवन, पूणार्हुति व भंडारे का वितरण किया जाएगा।

इधर शिवजी व बजरंग बली की भव्य मंदिर व प्रतिमा श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

वहीं तीन दिवसीय धर्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में भोले उरांव, रामू उरांव, महेश्वर दास, भरत दास, महेश उरांव, सोमा उरांव, संजय उरांव, नकुल सिंह, सागर दास, कलेश्वर दास, देव दास, सुखदेव उरांव, अजय सिंह, महेश कुजुर, गोपीनाथ बड़ाईक, रमेश दास, बाल सिंह बड़ाईक, मंगल उरांव, तेलगा उरांव, बिन्नी उरांव व धनई भगत समेत दर्जनों ग्रामीण सराहनीय योगदान दे रहे हैं।

## नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा सह चश्मा वितरण शिविर 30 को

**गुमला (आजाद सिपाही)।** बाबा भगवान राम ट्रस्ट ब्रह्मनिष्ठालय सोगड़ा आश्रम, जशपुर (छ.ग.) एवं श्री सर्वेश्वरी समूह प्रार्थना गृह, शाखा गुमला के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 30 अप्रैल रविवार को गुमला प्रखंड अंतर्गत कसीरा गांव में अवस्थित डॉ. एस.एन. साहू मेमोरियल स्कूल के प्रांगण में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा सह चश्मा वितरण शिविर का

### परेशानी : बेड़ो के मासू में नहीं थम रहा हाथियों का उत्पात

# हाथियों ने पांच किसानों की फसलों रौंदकर किया बर्बाद

**जंगली हाथियों के चलते ग्रामीण शाम होते ही अपने घरों में दुबक जाने को विवश हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड के मासू गांव में दो जंगली हाथियों ने रविवार की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे उत्पात मचाते हुए गेहूं व सब्जी की फसलों को खाकर व रौंद कर बर्बाद कर दिया। जहां दो विशालकाय जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाते हुए मासु गांव के बीरू उरांव, अंगनी उराईन, पंचम कच्छप व सुकरा उरांव के गेहूं, मिर्चा व कद्दू की फसल व सब्जी को खाकर व रौंद कर बर्बाद कर दिया। इसके बाद हाथियों ने प्रदीप गोप के मकई व व खीरा को खाकर व रौंद कर बर्बाद कर दिया। वहीं खेतों में रौंदी गयी फसलों को देखकर किसान कराह रहे हैं। इधर जंगली हाथियों के चलते ग्रामीण शाम होते ही अपने घरों में दुबक जाने को विवश हैं। साथ ही गांव के ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर हैं। वहीं सांसद, विधायक व विभाग के अधिकारी उदासीन हैं। इधर आए दिन हाथियों ने खेतों में लगी सब्जियों व फसलों को खाकर व रौंदकर नुकसान पहुंचाया है। इधर किसानों की तैयार फसल बर्बाद होने से उन्हें चिंता सता रही है कि दुकानदारों व बैंक का कर्ज कैसे चुकता करेंगे? वहीं गांव के समाजसेवी संजय उरांव का कहना है कि हाथियों द्वारा ग्रामीणों के प्रत्येक वर्ष लाखों रुपये के घर व फसल बर्बाद कर दिया जाता है। सबसे दुखद बात यह है कि हाथियों के खौफ से ग्रामीणों को निजात दिलाने के लिए प्रशासन एवं वन विभाग द्वारा कोई सार्थक पहल नहीं किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में प्रशासन एवं विभाग के प्रति रोष व्याप्त है। इधर ग्रामीण किसान प्रशासन तथा वन विभाग से जंगली हाथियों को भगाने व इनके उत्पात से निजात दिलाने की मांग कर रहे हैं।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए सांसद प्रतिनिधि ने दो टीबी मरीजों को लिया गोद




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** देश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के लिये खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह ने अपना योगदान दिया है। उन्होंने सोमवार को नामकुम बाजार स्थित सांसद समाधान केंद्र में केंद्र सरकार की योजना प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मरीज सिमोन तिर्की और दिलीप कोरियार को उनके बेहतर स्वास्थ्य बनाये जाने के लिये गोद लिया। साथ ही प्रोटीन आहार के तहत चना, गुड़, अंडा, दाल, बादाम, सोयाबीन बरी दिया। इस अवसर पर प्रमोद सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री के वर्ष 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने के लिये प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मरीजों को बेहतर इलाज के साथ पोषण मिलेगा। इसके अलावा मरीजों व परिवारों का भार भी कम होगा। इस मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ नीलम माईकल, एसटीएस सुशांति तिर्की, एसटीएलएस रेनू सिंह, अंजना मेरी टोप्पो, उमाकांत राय, गोरखनाथ सिंह, दिलीप साहू, एनपी सिन्हा, सुदीप खलखो मौजूद थे।

## डीएलएड के परीक्षा परिणाम में कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर्स एजुकेशन के विद्यार्थियों ने लहराया परचम



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा जारी 2020/22 के डीएलएड के परीक्षा परिणाम में कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर्स एजुकेशन के विद्यार्थियों का रिजल्ट शत प्रतिशत सफल रहा है। छात्रा मोनिका जेनिता तिर्की 81.78% अंकों के साथ संस्थान में टॉपर व प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, होलिका कुमारी 80.28 के साथ द्वितीय एवं ओंसी जेनिथ तिग्गा 80.07 अंक लाकर तृतीय स्थान पर रही। परीक्षा नियंत्रक प्रो. सत्येष सिंह ने बताया की परीक्षा में शामिल हुये कुल 41 विद्यार्थियों में से 23 विद्यार्थियों ने डिंस्टिक्शन मार्क्स के साथ सफलता प्राप्त किया है। संस्थान के सचिव नवनीत सिंह, प्राचार्य डॉ रविन्द्र कुमार, संयोजक संजीव कुमार तिवारी, डीएलएड विभागाध्यक्ष डॉ रेणु आदि शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही बेहतर परीक्षा परिणाम के लिये शिक्षकों की सराहना की।

## राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर राउमवि चचगुरा के विद्यार्थियों ने स्वच्छता संबंधी प्रभातफेरी निकाली

**इटकी (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के मौके पर राउमवि चचगुरा के विद्यार्थियों द्वारा पोषक क्षेत्र में प्रभात फेरी निकाली गयी व स्वच्छता संबंधी शपथ लिये गये। प्रभातफेरी में शामिल विद्यार्थी अपने हाथों में स्वच्छता से संबंधित तख्तियां लिए हुए थे व इससे संबंधित नारे भी लगा रहे थे। कार्यक्रम में पंचायत के मुखिया रजनी उरांव, ग्राम प्रधान सुखदेव उरांव, प्रधानाध्यापक राजकुमार रजवाड़, आदित्य कुमार, संगीता मिंज, आशा कुमारी, महादेव सिंह, महिंद्र गोप, पंकज साहू सहित अन्य शामिल थे।

## नीरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस मनाया गया



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में पृथ्वी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः प्रार्थना सभा में छात्रों द्वारा शपथ से हुई। कबाड़ से जुगाड़ के कॉन्सेप्ट से बच्चों को नये-नये मॉडल को विकसित कर दिखाया गया। प्राचार्य किरण यादव ने 'प्रत्येक दिन गो ग्रीन' को अपनाने की बात कही। उन्होंने आज के प्रदूषण भरे वातावरण में पेड़ों की महत्ता पर चर्चा की। तदुपरांत जन जागृति से जुड़े कई कार्यक्रम यथा धरती से जुड़े क्विज, धरा को बचाने की शपथ ग्रहण इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका सुष्मिता मुखर्जी सहित अन्य शिक्षकों की भूमिका रही।

## चाचा की हत्या में भतीजे को आजीवन कारावास, 50 हजार का जुर्माना

**गुमला (आजाद सिपाही)।** एडीजे वन दुर्गेशचंद्र अवस्थी की अदालत ने सिसई लालमाटी निवासी संदीप उरांव को अपने चाचा दशु उरांव की हत्या के आरोप में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर दो साल अतिरिक्त सजा भुगतना पड़ सकता है। इस मामले में सरकारी पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक मोहम्मद जावेद हुसैन ने पैरवी की। घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार घटना आठ जुलाई 2020 की है। इस मामले में मृतक दशु उरांव की पत्नी दुखनी देवी ने आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें बताया गया है कि उसके जेठ हिंदू उरांव की मौत होने के बाद उसकी पत्नी को मेरे पति घर में रख लिये थे। घटना के दिन जब दशु उरांव अपने कमरे में सोने के लिये चला गया। उस समय मेरे जेठ का लड़का संदीप उरांव उसके कमरे में आया और दशु उरांव के साथ मारपीट करने लगा। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गये और कुछ देर बाद उनकी मौत हो गयी थी।फीक, सचिन, नीरज, हर्षिकेश, रोशन आदि लोग मौजूद थे।

## ऑटो से धक्का लगने के विवाद में चाकू से हमला, एक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** शहर के राजटोली मुहल्ला में सुहैल खान नामक एक युवक को टेंपों से धक्का लगने के बाद हुए विवाद में चाकू से हमला कर घायल कर दिया गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे थाना पहुंचाया गया। जहां से उसे अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचा कर इलाज कराया गया। घायल युवक के भाई वकार युनूस ने हुसैनाबाद थाने को आवेदन देकर बताया कि राजटोली मुहल्ले में इमाम चौक के पास सुहैल खान नामक युवक खड़ा था। इसी बीच 12.30 बजे शकील अहमद नामक युवक ऑटो लेकर आया और उनके भाई सुहैल खान को टक्कर मार दी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच बहस हो गई। तभी शकील अहमद का भाई इमरान अहमद, इरफान अहमद व आदिल अहमद वहां पहुंचे और सुहैल के साथ मारपीट की। यही नहीं, वहां तरबूज के ठेला से चाकू उठाकर सुहैल पर ताबड़तोड़ वार कर उसे घायल कर दिया। इसके बाद उसे थाना ले जाया गया। आवेदन में कहा कि शकील खान और उनके भाइयों ने जान से मारने की नियत से सुहैल पर चाकू से वार किया। सभी आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करने की भी मांग की है। वहीं, थाना प्रभारी जगरनाथ धान ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। इसके बाद कार्रवाई की जायेगी।

## कार दुर्घटनाग्रस्त, बाल-बाल बचे सवार



आजाद सिपाही संवाददाता

**सतबरवा/पलामू।** राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)- 39 पर सोमवार को अपराह्न तीन बजे पोखरा गांव के नहर मोड़ के पास एक कार और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। ट्रक के धक्के से कार के परखच्चे उड़ गये और वह सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। हालांकि उक्त हादसे में कार में सवार सभी लोग बाल-बाल बच गए। उन्हें हल्की-फुल्की चोटें आई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कार में 4-5 लोग सवार थे, जिन्हें दुर्घटना के बाद मेदिनीनगर एमएमसीएच भेज दिया गया है। लोगों ने यह भी बताया कि कार का एयर बैग खुल जाने के कारण उसमें सवार लोगों की जान बच गयी।

## गोमिया में रामलीला महोत्सव का आयोजन



**गोमिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत पलिहारी गुरुडीह पंचायत के नेहरू ग्राउंड में धर्म प्रचारक मंडल तीर्थराज प्रयागराज की ओर से आयोजित रामलीला महोत्सव के चौथे दिन रविवार को रावण बाणासुर संवाद, सीता स्वयंवर, लक्ष्मण जनक संवाद, धनुष त्रिखंडन, सीता जयमाला आदि का मंडली के कलाकारों द्वारा आकर्षक रूप में नाट्य मंचन प्रस्तुत किया गया। इस नौ दिवसीय रामलीला नाट्य मंचन को देखने के लिए काफी संख्या में महिला पुरुष पहुंचते हैं। प्रतिदिन संध्या 7.30 बजे से रात 10.30 बजे तक मंडली के कलाकारों द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति होती है। यहां मंडली के मैनेजर राजेंद्र कुमार शास्त्री ने बताया कि पुरानी संस्कृति की नाट्य परंपरा विलुप्त होती जा रही है। ऐसे नाट्य मंचन के माध्यम से समाज में अच्छे संस्कार की वृद्धि होती है। गोमिया में यह धार्मिक कार्यक्रम विगत 4 वर्षों से लगातार आयोजित होते आ रहा है। उन्होंने इस पुरानी संस्कृति को बरकरार रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि मंडली के कलाकारों के उत्साह वर्धन के लिए समाज के अग्रणी लोगों को बढ़ चढ़कर सहयोग करने की आवश्यकता है। मंडली द्वारा इस नेक काम के लिए आर्थिक सहयोग करने की अपील भी की, ताकि हिंदू संस्कृति और सभ्यता के प्रचार प्रसार में लगे लोगों का हौसला कमजोर ना पड़े।

### झारगड़ा पंचायत सचिवालय में ग्राम सभा का आयोजन

## विकास योजनाओं में किसी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं : अशोक

**15वें वित्त आयोग और मनरेगा कार्यों को लेकर हुई चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड अंतर्गत झरगडा ग्राम पंचायत के पंचायत सचिवालय में पंचायती राज विभाग के आदेशानुसार ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुखिया अशोक चौधरी, उप मुखिया अजय यादव, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य एवं ग्रामीण जनता मौजूद थे। बैठक में विस्तार से 15 वें वित एवं मनरेगा योजनाओं के संबंध में चर्चा की गई। मुखिया अशोक चौधरी ने कहा कि वार्ड सदस्य व ग्रामीण जनता से मिली सूचना के आधार पर विकास कार्य की रूपरेखा तैयार की गई है। 100 फीसदी काम झरगड़ा पंचायत क्षेत्र में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना के तहत अधिक से अधिक लोगों के लिए रोजगार सृजन हो इस पर तेजी से कार्य करने की जरूरत है। 15वें वित्त की राशि से ग्रामीणों के उचित मार्गदर्शन में विकास कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंचायत में चल रही विकास योजनाओं में कोई भी गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं कि जाएगी।



बैठक में शामिल मुखिया व ग्रामीण।

## राष्ट्रीय एकता, अखंडता व स्वाभिमान के प्रतिपूर्ति के रूप में हमेशा याद किये जायेंगे बाबू कुंवर सिंह : प्रेमतोष सिंह

**मनाया गया वीर कुंवर सिंह की जयंती सह विजयोत्सव**

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर/पलामू।** नगर पंचायत क्षेत्र के डाकबंगला रोड स्थित कोयल कम्यूनिटी हॉल में रविवार को स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती सह विजयोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में क्षत्रिय जागृति मंच के संस्थापक प्रेमतोष कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह व नौडीहा पंचायत के मुखिया हरेंद्र सिंह आदि शामिल हुए। सभी ने वीर कुंवर सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उक्त सभा का संचालन गुड्डू सिंह ने किया। इस मौके पर क्षेत्रीय जागृति मंच के संस्थापक प्रमतोष सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय एकता, अखंडता और स्वाभिमान के प्रतिमूर्ति के रूप में बाबू वीर कुंवर सिंह को हमेशा याद किया जाएगा। वहीं छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र के सम्मानित क्षत्रिय समाज के लोगों ने इस कार्यक्रम में पहुंच कर अपने कुशल सेनापति और महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती मनाते हुए एक स्वर में कहा कि समाज के वैसे लोग जो आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी का दंश झेल रहे है या अन्य कई प्रकार के सामाजिक उत्पीड़न का शिकार होते है वैसे लोगों को सहयोग करने का संकल्प लें। वहीं कुंवर सिंह को सच्ची श्रद्धांजली होगी। इस मौके पर सभी वक्ताओं ने बाबू वीर कुंवर सिंह के विचारों पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में भाजपा के पलामू जिला उपाध्यक्ष अरबिंद सिंह, रामप्रवेश सिंह, बैजनाथ सिंह, कामख्या नरायण सिंह, अनिल सिंह, विश्वनाथ सिंह, अरुण कुमार सिंह उर्फ कुंजू सिंह, दीपू सिंह, मित्तल सिंह, सिंटू सिंह, अमित कुमार सिंह, धीरज सिंह, अरुण सिंह, विजय सिंह, मोनू कुमार सिंह, सोनू सिंह, जग्गू सिंह समेत सैकड़ों क्षेत्रीय समाज के लोग उपस्थित थे।



## सरकारी योजनाओं में सरकार के लोग ही बन रहे बाधक : कुमार जयमंगल



**प्रखंड कार्यालय में बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने लगाया जनता दरबार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** बेरमो प्रखंड कार्यालय में विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने सोमवार को विधायक कक्ष का उद्घाटन किया। साथ ही परिचात्मक बैठक भी की। बेरमो विधायक ने जनता दरबार लगाकर वहां मौजूद सभी लोगों की समस्याओं को सुना। विधायक ने कहा कि एक निमावली के तहत जो योजनाएं चल रही उसका एक मापदंड के तहत एक प्राकलन तैयार किया है। हर महीने प्रखंड कार्यालय में जनता दरबार लगाएंगे जिससमें सभी अंचल, स्वास्थ विभाग, पीएचडी, ऊर्जा विभाग, सीसीएल, डीवीसी के अधिकारी मौजूद रहेंगे। सभी मिलकर जो भी समस्या है उसका समाधान कर सकते हैं। उसको तत्काल करने की प्रयत्न किया जाएगा। इसके लिए हमलोगों ने अगले महीने की 26 मई की तिथि बैठक के लिए तय किया गया है। बैठक के तहत जितना ज्यादा हो सके समस्या का समाधान करने का प्रयत्न किया जाएगा। 2013-14 में बेरमो के प्रत्येक इलाके में इंदिरा आवास योजना देने में हमें किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो रही थी पर अब इस योजना को देने में सीसीएल के कहने के बावजूद प्रधानमंत्री आवास आवंटित करने में दिक्कत क्यों हो रही है। बीएंडके एरिया में नगर को 11 एनओसी दिया है। बाकि सभी एरिया एनओसी नहीं दे रहे है। जबकि यह सरकारी योजना है और सरकार के ही लोग इसे रोक रहे हैं। बिना लिखित आदेश पर सीसीएल के अधिकारी रोक रहे हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। हमलोगों ने यह निर्णय लिया है कि अगली बार जब यह योजना का सर्वे होगा तो ज्यादा से ज्यादा सीसीएल तीनों क्षेत्र और डीवीसी में यह योजना की संख्या को कैसे बढ़ा सके उस पर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि बेरमो ब्लॉक के बीडीओ, सीओ सहित सभी अधिकारियों का सहयोग मिल रहा है। सभी अच्छा काम कर रहे हैं। अगर इसी तरह हम मिल जुल कर काम करेंगे तो आने वाले चुनाव में सरकार को सफलता जरूर मिलेगी। इस मौके पर बीडीओ मधु कुमारी, जेएसएलपीऐस अधिकारी अंजना सिंह, नप उपाध्यक्ष छेदी नोनिया, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, अरुण सिंह, संतन सिंह, उत्तम सिंह, परवेज अख्तर सहित पंचायत के कई मुखिया लोग उपस्थित थे।

## जरीडीह बाजार में मनायी गयी भामाशाह की जयंती

**बेरमो (आजाद सिपाही)। तेली साहू समाज के लोगों की ओर से जरीडीह बाजार के भामाशाह भवन में भामाशाह जयंती समारोह मनायी गयी। भामाशाह की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तेली साहू समाज के जरीडीह पंचायत के अध्यक्ष अनूप कुमार साव ने संपूर्ण तेली समाज के एकजुटता पर बल देते हुए समाज के सभी लोगों को एक धागे में पिरोने का आग्रह किया।**

### विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम का पर्यावरणविद ने वृक्षों पर रक्षाबंधन कर किया समापन

## जल संकट के निदान के लिए सभी को युद्धस्तर पर करना होगा पौधरोपण: कौशल

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर व पार्क परिसर में विश्व पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण धर्म के तहत दो दिवसीय गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पलामू में बढ़ते तापमान पर चिंता व्यक्त किया। कहा कि वह दिन दूर नहीं जब पलामू प्रमंडल के लोग खुद जिला छोड़कर भागने पर विवश हो जाएंगे। उन्होंने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ वन वृक्षों पर रक्षाबंधन कर उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाई।उन्होंने कहा कि एक तो पलामू से होकर कर्क रेखा गुजरने के कारण इसे पहले से ही ब्लैक शैडो जोन में रखा गया है। दूसरी तरफ वनों के बेतहाशा कटने से पत्थर पहाड़ नंगे होने के कारण प्रचंड गर्मी अचानक बढ़ी है। जिससे पलामू की धरती और आकाश में गर्मी का सुनामी आया है। यही कारण है कि पलामू देश का नंबर वन तापमान वाले जिले की सूची में शामिल हो गया है। वहीं, छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि प्रचंड गर्मी से जान बचाने के लिए लोगों को अपना धर्म के साथ पर्यावरण धर्म को अपनाकर पौधा लगाना होगा। वहीं, मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क व जैविक उद्यान के अध्यक्ष अरुण कुमार जायसवाल ने कहा कि जिस प्रकार डाली बाजार में उनके पूजनीय पिताजी की ओर से पार्क लगाए गए है उसी तरह सरकार प्रत्येक गांव में पार्क विकसित करे। इससे गर्मी भी घटेगी और वर्षापात भी बढ़ेगा। बीपीएसए संस्था की प्रधान सचिव सह पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने पर्यावरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जंगल में पानी के अभाव के कारण जंगली जानवर गांव में आ रहे हैं। यह काफी चिंताजनक है। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ताओं में मंडल डैम के इंजीनियर धर्मेंद्र सिन्हा, मिट्ठू सिंह, पूर्व उप मुखिया अफजाल अंसारी, जुबेर अंसारी, पिंकी देवी सिंह, हेमा सिन्हा, कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल, आराध्या, आशिका, रामू, छोटू के साथ इस अवसर पर भारी संख्या में पर्यावरण प्रेमी ग्रामीण उपस्थित थे।



पेड़ों पर रक्षासूत्र बांधकर कार्यक्रम का समापन करते पर्यावरणविद कौशर किशोर व अन्य।

# स्पोर्ट्स



भारतीय क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर के 50वें जन्म दिन पर ऑस्ट्रेलिया के सिडनी क्रिकेट ग्राउंड ने सम्मान देते हुए सचिन तेंदुलकर और वेस्ट इंडिज के धाकड़ बल्लेबाज रहे ब्रायन लारा ने नाम पर गेट का अनावरण किया।

### 50वें जन्मदिन पर सचिन को एससीजी ने दिया सम्मान

## तेंदुलकर और ब्रायन लारा के नाम पर रखे गये मैदान के गेट

एजेंसी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) ने सोमवार को सचिन तेंदुलकर और ब्रायन लारा के नाम पर गेट के सेट का अनावरण किया। एससीजी ने सोमवार का ही दिन इसलिए चुना क्योंकि, क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर का जन्मदिन था। साथ ही इसी दिन यानी 24 अप्रैल 1993 में ब्रायन लारा ने अपनी 30वीं सेंचुरी भी पूरी की थी। दोनों प्लेयर डोनाल्ड ब्रैडमैन, एलन डेविडसन और न्यूसाउथ वेल्स के खिलाड़ियों के साथ सिडनी क्रिकेट ग्राउंड द्वारा सम्मान पाने वालों की लिस्ट में शामिल हो गए है। उन्होंने 277 रन की पारी खेली थी।



### इन्हीं गेट से सभी खिलाड़ी करेंगे प्रवेश

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुताबिक, खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर और ब्रायन लारा मैदान में प्रवेश करेंगे। गेट पवेलियन और डॉन ब्रैडमन स्टैंड्स के बीच है।



### सिडनी क्रिकेट ग्राउंड सचिन का पसंदीदा

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सचिन ने कहा था कि, भारत के बाहर सिडनी क्रिकेट ग्राउंड उनका पसंदीदा स्टेडियम है। वहीं, सचिन ने गेट पर कहा कि, सैंडी से मेरी कई यादें जुडी हुई है। तब से जब मैं 1991-92 में पहली बार ऑस्ट्रेलिया गया था। गेट का नाम मेरे और लारा के नाम पर होना सम्मान की बात है।

### सम्मान पाकर खुश हूं : लारा

वहीं, वेस्टइंडीज के दिग्गज खिलाड़ी ब्रायन लारा ने कहा कि बहुत खुश हूं। मुझे लगता है कि सचिन भी खुश होंगे। मेरी सिडनी से बहुत यादें है। मैं परिवार के साथ छुट्टियों में ऑस्ट्रेलिया जाता हूं।

### इन्होंने किया अनावरण

गेट्स का अनावरण, सिडनी क्रिकेट ग्राउंड के अध्यक्ष रॉड मैकगॉच ने किया। उनके साथ उएड केरी माथेर के साथ-साथ क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के उएड निक हॉक्ले भी मौजूद थे।

## विश्व कप में रिकर्व तीरंदाजी टीम को रजत

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय रिकर्व तीरंदाजी टीम को रविवार को यहां विश्व कप स्टेज-1 के फाइनल में चीन के खिलाफ शूटऑफ में नजदीकी अंतर से हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। पिछले 13 साल में पहला विश्व कप स्वर्ण जीतने की दावेदारी में उतरी भारतीय टीम में तरुणदीप राय, अतानु दास और धीरज बोमादेवरा ने 0-4 से पिछड़ने के बाद स्कोर को बराबर किया और मुकाबले को शूटऑफ में ले आए। उसके बाद भारतीय तिकड़ी को 4-5 (54-55, 50-56, 59-58, 56-55, 28-28) से हार का सामना करना पड़ा। चीनी टीम में ली झोंगगुवान, जियांगशुओ और वेई शाओक्सू ने नाटकीय ढंग से जीत हासिल की। उसके बाद रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा में सेना के तीरंदाज धीरज ने कजाखस्तान के इलफात अब्दुलिन को 7-3 से हराकर कांस्य पदक के रूप में दूसरा पदक दिलाया।

## टेनिस के बाद अब एक्टिंग में हाथ आजमाने को तैयार सानिया मिर्जा

**मुंबई (एजेंसी)।** सानिया मिर्जा स्पोर्ट्स जगत का जाना माना नाम हैं। सानिया को लोगों ने अक्सर टेनिस कोर्ट में ही देखा होगा। उनके खेल ने हमेशा भारत का नाम गर्व से ऊंचा किया है। हालांकि अब सानिया मिर्जा ने अपने खेल से रिटायरमेंट ले लिया है और अपने बच्चे की देखभाल पर पूरा फोकस कर रही हैं। इसी बीच यह खबर आ रही है कि सानिया मिर्जा जल्द ही एक्टिंग में भी हाथ आजमाएंगी।



### क्या है मामला

सूत्रों की मानें तो छोटे पर्दे की जानी मानी प्रोड्यूसर एकता कपूर अपने डेली सोप को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं। इस समय एकता अपने सीरियल **बेकाबू** का जोर-शोर से प्रमोशन करने में लगी हुई हैं। इस शो के जरिए शालीन भनोट भी काफी दिनों के बाद छोटे पर्दे पर वापसी करने को तैयार बैठे हैं। एकता कपूर का यह शो कुछ समय पहले ही लॉन्च हुआ है। शालीन के अलावा इस शो में ईशा सिंह भी साथ नजर आएंगी। अब जो बड़ी खबर आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक सानिया मिर्जा भी जल्द ही इस शो का हिस्सा बनने जा रही हैं और जल्द ही शो की शूटिंग भी शुरू करेंगी। सानिया ने खेल जगत में तो खूब नाम कमाया है, लेकिन अब वह एक टीवी शो को प्रमोट करती हुई नजर आएंगे और यह शो कोई और नहीं बल्कि बेकाबू होने वाला है। कुछ दिन पहले ही सानिया मिर्जा ने अपना एक चैट शो **द हैंगआउट** शुरू किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सानिया इसी शो में शालीन भनोट और ईशा सिंह के साथ अपने सीरियल का प्रमोशन करती नजर आएंगी। यही नहीं, इस समय आईपीएल के क्रेज को देखते हुए मेकर्स ने यह भी फैसला किया है कि वह अपने शो को आईपीएल मैच के दौरान प्रमोट करेंगे। बात करें शालीन भनोट और ईशा सिंह के वर्क फ्रंट की तो अभिनेता को आखिरी बार बिग बॉस 16 में देखा गया था, जबकि ईशा ने इससे पहले सिर्फ तुम में विवियन डीसेना के साथ काम किया था।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 25 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in



### डीवीसी ने किया टैंकर पेयजलापूर्ति का शुभारंभ, हरी झंडी दिखा संकटग्रस्त गांवों के लिए रवाना किया

# स्वच्छ पानी को तरस रहे लोगों के लिए टैंकर संजीवनी की तरह: अपर्णा सेनगुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** डीवीसी मैथन परियोजना की ओर से नैगम सामाजिक दायित्व के तहत सोमवार को पेयजल संकटग्रस्त ग्रामों में टैंकर द्वारा पेजलापूर्ति का शुभारंभ किया गया। निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता एवं दामोदर घाटी निगम के कार्यकारी निदेशक (असैनिक) सह मैथन के परियोजना प्रधान अंजनी कुमार दूबे ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर पेयजलापूर्ति टैंकर को क्षेत्र में रवाना किया। मौके पर मौजूद परियोजना प्रधान ने विधायक को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते हुए जन्मदिन कि बधाई दी। कहा कि आज के पुनीत अवसर पर हमें पुनीत कार्य करने का मौका मिला है। अपने स्वागत भाषण के दौरान नैगम सामाजिक दायित्व मैथन के प्रवंधक डॉ कौशलेन्द्र कुमार ने कहा कि डीवीसी कर्मियों को सूखाग्रस्त इलाकों में लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने का मौका मिला है। बताया कि डीवीसी अपने निर्माणकाल से आसपास के क्षेत्रों में ग्रामीणों के सहयोग को लिए सदैव तत्पर रहती है। पिछले कई वर्षों से सूखाग्रस्त क्षेत्रों में पेयजल मुहैया करवाती आ रही है। टैंकर से मंगलमारा, टुनापारा, सिंघबस्ती, पोड़ाडीहा, गोंगना, पोइलाडीह, मेढ़ा बौरिपारा, बनमेढ़ा आदि सभी पेयजल संकटग्रस्त गांवों में पेजलापूर्ति होगी, जो 30 जून तक चलेगी। वहीं, विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने डीवीसी के इस कार्य की प्रशंसा की। कहा कि जहां पानी के बूंद-बूंद के लिए लोग तड़प रहे हैं, वहां डीवीसी के टैंकर से भेजा गया यह जल लोगों को कितनी खुशी देगी। इस मौके पर उप मुख्य अभियंता (असैनिक) रोशन लकड़ा, लोमस कुमार, बंदन रॉय, गार्गी मैत्र, ऋषभ, संजय प्रियदर्शी, गिरिजेश्वर प्रसाद, ब्रजमोहन महतो, संजय राय चौधरी, रविंद्र साहनी और जयशंकर सिंह आदि मौजूद थे।


डीवीसी के पानी के टैंकर को हरी झंडी दिखाकर रवाना करती विधायक अपर्णा सेनगुप्ता व अन्य।

# सड़क निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार और स्थानीय लोग भिड़े, दो घायल

आजाद सिपाही संवाददाता




**झरिया।** लोदना ओपी क्षेत्र के दुर्गा मंदिर से रक्षा काली मंदिर तक लगभग 33 लाख रुपये की लागत से बन रहे सड़क के बगल से नाली निर्माण कराने को लेकर सोमवार की शाम ठेकेदार अजय पासवान और स्थानीय युवक प्रिंस आपस में भिड़ गए। इस दौरान जमकर लाठी डंडे व पत्थरबाजी हुई। घटना में दोनों ही पक्षों के दो लोग घायल हो गए। जिनका इलाज स्थानीय नर्सिंग होम में किया जा रहा है। ठेकेदार अजय पासवान ने बताया कि लोदना मल्लाह पट्टी में सड़क निर्माण के दौरान स्थानीय सागर निषाद अपने रिस्तेदार व कुछ लोगों के साथ आकर जबर्दस्ती सड़क से अपने घर तक नाली निर्माण की बात करने लगा। मना करने पर अचानक लाठी डंडे से हमला कर दिया, जिसमें मेरे रिश्तेदार रविंद्र पासवान बुरी तरह घायल हो गया है। वहीं, दूसरे पक्ष के राममित्र निषाद ने बताया कि मेरे बेटे ने सड़क निर्माण कार्य में अनिमियता व नाली निर्माण की बात कही तो ठेकेदार अजय पासवान के रिश्तेदारों व उनके समर्थकों ने लाठी डंडे से बेटे प्रिंस कुमार को पीट कर घायल कर दिया। साथ ही मुझे और मेरे परिवार की भी पिटाई की। वहीं, खबर पाकर मौके पर पहुंची लोदना ओपी पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी है।

# सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तां हमारा : चेतन जोशी

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय के तपोवन सभागार में सोमवार की सुबह देश के प्रसिद्ध बांसुरी वादक चेतन जोशी ने अपने मधुर बांसुरी वादन से पूरे वातावरण को संगीतमय कर दिया। बतातें चलें कि बांसुरी वादक पंडित चेतन जोशी बोकारो में लगभग 25 वर्षों तक अपनी सेवा दे चुके हैं। खुद उनकी प्रारंभिक शिक्षा बोकारो में ही हुई है। बांसुरी बादन के प्रति इनके लगाव ने ही पंडित चेतन जोशी को देश-विदेश में एक नई उंचाई तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने बच्चों के कई रोचक प्रश्नों का जवाब शानदार एवं सरल तरीके से दिया। कहा कि सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तां हमारा है। पंडित चेतन जोशी को भारत सरकार, झारखंड सरकार एवं कई संगठनों द्वारा सम्मानित किया गया है विद्यालय अध्यक्ष विश्वरूप मुखोपाध्याय, सचिव महेश त्रिपाठी, प्राचार्य सुरज शर्मा ने पंडित चेतन जोशी को स्मृति स्वरूप पौधा एवं पुस्तक भेंट किया। शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। संगीतमय कार्यक्रम के तबला वादक उमेश राठौड़ एवं बांसुरी वादक समीर सेठ को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन सुप्रिया चौधरी ने किया। इस महमोहक संगीतमय अवसर पर कक्षा छठी से आठवीं तक के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकायें उपस्थित थी। इस संगीतमय कार्यक्रम को सफल बनाने में गोपाल चंद्र मुंशी, विकास परिधारिया, रश्मि सिंह, संजीव सिंह, रजनीश चौधरी, रणधीर नारायण, नितिश पाण्डेय ने मुख्य भूमिका निभायी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### स्कूल ऑफ ड्रीमवे में फाइन आर्ट्स कक्षा का उद्घाटन



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** कुमारधुबी स्टेशन रोड स्थित स्कूल ऑफ ड्रीमवे (विद्यालय) परिसर में सोमवार को एकेडमी ऑफ फाइन आर्ट्स क्लास का उद्घाटन चिरकुंडा नगर परिषद अध्यक्ष डब्ल्यू बाउरी और पूर्व अध्यक्ष मुरली तुरी ने संयुक्त रुप से किया। इस दौरान डब्ल्यू बाउरी ने कहा कि बच्चे पढ़ाई के अलावा कला के क्षेत्रों में भी अपना भविष्य बेहतर बना सकते हैं। इसके लिए मेहनत और लगन की जरुरत है। वहीं, बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। जबकि गायिका मुस्कान मालाकार, एंजल साहू, शुभ लक्ष्मी, मनोज बाउरी ने राष्ट्रीय और देशभक्ति गीत गाए। बच्चों द्वारा उकेरी गई एक से बढ़कर एक जीवंत पेंटिंग को स्कूल में लगाया गया। कार्यक्रम का संचालन फाइन आर्ट्स के निदेशक मनोज मालकर ने किया। अंत में बच्चों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया गया। इस मौके पर स्कूल के निदेशक राज नारायण साव, शिक्षक अजहर अंसारी, अग्रिमा सिंह, श्रवण कुमार, प्रभुनाथ पासवान, इंद्रदेव प्रसाद, धनंजय कुमार, नवीन करण, अशोक मालाकार, वाद्य कलाकारों में संतोष रविदास, मुन्ना रविदास, महेंद्र कुमार, गोपी नाथ और गिरी पाल आदि शामिल थे।

### कांड्रा मध्य विद्यालय के छात्रों ने निकाली स्वच्छता रैली



**महुदा (आजाद सिपाही)।** पंचायती राज दिवस पर सोमवार को कांड्रा ग्राम पंचायत की मुखिया रिंकु देवी के नेतृत्व में मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं की ओर से स्वच्छता रैली निकाली गयी। जो अपने पोषक क्षेत्र के महुदा मोड़, कांड्रा उपर टोला, नीचे टोला, हरिजन टोला आदी जगहों का भ्रमण किया। इस दौरान छात्रों ने जन-जन ने ये ठाना है, गंदगी दूर भगाना है, चाहे हो कोई मजबुरी, साफ सफाई बहुत जरूरी, 100 रोगों की एक दवाई, साफ सफाई सफाई, जैसे नारे लगाये। अंत में सभी को स्वच्छता से संबंधित शपथ ग्रहण कराया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधी धनेश्वर महतो, प्रभारी प्रधानाध्यापक मो इरफान अनवर, बिनोद सिंह, विपुल कुमार, डीएलएड प्रशिक्षु छुनू कुमारी, अर्चना कुमारी, अशोक कुमार, सीआरपी बहादुर महतो, वार्ड सदस्य नितू देवी और एसएमसी अध्यक्ष मीना देवी आदि शामिल थीं।

# स्वच्छता के बिना सुंदर पंचायत की कल्पना करना भी बेमानी है: बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**बाघमारा/कतरास।** राष्ट्रीय पंचायती राज स्थापना दिवस पर स्वच्छता पखवारा के तहत बाघमारा प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बाघमारा प्रखंड प्रमुख गीता देवी की अध्यक्षता में स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान बाघमारा बीडीओ सुनील कुमार प्रजापति, सीओ कमल किशोर सिंह, बाघमारा विधायक प्रतिनिधी अनिल उपाध्याय आदि उपस्थित थे। बाघमारा प्रखंड के हर पंचायत को स्वच्छ और सुंदर रखने को लेकर सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छता के वगैर सुंदर पंचायत की कल्पना नहीं की जा सकती है। वहीं, पंचायत समिति की महिला सदस्य ने कहा कि हम अपने पंचायत को कैसे स्वच्छ रख पायेंगे। जब हमलोग कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभागार कक्ष के द्वार के समीप पहुंचे तो हमें दरवाजे पर ही रोक कर सभागार कक्ष की सफाई की गयी। जब हमारा प्रखंड कार्यालय परिसर ही स्वच्छ नहीं रहता है तो पंचायत क्षेत्र कैसे स्वच्छ रहेगा।



स्वच्छता की शपथ लेते बीडीओ व अन्य।

# ट्रेन के दरवाजे पर खड़ा होकर सफर करना पड़ा आरपीएफ जवान को भारी, गिर कर मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** ट्रेन के दरवाजे पर खड़ा होना एक आरपीएफ जवान को भारी पड़ गया। ट्रेन के दरवाजे पर खड़ा जवान धनबाद के बरमसिया के पास अचानक ट्रेन से नीचे गिर गया, जिससे उसके दोनों पैर कट गये। आरपीएफ जवान पर जब ऑनड्यूटी रेल कर्मचारियों की नजर पड़ी तो तुरंत रेलवे अस्पताल ले गये। पर काफी ज्यादा खून बह जाने के कारण घायल आरपीएफ जवान की गंभीर हालत को देखते हुए रेलवे अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे अशर्फी अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि अशर्फी अस्पताल के डॉक्टर भी उसकी जान नहीं बचा पाये और कुछ घंटों में इलाज के दौरान मौत हो गई। म-तक की पहचान रंजीत कुमार के रूप में हुई है। वह बिहार के गया में पोस्टेड था।



### हावड़ा की ओर जा रही ट्रेन में सवार था जवान

रेल कर्मचारियों ने बताया कि गया से हावड़ा की ओर जा रही किसी ट्रेन पर आरपीएफ जवान सवार था। संभवतः सुबह नींद खुलने के बाद वह ट्रेन के दरवाजे पर जाकर खड़ा हो गया होगा। धनबाद स्टेशन से खुलने के बाद ट्रेन जैसे ही बरमसिया पुल की ओर बढ़ी तभी अचानक जवान नीचे गिर गया। संभावना है कि दरवाजे पर खड़े रहने के दौरान उसे झपकी आ गई होगी और वह नीचे गिर गया। जिससे ट्रेन की चपेट में आने से दोनों पैर कर गए। खून से लथपथ हालत में काफी देर तक वह वहीं पड़ा रहा। बाद में ट्रैक पर काम करने वाले कर्मचारियों की नजर पड़ी तो अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई।

### कार के जोरदार टक्कर से बीसीसीएल कर्मी को मौत

**तेतुलमारी/कतरास (आजाद सिपाही)।** तेतुलमारी-भूली मुख्य मार्ग स्थित मैगजीन घर के पास इंद्रा आवास के सामने सोमवार को तेज रफ्तार कार के टक्कर से ड्यूटी पर जा रहे बीसीसीएल कर्मी की मौत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से उसे धनबाद एसएनएमएमसीएच ले जाया गया, जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी पहचान गोना ओरांव (55) के रूप में हुई है। वह निचितपुर टाउनशिप के चौहान पट्टी का रहने वाला था। उधर, घटना के बाद हादसे के लिए जिम्मेदार कार को स्थानीय लोगों ने तेतुलमारी पुलिस को सौंप दिया। बताया कि उक्त कार की रफ्तार काफी तेज थी। बिना नंबर की कार ने मोदीडीह कोलियरी पैदल ड्यूटी जा रहे गोना को कुचल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, पुलिस की मानें तो जब्त कार मोहलीडीह की है। कार की डिक्की से गाड़ी संख्या जेएच 02 एजी 4390 अंकित नंबर प्लेट भी मिला है। बता दें कि कि मृतक की तीन बेटियां है, जिनमें से दो की शादी हो चुकी है। जबकि छोटी बेटी की शादी नहीं हुई है। हालांकि परिवार में इनके अलावा कोई अन्य सदस्य नहीं है। थाना प्रभारी आशीष यादव ने कहा कि शव पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी**

**सूचना**

पी.आर. सं.–295194 Minor Irrigation (23–24) #D के द्वारा प्रकाशित इस कार्यालय के ई. निविदा आमंत्रण सं०–WRD/MID/KHUNTI/$F_2$-4/2023-24 दिनांक–15.04.2023 को अपरिहार्य कारणो से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी

PR 295847 Minor Irrigation(23-24)#D

**समाहरणालय, खूँटी**
**(समेकित जनजाति विकास अभिकरण, खूँटी)**

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

खूँटी जिलान्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में वित्तीय वर्ष 2023–24 में छात्र–छात्राओं के लिए खाद्यान्न सामग्रियों की आपूर्ति हेतु दिनांक **06.05.2023** के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक समेकित जनजाति विकास अभिकरण कार्यालय, खूँटी में मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक **06.05.2023** को अपराह्न 3.00 बजे परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, खूँटी (ITDA) के कार्यालय कक्ष (समाहरणालय भवन, खूँटी, ''ए'' ब्लॉक, कमरा नं0 – 01) में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जायगी, जिसमें निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। आपूर्ति से संबंधित सामग्रियों की सूची एवं निविदा से संबंधित शर्त्तों को आई0टी0डी0ए0 कार्यालय, खूँटी के सूचना पट्ट एवं खूँटी जिला के वेबसाईट www.khunti .nic.in पर देखा जा सकता है।

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, खूँटी

PR 295833 District(23-24).D

### अपर सचिव नेहा अरोड़ा ने किया एमवीएस योजना का निरीक्षण



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जिले के दौरे पर पहुंची पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की अपर सचिव नेहा अरोड़ा ने सोमवार को चास प्रखंड के रानीपोखर पंचायत एवं पेटरवार प्रखंड के पिछड़ी पंचायत में संचालित बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना (एमवीएस) की कार्य प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने संचालित योजना के तहत हुए कार्य और शेष कार्य का क्रमवार जायजा लिया। कार्यपालक अभियंताओं से जानकारी प्राप्त की और विभाग द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर काम पूर्ण करने को कहा। इस मौके पर चास के अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, डीआरडीए निदेशक संजीव कुमार, कार्यपालक अभियंता राम प्रवेश राम एवं कार्यपालक अभियंता शशि शेखर आदि उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनायी गयी वीर कुंवर सिंह की जयंती

# अदम्य साहस, वीरता, त्याग और बलिदान की प्रतिमूर्ति थे बाबू वीर कुंवर सिंह: सुभाष चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बाघमारा/कतरास।** बाघमारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सोमवार को 1857 स्वतंत्रता संग्राम के महानायक वीर कुंवर सिंह की जयंती मनायी गई। आचार्य सुभाष चौधरी, विवेकानंद ओझा और संतोष साहू ने वीर कुंवर सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए आचार्य सुभाष चौधरी ने कहा कि बाबू कुंवर सिंह अदम्य साहस, वीरता, त्याग एवं बलिदान की प्रतिमूर्ति थे। 80 वर्ष की उम्र में भी देश के लिए खुद को समर्पित कर देने की भावना से ओतप्रोत थे। किसी भी काम के लिए उम्र कभी बाधा नहीं बनती। इसके सच्चे उदाहरण बाबू वीर कुंवर सिंह हैं। युवाओं को उनके साहस, पराक्रम और वीरता से प्रेरणा लेनी चाहिए। आचार्य संतोष साहू ने कहा कि वीर कुंवर सिंह की वीरता इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने बाबू वीर कुंवर सिंह के जीवन से संबंधित कविता और कहानियां प्रस्तुत की एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों को अनुकरणीय बताया। इस मौके पर आचार्या अनिता साव, प्रीति, नीतू, आचार्य संजय गोस्वामी, अक्षय तिवारी और शंभू शरण आदि उपस्थित थे।



**ई - प्रोक्योरमेन्ट सेल**
**मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग**
**भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, रांची**

**ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

टेन्डर रेफरेन्स नं0–**BCD/CE/12/Jamtara/2023-24** दिनांक–**21-04-2023**

| Sl. No | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Proposed Construction of Rajkiya Pashu Salya Chikitashalaya and Sub Divisional Pashupalana Office for ,at Jamtara,Jharkahnd | Rs.2,44,42,858.00 | 11 Months |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 27-04-2023 | |
| 3 | वेबसाइट पर बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 10-05-2023 up to 11:00 A.M | |
| 4 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची। | |
| 5 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9631476651 | |
| 6 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9631476651 | |

किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
• अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
*Note: UCAN Registration is mandatory for the Bidders*

नोडल पदाधिकारी
ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय,
कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग,
भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची।

PR.NO.295771 Building(23-24):D

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान जी-20 शिक्षा कार्य समूह की बैठक में हुए शामिल

# अनूठी प्रदर्शनी का उद्घाटन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास तथा उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को तीसरी शैक्षिक कार्य समूह (एडडब्ल्यूजी) की बैठक के अंतर्गत भविष्य के कार्य के बारे में अपनी तरह की एक अनूठी प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के सचिव, अतुल कुमार तिवारी; राजदूत अतुल केशप, अमेरिका-भारत व्यापार परिषद (यूएसआइबीसी) के अध्यक्ष और दक्षिण एशिया में अमेरिका के वाणिज्यिक मंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्रजीत बनजी, भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआइआइ) के महानिदेशक विपिन सोंढ़ी, भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआइआइ) के प्रौद्योगिकी मिशन, नवाचार और अनुसंधान तथा भविष्य के परिवहन फ्यूचर मोबिलिटी पर सीआइआइ मिशन के अध्यक्ष और अशोक लेलैंड और जेसीबी इंडिया के पूर्व प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी और एक्सेंचर रिसर्च के प्रबंध निदेशक राघव नरसाले उपस्थित थे। शिक्षा मंत्री महोदय ने गहरी रुचि के साथ लगभग 70 प्रदर्शकों की प्रदर्शनियों का अवलोकन किया और उनके प्रयासों की सराहना की। प्रदर्शकों में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआइटी) राउरकेला, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) भुवनेश्वर, भारतीय प्रबंधन संस्थान (आइआइएम) संबलपुर, माइक्रोसॉफ्ट, मेटा, संयुक्त राष्ट्र अंतराष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष (यूनिसेफ), राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीइआरटी) और कई अन्य जैसे विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख संस्थान और संगठन शामिल थे। यह विशेष प्रदर्शनी वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआइआर)-खनिज और सामग्री प्रौद्योगिकी संस्थान (आइएमएमटी), भुबनेश्वर, ओडिशा में 23 से 28 अप्रैल तक जी-20 अध्यक्षता के अंतर्गत तीसरी शिक्षा कार्य समूह (एडडब्ल्यूजी) की बैठक के दौरान एक साथ आयोजित की जा रही है। श्री प्रधान ने उद्घाटन के बाद भुवनेश्वर में खनिज और सामग्री प्रौद्योगिकी संस्थान (आइएमएमटी) सभागार में भविष्य के कार्य में उन्नत प्रौद्योगिकी पर ध्यान देने के साथ गहन प्रौद्योगिकी पर एक संगोष्ठी, तीसरी शैक्षिक कार्य समूह की बैठक के पहले अग्रदूत कार्यक्रम को संबोधित किया।



शिक्षा मंत्री महोदय ने बताया कि 1 लाख से अधिक युवाओं ने भारत की जी-20 अध्यक्षता के साथ-साथ भुवनेश्वर में तीसरी शिक्षा कार्य समूह की बैठक के बारे में जिज्ञासा उत्पन्न करने और इसे बढ़ाने के लिए महीने भर चलने वाले जी-20 से संबंधित कार्यक्रमों में भाग लिया है।

### मौके पर ये रहे शामिल

पैनल के वक्ताओं में डॉ. चरण गुरुमूर्ति, फैब्रिकेशन (सेमीकंडक्टर) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स; किशोर बलालजी, कार्यकारी निदेशक, सरकार और नियामक मामले, आइबीएम दक्षिण एशिया, प्रोफेसर श्रीपद कर्मालकर, निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) भुवनेश्वर, कर्नल अमित वर्मा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, भारतीय प्रबंधन संस्थान (आइआइएम अहमदाबाद), निशित गुप्ता, वैज्ञानिक-इ, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार; डॉ. आशुतोष चड्ढा, डायरेक्टर और कंट्री हेड, पब्लिक पॉलिसी एंड गवर्नमेंट अफेयर्स, माइक्रोसॉफ्ट इंडिया; श्री अभिषेक गुप्ता, मुख्य संचालन अधिकारी, युवा, (जेनरेशन अनलिमिटेड) यूनिसेफ; डॉ जी नरहरि शास्त्री, निदेशक, सीएसआईआर-खनिज और सामग्री प्रौद्योगिकी संस्थान (आइएमएमटी) और रोहित गुप्ता, कार्यक्रम निदेशक, अटल इनोवेशन मिशन, नीति आयोग शामिल हुए। कार्य अनुभव क्षेत्र का एक ऐसा अनूठा भविष्य स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य युवाओं को यह प्रदर्शित करना है कि बाजार प्रासंगिक बने रहने के लिए इस अनुभव क्षेत्र में आवश्यक उन्नत तकनीकी कौशल और आसान हस्तांतरणीय कौशल का पूर्वावलोकन प्राप्त करके काम का भविष्य किस प्रकार से विकसित होगा।

# मुख्यमंत्री ने बीजेडी 'शंख भवन' के नये कार्यालय का उद्घाटन किया

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** अक्षय तृतीय के शुभ अवसर पर रविवार को भुवनेश्वर में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में ओड़िशा के लोगों की सेवा के लिए पार्टी अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नवीन पटनायक द्वारा बीजू जनतादल के मुख्य कार्यालय शंख भवन का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर शंख भवन से ओड़िशा के लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शंख भवन उन सभी लोगों के लिए एक सभा स्थल होगा जो ओड़िशा से प्यार करते हैं, जो ओड़िशा के विकास के लिए काम करने में रुचि रखते हैं, उड़िया के स्वाभिमान का सुरक्षा के लिए और एक नये ओड़िशा और एक मजबूत ओडिशा का गठन कर यह साढ़े चार करोड़ लोगों की पसंदीदा इमारत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह शंख भवन ओडिशा की साढ़े चार करोड़ जनता का पसंदीदा भवन होगा। इसमें ओड़िशा के साढ़े चार करोड़ लोग जुटेंगे। ओड़िशा के विकास के लिए समर्पित रहेंगे। उड़िया स्वाभिमान के सुरक्षा के लिए समर्पित होगा।



### आभार व्यक्त किया

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर शंख भवन के निर्माण में योगदान देने वाले श्रमिकों से लेकर वास्तुकारों, युवाओं, छात्रों, महिला कार्यकर्ताओं और नेताओं का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने सभी से सेवा की संस्कृति को आगे बढ़ाने, विकास को आगे बढ़ाने, ओड़िशा मां की महिमा को चमकाने के लिए खुद को समर्पित करने की आह्वान की। गौरतलब है कि उत्कलमणि गोपबंधु दास, उत्कलगौरब मधुसूदन दास, कवि सरला दास, वीर सुरेंद्र साय, बक्शी जगबंधु, भीम भोई, कवि सम्राट उपेंद्र भंज, महाराज कृष्णचंद्र गजपति, शहीद लक्ष्मण नायाक पंडित रघुनाथ मुर्मू, बिरसा मुंडा, रेंडो माझी, धरणीधर भुइयां, मा रामादेवी, पार्वती गिरी, फकीर मोहन सेनापति, गंगाधर मेहेर, कुंतला कुमारी साबत और बाजी राउत जैसे बरपुत्र के नाम यहां पर खोदा जायेगा।

इसके अलावा यहां महात्मा गांधी का प्रसिद्ध तावीज सजाया जायेगा और ओड़िशा के 30 जिलों की प्रसिद्ध वस्तुएं और बेहतरीन कलाकृतियां भी स्थान पायेगा। शंख भवन में हर सप्ताह रक्तदान का कार्यक्रम होगा। साथ ही गरीबों की शादियां एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रम भी नियमित रूप से होते रहेंगे।







## हजारों लाइट्स अभियान: किस की तीन हजार लड़कियों ने बनाया सी 20 लोगो

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (किट) और कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (किस) द्वारा आयोजित लैंगिक समानता और दिब्यांगता पर दो दिवसीय सी 20 वर्किंग ग्रुप समिट के अवसर पर किस की 3,000 छात्रायें एक साथ आयी और किस ग्राउंड में 'टॉर्च' के साथ सी 20 का शानदार लोगो बनाया। सुंदर मानव लोगो का निर्माण 'वन मिलियन लाइट्स' अभियान के विचार पर आधारित है, जिसे 8 मार्च, 2023 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शुरू किया गया था, ताकि उन व्यक्तियों और संगठनों को मान्यता दी जा सके जिन्होंने लैंगिक समानता और अधिकारिता महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सी 20 की अध्यक्ष माता अमृतानंदमयी ने इस विषय के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए इस अखिल विश्व आयोजन के लिए ऑनलाइन नामांकन आमंत्रित किया था। छात्राओं ने अज्ञानता के अंधकार को दूर करने वाले ज्ञान के प्रकाश के प्रतीक उपनिषद के मंत्र 'तमस-ओम ज्योतिर्गमय' की क्रियाओं को प्रकट किया और अपनी रोशनी को नमन किये। किट और किस के संस्थापक, डॉ. अच्युत सामंत ने गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया और बताया कि कैसे किस ने 80,000 स्वदेशी आदिवासी छात्रों के जीवन को बदल दिया है। उन्होंने कहा, किस के मेरे सभी छात्र हीरे की तरह हैं, और हम देखभाल, समर्पण और उत्साह के साथ उनके जीवन को आकार दे रहे हैं क्योंकि मैंने महसूस किया है कि शिक्षा के माध्यम से सशक्तिकरण एक व्यक्ति, विशेष रूप से लड़कियों के जीवन को बदल देता है।

## 35 लाख से ज्यादा किसानों को 441.76 करोड़ रुपये की ब्याज छूट मिली

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने आज लोक सेवा भवन के कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में वर्ष 2022-23 के द्वितीय चरण में प्रदेश की 35 लाख चासियों को 441.76 करोड़ रुपये की ब्याज छूट दी है। प्रदेश के सभी सहकारी बैंकों एवं 2409 प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों को यह छूट राशि दी गई। पहले चरण में 415.17 करोड़ रुपये की ब्याज कटौती दी गयी थी। इस तरह साल 2022-23 में किसानों को कुल 856.99 करोड़ रुपये की ब्याज कटौती मिली। गौरतलब है कि किसानों को एक लाख रुपये तक के फसली ऋण के लिए कोई ब्याज नहीं देना होता है। 35 लाख किसानों में से 30 लाख छोटे और सीमांत किसान हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उपस्थित किसान मित्रों और वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि हमारी अर्थव्यवस्था की आत्मा है। विकास का आधार हमारे नये ओड़िशा, मजबूत ओडिशा के सारथी हमारे किसान, माताएं और युवतियां हैं। इसलिए मैंने हमेशा आपके सशक्तिकरण पर जोर दिया है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि किसानों को सशक्त बनाने के लिए विशेष बजट बनाया गया है। एक लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त कृषि ऋण। किसान परिवारों के कल्याण के लिए कालिआ शिक्षा वृत्ति प्रदान की जाती है। गंजाम के एक किसान परिवार के बच्चे किरण साहू को ब्रह्मपुर मेडिकल कॉलेज में पढ़ने के लिए शिक्षा वृत्ति मिली है, इसके लिए मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओडिशा किसानों को ब्याज मुक्त ऋण देने वाला पहला राज्य है और कालिआ जैसी कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने वाला भी पहला राज्य है। मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आज के ब्याज में कटौती के कारण किसानों को एक रुपये का भी ब्याज नहीं देना पड़ा।
















## पीएम ने पारंपरिक क्रीड़ा महोत्सव आयोजित करने के लिए ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय की पहल की सराहना की

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की समृद्ध खेल परंपराओं और विविधता के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए पारंपरिक क्रीड़ा महोत्सव आयोजित करने के लिए ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय की पहल की प्रशंसा की है। केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. सुभाष सरकार के ट्वीट पर प्रतिक्रिय देते हुए प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया।



'भारत की समृद्ध खेल परंपराओं और विविधता के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए पारंपरिक क्रीड़ा महोत्सव आयोजित करने के लिए ओड़िशा के केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा प्रशंसनीय पहल।'













आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातु, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**